सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची, रविवार
06.10.2024

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

* * नगर संस्करण। khabarmantra.net आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 87 07



शक्ति की मौलिक कल्पना



सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची, रविवार 06.10.2024

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 87 | 07 | शक्ति की मौलिक कल्पना



## मां का चौथा स्वरूप कृष्मांडा



सरल मंत्र- 'ॐ कूष्माण्डायै नमः।।'
वन्दे वांछित कामार्थे
चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
सिंहरूढ़ा अष्टभुजा कूष्माण्डा
यशस्विनीम।।

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-आराधना की जाती है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। मां कुष्मांडा की आराधना करने से जीवन के सभी दुखों का अंत होता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसा माना जाता है कि देवी पार्वती ने सिद्धिदात्री का रूप धारण करने के बाद ऊर्जा और प्रकाश को संतुलित करने के लिए इस रूप को धारण किया था, जो साधक माता रानी के इस अवतार की पूजा करते हैं, उन्हें सूर्य जैसे तेज की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब त्रिदेव ने सृष्टि की रचना करने के बारे में विचार किया, तो उस समय समस्त ब्रह्मांड में घोर अंधेरा छाया हुआ था। पूरा ब्रह्मांड स्तब्ध था। जहां चारों तरफ कोई न कोई ध्वनि थी और न ही राग। तब त्रिदेव ने देवी दुर्गा से सहायता ली। फिर माता दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा ने पूर्ण सृष्टि की रचना की। मां के मुख मंडल पर फैली मंद मुस्कान से समस्त ब्रह्मांड प्रकाशवान हो रहा था। मां कुष्मांडा के मुखमंडल पर उपस्थित तेज से सूर्य प्रकाशवान है। मां सूर्य लोक के अंदर और बाहर सभी जगहों पर निवास करती हैं। मां ने सूर्य समान कांतिमय तेज का आवरण कर रखा है। इस तेज को आवरण जगत जननी आदिशक्ति मां कुष्मांडा ही कर सकती हैं। ऐसा कहा जाता है कि जो लोग माता रानी के इस स्वरूप का ध्यान करते हैं, उनके सभी कष्टों का अंत क्षण भर में हो जाता है।

## दुर्गोत्सव : राज्य का सबसे बड़ा पूजा पंडाल खुला



## नारीशक्ति झामुमो के साथ, फिर सरकार बनायेंगे : कल्पना सोरेन

**खूंटी में मंइयां सम्मान यात्रा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, खूंटी।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि माताओं और बहनों का आशीर्वाद झामुमो के साथ है। झारखंड सरकार झारखंडियों के सपनों को पूरा कर रही है। इससे भाजपा को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, विपक्षी जितना जोर लगा ले, यहां उनकी दाल गलने वाली नही है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बनेगी। कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को क्रांतिकारी कदम बताया। कल्पना सोरेन शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि उलिहातू से दक्षिणी छोटानागपुर



प्रमंडल में मंईयां सम्मान यात्रा में बोल रही थीं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से कल्पना समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। सखुआ के पत्ते से बनी मालाएं और टोपी पहनायी। (शेष पेज 11 पर)

### हेमंत ने कहा जय मंइयां

इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने एक ट्वीट कर कहा, मंईयां सम्मान यात्रा, जन-जन की यात्रा बन चुकी है। पलामू प्रमंडल और कोल्हान प्रमंडल में मंईयां सम्मान यात्रा को जो मेरी माताओं-बहनों का आशिर्वाद मिला है, वह अद्भुत है। आप सभी से आग्रह है इस यात्रा में शामिल होकर राज्य की आधी आबादी को सशक्त करने में सहभागी बनें। जय मंईयां! जय जोहार! जय बिरसा! जय झारखण्ड!

## सीबीआइ के साथ ईडी भी करेगा जांच : हाइकोर्ट

**धनबाद अवैध खनन मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने धनबाद में अवैध खनन के मामले में सीबीआइ के साथ प्रवर्तन निदेशालय (इडी )को भी पीई दर्ज कर प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया है। शनिवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि प्रारंभिक जांच में आरोपों को सही पाये जाने के बाद नियमित प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जाये।

कोर्ट के इस फैसले से अब कई पुलिस अधिकारी फंसते नजर आ रहे हैं। खासकर आइपीएस अधिकारी संजीव कुमार का नाम चर्चा में है। न्यायालय ने सभी पुलिस अफसर को प्रारंभिक जांच में सीबीआई को सहयोग करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने आरूप चटर्जी की ओर से दायर रिट याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के रवैया पर तल्ख टिप्पणी की है। अदालत ने संबंधित याचिका पर सुनवाई के बाद 24 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। इसके बाद 26 सितंबर को सरकार की ओर से आइपीए संख्या 10676 दायर किया गया। इसमें सरकार की ओर से यह कहा गया है की अदालत फैसला सुनाने से पहले आइपीए संख्या 9800 पर फैसला करे। कोर्ट में इस आइए को इस नीयत के साथ दायर किया गया ताकि अदालत मूल याचिका पर कोई फैसला नहीं कर सके। इसलिए अदालत ने इस आइए याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि सरकार की ओर से आइए संख्या 9800 के 14वें पैराग्राफ में सरकार की ओर से यह कहा गया है कि 11 मई 2024 को दायर की गई ऑनलाइन प्राथमिकी में लगे आरोपों की प्रारंभिक जांच भी अब तक पुलिस नहीं कर सकी है। इसमें सरकार की ओर से यह भी कहा गया है कि पुलिस को इस मामले में जांच करने का अधिकार नहीं है।

## टेरर फंडिंग में पांच राज्यों के 22 ठिकानों पर एनआइए रेड

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापामारी की। महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी किये जाने की सूचना है।



जानकारी के अनुसार एनआईए ये कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की जा रही है। एजेंसी ने महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में शनिवार सुबह ही अपने दस्ते के साथ रेड डाली। इसके बाद मौके पर एटीएस की टीम भी पहुंची। रिपोर्ट्स के अनुसार नासिक के मालेगांव में भी एनआईए टीम पहुंची है। यहां मशारिकी स्कॉलर रोड स्थित एक होम्योपैथिक क्लिनिक में छापेमारी की गयी। छापेमारी देर रात तक जारी रही। इस कार्रवाई में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस भी शामिल थी।

## भाजपा के झांसे में न आयें झूठे फार्म भरवा रही : हेमंत

### केंद्र बकाया दे, तो बहनों को देंगे तीन-तीन लाख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार शुरू से ही यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा लगी हुई है। गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को सरकार अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभ दे रही है। महिला सशक्तीकरण को ले कर मंइयां सम्मान योजना हमने शुरू की है।

वहीं भाजपा पर उन्होंने जारदार हमला किया और कहा कि जनता को भरमाने के लिए वे (भाजपा) झूठे वादों की घाषणा कर रही है। उन्होंने कहा, केंद्र पर जो झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है, अगर यह पैसा हमें दे देती है तो राज्य सरकार हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया डाल सकती हैं। झारखंड की जनता भाजपा के जुमलों को समझ चुकी है। झारखंड में उनकी दाल अब गलनेवाली नहीं है। सीएम शनिवार को डिमना, मानगो में एमजीएम पसिर में बने 500 बेड वाले नये अस्पताल भवन के उद्घाटन बाद बालिगुमा में एक जनसभा में बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)



### हमने महिलाओं को दिया सम्मान

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज राज्य की महिलाओं को सम्मान देने के लिए हम मंईयां सम्मान योजना लेकर आये। महिलाओं के खाते में सम्मान राशि जा रही है। दो किस्त जारी की जा चुकी है। हमरी सरकार तीसरी किस्त भी लाखों दीदी-बहनों के खाते में डालने वाले हैं जिससे कि दुर्गा पूजा का त्योहार उत्साहपूर्वक मना सके। उन्होंने कहा कि इस योजना को बंद कराने विपक्षियों ने कोर्ट में आवेदन डाला है। हमारी सरकार स्थानीय लोगों के लिए नोयजन नीति बना रही है, पर विपक्ष के लोग कोर्ट में जाकर असंवैधानिक घोषित करा देते हैं।

## न्यूज डायरी

### हाइकोर्ट के खिलाफ भजंत्री जायेंगे सुप्रीम कोर्ट

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक बार फिर सुर्खियों में हैं। चुनाव आयोग की राज्य सरकार को चिट्ठी के बाद मंजूनाथ भजंत्री सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी सरकार को चिट्ठी लिखकर दी है।

### जंगल से महिला की सिर कटी लाश बरामद

**खूंटी।** जिले के मारंगहदा थाना क्षेत्र में जंगल से एक आदिवासी महिला का सिर कटा शव बरामद हुआ है। सूचना पर पुलिस ने महिला का शव बरामद किया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में आइटीबीपी के 24 जवान घायल

**टिहरी (उत्तराखंड)।** ऋषिकेश गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ताछिला के पास आइटीबीपी की बस पलटने से 24 जवान घायल हो गये। बस में कुल-38 जवान सवार थे। जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के बाद वे उत्तरकाशी जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार ब्रेक होने से ये हादसा हुआ।

### अतुल को धनबाद में मिल गया एडमिशन

**धनबाद।** आखिरकार अतुल को आईआईटी आईएसएम धनबाद में दाखिला मिल गया है। वह शनिवार को आईआईटी आईएसएम पहुंचा। संस्थान की ओर से उसका स्वागत किया गया। एडमिशन मिलने पर अतुल ने सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया है।

## पंचप्रण में भाजपा ने कहा- सरकार बनी तो 500 में गैस सिंलिडर

## युवाओं को हर माह दो हजार, महिलाओं को 2100

- पांच साल में 5 लाख युवाओं को नौकरी
- गरीबों को घर बनाने के लिए मुफ्त में बालू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड भाजपा ने शनिवार को पंचप्रण कार्यक्रम आयोजित कर विधानसभा चुनाव को लेकर पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं जारी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में पंचप्रण जारी किए गये। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मां बहनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है।



### पंचप्रण की अहम घोषणायें

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी। इसके तहत के सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध करायेगी। गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड की हर महिला के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की जायेगी। झारखंड में सुनिश्चत रोजगार योजना के तहत युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जायेगी। कैबिनेट की पहली बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया पर मुहर लगेगी, ताकि नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जाये। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जायेगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जायेगा। अपना कैपियर शुरू कर रहे युवाओं को हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को भाजपा दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। इससे उन्हें अपनी पढ़ाई और करियर के खर्चों में मदद मिलेगी।

(शेष पेज 11 पर)

## सुरदा माइंस में खनन शुरू, सौ करोड़ राजस्व की होगी प्राप्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** घाटशिला के सुरदा माइंस फिर से खनन शुरू हो गया है। अनुमंडल स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मुसाबनी सुरदा माइंस का केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे और झारखंड सरकार के मंत्री रामदास सोरेन ने उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद थे। इससे 100 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति होगी। केंद्रीय मंत्री ने सभा स्थल पहुंचने पर सबसे पहले कंपनी के पदाधिकारी के साथ पौधारोपण किया। बाद में सभा को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तांबे के मामले में देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विभिन्न करों के रूप में 100 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। सुरदा खान से उत्पादन प्रारम्भ होने से भारी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। भविष्य में सुरदा खान की क्षमता को 0.4 मिलियन टन से बढ़ा कर 0.9 मिलियन टन प्रति वर्ष किया जायेगा। झारखंड सरकार ने 6 जनवरी, 2022 को 20 वर्षों के लिए सुरदा खदान के लीज की अनुमति प्रदान की थी। कुछ तकनीकी एवं वैधानिक खामियों के कारण सुरदा खदान से उत्पादन प्रारम्भ नहीं हो सका। अंततः कंपनी पदाधिकारियों द्वारा उन सभी तकनीकी और वैधानिक खामियों को दूर किया। झारखंड कैबिनेट ने 20 सितंबर को हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के राखा एवं केंदाडीह खदानों के लीज विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी पारित कर दिया था। इस मौके पर हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेडके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम शर्मा ने कहा कि सुरदा खदान से उत्पादन शुरू होने से लगभग 1100 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और 5000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। सुरदा खान से लेकर सभा स्थल तक पुलिस बल को तैनात किया गया था।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## बांटो और राज करो के मिशन पर चल रही कांग्रेस : मोदी

### एकजुट रहें, सतर्क रहें, अगर हम बटेंगे तो बांटने वाले हम पर हंसेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह देश की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी है। उन्होंने कहा कि वे जमीन लूटने वाले, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले और शहरी नक्सलियों का समर्थन करने वाले हैं। पीएम ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हम बंट गये तो हमें बांटने वाले जश्न मनायेंगे। कांग्रेस खुले तौर पर उन लोगों के साथ खड़ी है जो भारत के विकास को रोकना



चाहते हैं। वे समाज को बांटकर सत्ता में आने के मिशन पर हैं। हमें इतिहास से सबक लेना होगा। हमें एकजुट और सतर्क रहना होगा। वह महाराष्ट्र के ठाणे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेसी, लोगों का शोषण करने के नए-नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। हरियाणा में एक कांग्रेस नेता ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। हिमाचल प्रदेश में, उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने शौचालय कर नामक एक नया कर पेश किया है, जो कल्पना से परे है। एक तरफ, मैं शौचालय उपलब्ध करा रहा हूं और दूसरी तरफ, वे लोगों पर शौचालय के लिए कर लगा रहे हैं। कांग्रेस आज पूरी तरह से बेनकाब हो गयी है।

**बांटो और राज करो कांग्रेस का मिशन :** पीएम मोदी ने कहा, कि कांग्रेस समाज को बांटकर सत्ता में आने के मिशन पर हैं। हमें इतिहास से सबक लेना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। अगर हम बंट गये तो, जो लोग हमें बांट रहे हैं वे जश्न मनायेंगे। वे जहां भी जाते हैं, विनाश होता है। उन्होंने देश को गरीबी में धकेल दिया। उनके गठबंधन में आने वाली अन्य पार्टियां भी तुष्टिकरण की बात करने लगती हैं। कांग्रेस घोषणा कर रही है कि वे फिर से अनुच्छेद 370 लाएंगे। महा विकास अघाड़ी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा कि वे राज्य में विकास को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

## झारखंड समेत नक्सल पीड़ित राज्यों संग शाह करेंगे बैठक

**रांची (खबर मन्त्र संवाददाता )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 7 अक्तूबर को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और एमपी के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केंद्रीय मंत्रालयों के 5 केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की पिछली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता 6 अक्टूबर 2023 को की थी। उस बैठक में गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिये थे। मोदी सरकार की रणनीति से वर्ष 2010 के मुकाबले 2023 में हिंसा में 72% और मृत्यु में 86% कमी आई है। वर्ष 2024 में 202 नक्सली मारे गए हैं। 2024 के शुरूआती 9 महीनों में 723 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा अभियान के क्रम में रांची पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, कहा

# भगवान को पाना है तो गो सेवा करें

- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भारत भूमि से गो हत्या का कलंक मिटाकर गो माता को राष्ट्र माता घोषित कराने का व्यापक अभियान चला रहे हैं



**घुसपैठियों के ठिकाना बनाने पर रोक लगनी चाहिए**

झारखंड में घुसपैठ के मामले पर उन्होंने कहा कि यह गलत है। बांग्लादेश में हिंदुओं को अपमानित किया जा रहा है। महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। वहां से आनेवाले घुसपैठिए यहां पर तुरंत कोई ठिकाना खोज लेते हैं। कुछ ही दिनों में उनका आधार कार्ड और फिर राशन कार्ड बन जाता है। इस पर रोक लगनी चाहिए। अगर ऐसे शरणार्थी यदि हिंदू भी आते हैं तो उनके लिए शरणार्थी कैंप बनना चाहिए।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तराखंड ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अखिल भारतीय गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा अभियान के क्रम में शनिवार को रांची श्री रानी सती मंदिर पहुंचे। संवाददाताओं से बातचीत में शंकराचार्य ने कहा कि गो रक्षकों को जिस दिन हिंदू समाज वोट देना शुरू कर देगा, उस दिन से गो हत्याएं थम जायेंगी। उनका सारा कर्ज उतरना शुरू हो जायेगा। 22 सितंबर से उन्होंने अयोध्या से राष्ट्र परिक्रमा शुरू की है। ऐतिहासिक यात्रा के माध्यम से भारत भूमि से गो हत्या का कलंक मिटाकर गो माता को राष्ट्र माता घोषित कराने का व्यापक अभियान चला रहे हैं। शंकराचार्य ने कहा कि भगवान को पाना है तो गो सेवा करें। हम सनातनी केवल दूध की नहीं, अपितु आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गो सेवा करते हैं। इससे पूर्व शंकराचार्य ने पहाड़ी मंदिर परिसर में गो प्रतिष्ठा ध्वज स्थापित किया। इस मौके पर धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक और गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन मौजूद थे।

**वक्फ बोर्ड के नियमों को खत्म करने के लिए रायशुमारी जरूरी नहीं :** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा है कि वक्फ बोर्ड के नियमों को खत्म करने या इसके संशोधन के लिए किसी से रायशुमारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके नियम और परिनियमों को बदला जाना चाहिए। ये बातें शंकराचार्य ने रातू स्थित रानी सती मंदिर में प्रवचन से पूर्व संवाददाताओं से कहीं। वह रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में गोवंश की रक्षा के लिए आये हैं। पहाड़ी मंदिर में महाकाली मंदिर के समीप गो ध्वज की स्थापना की। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास जरूरत से ज्यादा भूमि है। वहीं, देश में गोशाला और गोचर भूमि का अभाव है। सरकार को वक्फ बोर्ड की अतिरिक्त भूमि गोचर के लिए देना चाहिए। इससे गोवंश की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून जब बनाया गया था तो उस समय किसी दल या समाज से रायशुमारी नहीं की गई थी, इसलिए अब इसके संशोधन या इसके मौजूदा कानूनों को खत्म करने पर भी कोई विचार-विमर्श की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने देश के सभी मंदिरों का प्रबंधन सनातनी धर्माचार्य और शंकराचार्यों को देने की वकालत की। मंदिरों में साईंबाबा की मूर्ति का विरोध करते हुए हटाने की मांग की। सनातन कोड बनने के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी कोई जरूरत नहीं है।

**सत्ता में आने के बाद गोरक्षा का मंत्र दरकिनार कर देते हैं :** एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गोरक्षा का मंत्र लेकर कई व्यक्ति केंद्र की सत्ता में पहुंचे। लेकिन, सत्ता में आने के बाद वह इस मुद्दे को दरकिनार कर दिये। महाराष्ट्र सरकार के द्वारा गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने पर उन्होंने कहा कि अन्य राज्य और देश में भी गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए।

**साईं बाबा ना संत हैं, ना भगवान फिर उनकी पूजा क्यों :** शंकराचार्य ने कहा कि देश के सभी मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटा देना चाहिए, क्योंकि साईं बाबा ना संत है ना महात्मा ना भगवान, उनकी पूजा नहीं होनी चाहिए। सरकार को भी इसमें सहयोग करना चाहिए।

## शंकराचार्य स्वामी ने पहाड़ी मंदिर में गौ ध्वज की स्थापना की



**रांची।** शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 जी महाराज शनिवार को पहाड़ी मंदिर पहुचें और गौ ध्वज की स्थापना की। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। मीनाक्षी हॉल गली से उनकी विशाल शोभायात्रा शुरू हुई जिसमें हजारों की संख्या में भक्त गो माता की जय घोष के साथ पहाड़ी मंदिर आये जहां उनका स्वागत मंदिर समिति के राजेश साहू एवं बादल सिंह के द्वारा पहाड़ी बाबा की प्रतिमा देकर एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस मौके पर संयोजक ब्रह्मचारी मुकुंदानंद तथा सह संयोजक गोभक्त विकास पाटनी, प्रदेश यात्रा संयोजक प्रकाश पांडेय, प्रादेशिक आयोजक विज्ञान सिंह, सती मंदिर से सतीश तुलस्यान, भानु जालान, पहाड़ी मंदिर से राजेश साहू, बादल सिंह, संजना शर्मा, दीपक नन्दा, सपना चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, मीरा गुप्ता, पुजारी मनोज मिश्रा, पिंटू बाबा मौजूद थे।

## कलाकार मतदाताओं को कैनवास के जरिए करेंगे जागरूक : सुबोध कुमार

- संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आर्ट 81 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने को आर्ट 81 के लिए कार्यक्रम का 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड की कलाकृति, संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वह शनिवार को आर्ट 81 कार्यक्रम के आयोजन को चयनित स्थल जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का भौतिक निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दो दिवस तक चलने वाले इस कला महोत्सव की संपूर्ण तैयारी ससमय पूरी करने की दिशा में रांची जिला प्रशासन एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में केवल झारखंड के ही नहीं अपितु अन्य राज्यों से भी चित्रकला के क्षेत्र के नामचीन कलाकार भाग लेने वाले हैं। साथ ही नए वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का भी आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही मतदान के महत्व को मनोरंजक रूप में मतदाताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से आरजे एवं लाइव म्यूजिक बैंड द्वारा कार्यक्रम का संचालन भी किया जायेगा।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची सहित जिला निर्वाचन कार्यालय एवं मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित

- झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 77 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को आईएफसीएल (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षकों के रूप में जितेंद्र भाटी, उप निदेशक, पेरिपेटेटिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट, आशीष बोस, सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता, चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और मुकेश शेलात, प्राचार्य, डीपीएस वाराणसी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सीबीएसई के कई प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति का लाभ उठाया, जिनमें रवि प्रकाश, प्रमुख इंचार्ज सीओई पटना, ज्योति प्रसाद, और राघवेंद्र कुमार शामिल थे। झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 77 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिनमें प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं शिक्षक शामिल हुए।

सीबीएसई के निदेशक-प्रशिक्षण मनोज श्रीवास्तव ने संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को एक प्रभावशाली शिक्षण के लिए आवश्यक तकनीकों और प्रशिक्षण कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें एनईपी 2020 में बताए गए 50 घंटे के सीपीडी के लिए दूसरों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

प्राचार्या परमजीत कौर ने इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सीबीएसई के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को प्रभावी शिक्षण और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रशिक्षण कौशल को निखारने में मदद मिली।

## आईआईटी-जेईई की तैयारी में क्रांतिकारी कदम : ब्रदर्स एकेडमी ने अभूतपूर्व गणित पुस्तक लॉन्च की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आईआईटी-जेईई कोचिंग में अग्रणी संस्थान, ब्रदर्स एकेडमी ने आईआईटी-जेईई की तैयारी के लिए आज एक द्विभाषी गणित पुस्तक लॉन्च की, जो आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड तैयारी के लिए प्रसिद्ध गणितज्ञ संदीप तिवारी द्वारा लिखी गई है। आईआईटी-जेईई कोचिंग में 15 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, संदीप तिवारी ने 10 साल पहले ब्रदर्स अकादमी में गणित संकाय के रूप में शामिल होने से पहले कोटा और दिल्ली में पढ़ाया है। यह अग्रणी पुस्तक आईआईटी-जेईई की तैयारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पुस्तक पूरी तरह से आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड पर केंद्रित है। प्रश्न अंग्रेजी में हैं, जबकि सिद्धांत और उत्तर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में समझाए गए हैं। आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड के लिए अलग-अलग अभ्यास प्रदान किए जाते हैं, जिससे दोनों परीक्षाओं के उम्मीदवारों को लाभ मिलता है। संदीप तिवारी ने ब्रदर्स अकादमी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और सुभेंदु शेखर, साथ ही सहकर्मियों सौरभ सिंघानिया (सीएसएस) और अमित जिंदल (पीएजे) को विशेष आभार व्यक्त किया। लेखक ने कहा, 'मैं इस पुस्तक के साथ आईआईटी-जेईई समुदाय में योगदान करने के लिए रोमांचित हूं। ब्रदर्स अकादमी का समर्थन और मेरे सहयोगियों का प्रोत्साहन अमूल्य रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह पुस्तक उम्मीदवारों को अपने सपनों को हासिल करने के लिए सशक्त बनाएगी।' यह पुस्तक अब अमेजॅन, फ्लिपकार्ट और रांची के प्रमुख बुकस्टोर्स पर उपलब्ध है।

### डांडिया कार्यक्रम में जमकर झूमे विद्यार्थी

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिटूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को दुर्गोत्सव से पूर्व डांडिया रास का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रंग बिरंगे परिधानों में सजे क्या विधार्थी और क्या शिक्षक सभी गरवा के भक्तिपूर्ण गानों पर जमकर नाचे। विद्यार्थियो ने शेर पे सवार होके आजा शेरावाली, नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, राधा कैसे ना जले, भेजा है बुलवा आदि गानों पर डंडिया खेला और एक दूसरे को गले लगकर दुर्गोत्सव की बधाई दी। मौके पर विद्यार्थियों ने फिल्मी गानों पर भी ठुमके लगाए। इसके पूर्व उप प्राचार्य एवं अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में इसके अलावे प्राचार्य कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी चौहान, डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्टार मनीष नाथ, चीफ कॉर्डिनेटर प्रो. अंकित सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रावण स्पेशल पटाखों की धूम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रेड फ्रेण्ड्स एण्ड कम्पनी में दशहरा के पटाखों की धूम मची हुई है। संस्थान में हर रेंज व प्रकार की पटाखों की विशाल रेंज है जो सभी के बजट में आसानी से आ सकता है। वहीं विशेष पटाखे शिवकाशी के प्रख्यात कंपनी से मंगाए गए हैं, जो ओलंपिक जैसे बड़े-बड़े इवेन्टों में उपयोग होते हैं। बड़े हो या बच्चे सभी के लिए हर प्रकार, वेरिएण्ट, साइज के पटाखे हमारे यहां उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। दशहरा हेतु पटाखों की नई रेंज कांके रोड व ओरमांझी के शोरूम में लगा दी गई है। व्यापारी व ग्राहक दोनों जगह से पटाखे की वृहत रेंज देख खरीद सकते हैं। हमारे यहां 100 से लेकर 1000 शॉर्ट एवं विभिन्न प्रकार के स्काई शॉट रावण दहन हेतु उपलब्ध हैं। वहीं पूजा एवं दीपावली के लिए पटाखों की पूरी स्टॉक उपलब्ध है। जिसमें स्टार ब्लास्ट, बाप रे बाप, अवेंजर्स, मास डेटोनेशन, डांडिया नाइट, रास्कल, छप्पर फाड़ के, टार्जन, रंगीला, फेसबुक,, चाचा चाची, लूंगी डांस, थ्रिलर इत्यादि जैसे फैंसी पैकेट पटाखे की विशाल रेंज उपलब्ध है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आम जनता को चकाचौंध कर देने वाली पटाखों की नई रेंज का लुत्फ उठायें। अपने पूरे परिवार के साथ हमारे शोरूम कांके रोड और ओरमांझी में अवश्य पधारें।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिकोत्सव मनाया गया



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) वार्षिकोत्सव बड़े धमूधाम से शनिवार को मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमल कुमार बोस उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा एसजे, डॉ. नरेन्द्र सिंह, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, डॉ. अभिजित डे और वर्तमान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने भी हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. एन लकड़ा और फादर रवि हेमंत कुजूर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वैक्सपाल इंडस्ट्रीज में यूनियन की पहल पर 20 प्रतिशत बोनस का हुआ भुगतान

**रांची।** वैक्सपाल इंडस्ट्रीज वर्कर्स यूनियन की पहल पर दुर्गा पूजा के मौके पर मजदूरों के बीच 20 प्रतिशत बोनस भुगतान कराया गया। इस मामले में यूनियन के अध्यक्ष अशोक मिश्र ने बताया कि यूनियन की ओर से 20 प्रतिशत बोनस की मांग की गई थी। जिस पर श्रमायुक्त के सामने यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता कर मजदूरों को बोनस दिलवाया गया। यूनियन ने बोनस भुगतान को लेकर प्रबंधन और श्रमायुक्त को धन्यवाद दिया है। मौके पर यूनियन के सहदेव महतो, हेमंत महतो और नंदकिशोर महतो आदि मौजूद थे।

## दिव्यांगों को समान अवसर प्रदान करना सरकार व समाज की जिम्मेदारी : कुमारी रंजना अस्थाना

- कुल 28 बच्चों को चिन्हित किया गया व दिव्यांग पेंशन स्कीम एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में शनिवार को पहाड़ी टोला स्थित सृजन हेल्प संस्था के द्वारा संचालित मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में पढ़ाई कर रहे 28 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया तथा सरकार के द्वारा चलायी जा रही दिव्यांग पेंशन योजना से जोड़ने की कार्रवाई को आगे बढ़ाई गई।

इस अवसर पर सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना ने पढ़ाई कर रहे बच्चों के बीच उनके जरूरतों की सामग्री जैसे बैग, वाटर बोतल, स्कूल ड्रेस इत्यादि का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाना दिव्यांगों का हक है। इस अवसर पर उप-सचिव अभिषेक कुमार, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, पीएलवी मानव कुमार सिंह, विक्की कुमार चौधरी, अनुसेवक, अभिमन्यु कुमार सिंह उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जीडी गोयनका विद्यालय में पांच दिवसीय कलारिपयप्पू मार्शल आर्ट कार्यक्रम का समापन



**रांची।** जीडी गोयनका विद्यालय में पांच दिवसीय कलारिपयप्पू मार्शल आर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कलरीपयप्पू के आर्ट के श्री कृष्ण दास ने छात्रों को नेरकल,वेसूचूवणु गजावदिवू चुम्माथदिकल तथा कई एनिमल पोस्चर जैसे सिंहावदिवू, मयूरावदिवू ,मत्स्यवदिवू, अश्वावदिवू, माजरावदिवूडु आदि योगासन सिखाया ।उन्होंने कलारीपायप्पू की विशेषताओं से छात्रों को परिचित कराते हुए बताया यह शरीर को मजबूत बनाता है साथ ही इसके निरंतर अभ्यास से शरीर सुडौल और गठीला होता है,शरीर में फुर्ती आती है, बुद्धि का विकास होता है, समन्वयं बेहतर होता है तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा हो जाता है। इस मौके पर रिलेशन के आशुतोष चतुर्वेदी मौजूद थे।

### पावरग्रिड अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

रांची। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, होटवार में शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि स्वतंत्र निदेशक राम नरेश तिवारी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पावरग्रिड के क्षेत्रीय प्रमुख अरिंदम सेन शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रतियोगिता में पावरग्रिड के विभिन्न क्षेत्रों से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस, शॉटपुट, जेवलीन थ्रो, डिसकस थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं ट्रिपल जंप आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। रविवार को समापन समारोह में सभी स्पर्द्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### उत्तराखंड और मणिपुर ने जीते अपने मैच

**रांची।** रांची में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में छठे दिन शनिवार को दो मैच खेले गए। इसमें उत्तराखंड और मणिपुर ने अपने-अपने मैच जीते। उत्तराखंड ने केरल को 3-1 से और मणिपुर ने असम को 6-3 से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए। रविवार को दो मैच होंगे। सुबह 7:30 बजे से पुडुचेरी एवं दिल्ली के बीच पहला मैच होगा। 9.15 बजे से बिहार और बंगाल के बीच दूसरा मैच होगा। 10 अक्तूबर तक प्रतियोगिता चलेगी।

### निर्मला कॉन्वेंट में गरबा और डांडिया की रही धूम

रांची। निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल, एदलहातू में शनिवार को दुर्गोत्सव की धूम रही। बच्चों को हिन्दू धर्म की प्राचीनतम परंपरा से जोड़े रखने के उद्देश्य से गरबा और डांडिया खेलना सिखाया गया। बच्चों ने माता का रूप धारण कर नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किए। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, सुधा राणा, एनिमा इक्का, गीता शर्मा, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### यूके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रांची। यूके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को किया गया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में दिशा घड़ी, ज्वालामुखी, प्लास्टिक रिसाइकलिंग, पिनहोल कैमरा, हाइड्रोफोनिक कृषि, वाटर ट्रीटमेंट, स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं चन्द्रयान-3 जैसे मॉडल बनाकर विज्ञान के प्रति अपनी समझ को प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। स्कूल की प्राचार्या डॉ अनु एवं सचिव रुपेश कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। सभी शिक्षक मौजूद थे।

### प्रदीप झा बने डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य

**रांची।** प्रदीप कुमार झा, डीएवी गांधीनगर के नए प्राचार्य नियुक्त किए गए हैं। शनिवार को प्रभारी प्राचार्य निराकार आचार्या ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें पदभार सौंपा। एसके सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद से वे प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निभा रहे थे। प्रदीप झा ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त किया।

### भारत का प्रतिनिधित्व करेगी गंगा कुमारी



**रांची।** झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग संघ की महिला खिलाड़ी गंगा कुमारी एशियन किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधत्व करेगी। यह आयोजन 6 -14 अक्टूबर तक कंबोडिया में आयोजित किया गया है। गंगा कुमारी झारखंड प्रदेश की पहली किकबॉक्सिंग महिला खिलाड़ी है, जो 50 किलो भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। झारखंड किकबॉक्सिंग अध्यक्ष बीसी ठाकुर, सचिव ओवैस अराफात, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा झारखंड किकबॉक्सिंग के सभी सदस्यों ने गंगा कुमारी को प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आशिफ ने दी।

### मांडर कॉलेज में जेसीएम का विस्तार, मो. हमजा को मिली अध्यक्ष की जिम्मेवारी

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा रांची विवि समिति ने अध्यक्ष अमन तिवारी व सचिव असद फेराज टिंकू के नेतृत्व में मांडर कॉलेज में कमेटी का गठन कर संगठन विस्तार किया। मौके पर उपाध्यक्ष भास्कर महतो उपस्थित थे। विगत 9 सितंबर 2024 को मांडर कॉलेज के छात्रों ने झारखंड छात्र मोर्चा का दामन थामा था। इन्हें मिली मांडर कॉलेज की जिम्मेवारी : अध्यक्ष - मो हमजा, उपाध्यक्ष- चुमनू उरांव, माज अंसारी, एल्याजर कुजूर, साबीर आलम, सचिव- विकास उरांव, संगठन सचिव- शीतल मिंज, शेरू खान, अभिषेक महतो, सानिया परवीन, असजद आलम, संयुक्त सचिव-अरुण गोप, निर्मला जोजो, मुसद्दिक अरहम, प्रीति खलखो, साकिब अंसारी और कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी रोकी शाह को दी गयी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को अमन तिवारी एवं असद फेराज टिंकू ने बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर जेसीएम रांची विवि उपाध्यक्ष भास्कर महतो, वसीम अकरम, आशुतोष पाठक, अदनान हुसैन, रंजित सिंह, मधु तिर्की आदि मौजूद थे।

### संत जेवियर कॉलेज में प्रज्ञान नैशनल सर्विस स्कीम का 56वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**रांची।** संत जेवियर कॉलेज में शनिवार को प्रज्ञान नैशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) का 56वां वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। साथ ही आजादी का महोत्सव में नुक्कड़ नाटक, संगीत, नृत्य और क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी, उन सभी को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने एसजे अपने सभी का उत्साह बढ़ाया और कहा बेवजह खुश रहिए क्योंकि वजह बहुत महंगी है, साथ ही बताया कि स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है और अगर लोग अपना आंगन स्वच्छ रखेंगे तो पूरा भारत स्वच्छ भारत बनेगा। मुख्य अतिथि पूर्व एनएसएस ऑफिसर डॉ कमल बोस ने विद्यालय के युवाओं को संबोधित किया और कहा एनएसएस वर्तमान नहीं भविष्य की बात करता है और हमारा काम समाज का कल्याण करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एनएसएस ऑफिसर डॉ कमल बोस, वर्तमान एनएसएस ऑफिसर डॉ अनिर्बन दास गुप्ता, कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्रधान डॉ नरेन्द्रनाथ सिंह, बीबीए डिपार्टमेंट के प्रधान डॉ अभिजीत डे, बर्सर हेमन्त कुजूर, बीजेएमसी के शिक्षक और अन्य विभाग के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# राजधानी रांची में अगले चार दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश के आसार

**पश्चिम बंगाल से सटे तटीय इलाकों में बना निम्न दवाब क्षेत्र अब कमजोर पड़ा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत राज्य में अगले चार दिनों तक हल्के बादल छाए रहेंगे। संताल परगना और कोडरमा, हजारीबाग के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं। वहीं, रांची समेत राज्य के अन्य स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। संताल में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ अच्छी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन पहले बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल से सटे तटीय इलाकों में बना निम्न दवाब क्षेत्र कमजोर पड़ गया है, लेकिन इससे जुड़ा साईक्लोनिक सकुर्लेशन बंगाल के गंगा क्षेत्र पर कायम है। इसका असर बंगाल से सटे बोकारो, धनबाद और गिरिडीह जिलों पर पड़ सकता है। इससे यहां हल्की बारिश होगी। रांची और आसपास के जिलों में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान जामताड़ा में भारी बारिश हुई है। इसके नारायणपुर में 120.6 मिमी बारिश हुई। धनबाद 43.8 मिमी, हजारीबाग में 34.5 मिमी, बोकारो में 18.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में 17.2 मिमी, गुमला में 16 मिमी समेत गुमला, कोडरमा और गिरिडीह में हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मॉनसून की वापसी नहीं हुई। इस कारण राज्य के विभिन्न भागों में आर्दता बनी हुई है। नम वातावरण के कारण भी कहीं कहीं बारिश हो रही है। विभाग के अनुसार देश के उत्तरी भाग के कई राज्य दिल्ली, हरियाणा, कश्मीर, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल से मानसून की वापसी हो चुकी है। अगले सप्ताह के बाद झारखंड से भी इसकी वापसी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक अक्तूबर से पांच अक्तूबर के दौरान महज 4.8 मिमी बारिश हुई है जो कि सामान्य 20.3 मिमी से 76 फीसदी कम है। वहीं रांची में इस दौरान 13.1 मिमी बारिश हुई जो सामान्य 23.3 मिमी से 44 फीसदी कम है। राज्य के विभिन्न जिलों के तापमान सामान्य से अधिक है। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री, जमशेदपुर का तापमान तीन डिग्री, मेदिनीनगर का दो डिग्री से अधिक, बोकारो का दो डिग्री और चाईबासा में पांच डिग्री अधिक है।

# दुर्गोत्सव में पांच दिन तक 400 अतिरिक्त कर्मचारी शहर में संभालेंगे सफाई कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दुर्गोत्सव पर रांची में सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के लिए नगर निगम ने शनिवार से विशेष अभियान शुरू कर दिया। आठ से 12 अक्तूबर तक अहले सुबह विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए 400 अतिरिक्त सफाईकर्मी पंडालवार ड्यूटी पर लगाए जाएंगे। पूजा पंडाल और मेलास्थल की सफाई का जिम्मा इन्हें सौंपा गया है। ये कर्मचारी तड़के तीन से सुबह सात बजे तक कचरा उठाव और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करेंगे। इनके भोजन और ठहरने की व्यवस्था निगम परिसर में रहेगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मौके पर पहुंच सकें। वहीं, दूसरी ओर नगर निगम की स्वच्छता शाखा ने शहर के 167 छोटे-बड़े पूजा पंडालों और इसके आसपास की सफाई के लिए पहली पाली में प्रति पंडाल पांच सफाईकर्मियों को अलग से तैनात किया है।

शहर के वार्डों में पूजा पंडालों के आसपास पूर्व की तरह कचरा उठाव, नाली की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, लावार्नाशी रसायन और फॉगिंग का काम चल रहा है। निगम की तैयारी पूजा पंडाल के पट खुलने से पूर्व कायदे से कचरा उठाव और स्टोन डस्ट बिछाने की है, ताकि महाषष्ठी से विजयादशमी तक श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल का भ्रमण करने व मेला का आनंद उठाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

## पंडालों के पास 150 ट्रैक्टर डस्ट गिराया

पूजा पंडालों के आसपास अभी तक 150 ट्रैक्टर स्टोन डस्ट बिछाया जा चुका है। इसके अलावा आयोजकों की सूचना पर निर्दिष्ट स्थान पर स्टोन डस्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बारिश की स्थिति में जलजमाव से राहत और नालियों की सफाई के लिए अलग से टीम तैयार की गई है। जो कनेक्ट सेंटर में मिली सूचना के बाद तत्काल संबंधित क्षेत्र में कार्य में जुट जाएंगे।

# राज्यपाल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बने पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**श्री राम लला के दर्शन को लेकर भक्तों की उमड़ी भीड़**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्री राम लला दुर्गा पूजा समिति की ओर से पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया गया है। इस पूजा पंडाल का झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को उद्घाटन किया। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल मौजूद थे। उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए पंडाल का पट खोल दिया गया। देवी-देवताओं संग मां भवानी का मनोहारी स्वरूप काफी अच्छा लग रहा है। अयोध्या धाम में विराजे श्रीराम जी की मूर्ति आकर्षण का केंद्र है। पूजा पंडाल में 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4-डी प्रतिमा भी काफी लुभा रही है।

**12 अक्टूबर तक उठा सकेंगे मेले का लुफ्त :** पूजा कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि 12 अक्तूबर तक पंडाल का पट खुला रहेगा। भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। फायर और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। पार्किंग जोन में करीब चार सौ गाड़ी आ सकेगी। पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, तांकि किसी तरह की असुविधा न हो। पंडाल परिसर के अंदर कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉल भी लगाये गये हैं। दर्शनार्थी 12 अक्तूबर तक इसका लुत्फ उठा सकते हैं।

**पश्चिम बंगाल से जुड़े हैं गिरोह के तार, पांच अपराधी गिरफ्तार**

# रांची में पहली बार पकड़ी गयी स्नेचिंग से जुड़ी महिला रिसीवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में पुलिस लगातार शहर में छिनतई करने वाले गिरोह को टारगेट कर रही है, इसी क्रम में रांची के सदर और लालपुर इलाके से दो महिलाओं समेत पांच स्नैचर्स को पकड़ा गया है। रांची में पहली बार स्नैचिंग किए गए गहनों को छुपाने वाली दो महिला अपराधी भी पकड़ी गई है। गिरफ्तार दोनों महिलाएं छिनतई किए हुए सोने की चेन अपने पास रखती थीं, जबकि उनका पुरुष साथी चेन की छिनतई करता था। पुरुष अपराधी जब किसी महिला या पुरुष से चेन की छिनतई करते थे, तो गिरोह की महिला साथी रास्ते से ही छीनी हुई चेन रिसीव कर लेती थी, इस वजह से अगर अपराधी पकड़े भी जाते थे, तो खुद को निर्दोष बताकर निकल जाते थे। गिरफ्तार महिलाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी की रहने वाली हैं।



इस मामले में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनिकेत दास, फुनो ग्वाला और झुनिया राय शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो सोने की चेन, मोबाइल और छिनतई के दौरान इस्तेमाल किए गए कपड़े भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह गिरफ्तार अनिकेत दास द्वारा एक महिला के घर के बाहर से दो लाख की छिनतई की गई थी। अनिकेत दास ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उस समय इस वारदात को अंजाम दिया था, जब बुजुर्ग महिला बैंक से पैसे निकालकर अपने बेटे के साथ घर लौट रही थी।

## मोबाइल छिनतई करने वाला भी गिरफ्तार

दूसरी ओर, लालपुर पुलिस ने एसएसपी आवास के सामने एक लड़की से मोबाइल छिनतई करने वाले दो अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मो कैफ और मो सैफ शामिल हैं।

# मैथिली मंच विद्यापति दलान के प्रथम तल का सांसद दीपक प्रकाश ने किया शिलान्यास



**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच, रांची के हरमू स्थित मंच के भवन बाबा विद्यापति दलान के प्रथम तल के निर्माण का राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने अपने सांसद निधि के ऐच्छिक कोष से राशि प्रदान कर शिलान्यास किया है। शिलान्यास के बाद मंच के सभागार में सर्वप्रथम महाकवि विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सांसद एवं उनके साथ मंचासीन पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा, भाजपा के हरमू मंडल के अध्यक्ष इन्द्रजीत यादव को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन भारतेन्दु कुमार झा ने किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, ब्रज कुमार झा, नवल किशोर महतो, विनय झा, आशुतोष मिश्रा, सुकुमार झा, लक्ष्मीकांत वाजपेई, कमल खान, बद्रीनाथ झा, आदित्यनाथ मिश्रा, विनोद कुमार झा, संतोष मिश्र कोषाध्यक्ष, नरेश झा, कविता झा, शालिनी मिश्र उपस्थित थे।

# जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की जमानत पर फैसला मंगलवार को

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में शनिवार को फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 8 अक्टूबर को सुनाएगी। आरोपित ने जमानत की गुहार लगाते हुए 13 सितंबर को याचिका दाखिल की है। कुशवाहा पर बड़गाईं के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन में फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।

# युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में डीआईजी अनूप बिरथरे ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेंगे एवं प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात का ध्यान रखेंगे। बैठक में श्री बिरथरे ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पुलिस प्रशासन के आंख और कान का काम करेंगे। श्री बिरथरे ने कहा कि युवा दस्ता के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रभारियों की सूचना संबंधित थाना प्रभारियों को समन्वय बनाने के लिए दे दी जाएगी।

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष भी युवा दस्ता ने पूजा मोहत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और इस वर्ष भी युवा दस्ता का सहयोग मिलेगा। श्री कुमार से कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों से मिलकर पूजा को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, समाजसेवी शंकर दुबे एवं उपेन्द्र रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन पीयूष आनंद ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू ने दिया।

## खबर एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से बीजेपी ऑफिस में लगी आग



**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित बीजेपी ऑफिस में शनिवार की दोपहर आग लग गयी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से लक्ष्मीकांत वाजपेई के कमरे में आग लगी। अगलगी के बाद तुरंत लोगों ने आग को बुझाया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई है। इससे पूर्व भी बीते चार जून को भी बीजेपी ऑफिस में आग लगी थी।

### आजसू सहित कई दलों के लोग झामुमो में

**रांची।** झामुमो के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय (कैंप) मे शनिवार को आजसू सहित कई दलों के लोगों ने झामुमो का दामन थामा। रविन्द्र लाल यादव के नेतृत्व मे सिल्ली विधानसभा से आजसू एवं विभिन्न दलों के सैकड़ों युवा और महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में रविन्द्र लाल यादव, खगेन्द्र लाल यादव, अमित मुखीयर, हरेकृष्ण यादव, मनोहर यादव, लव कुमार मण्डल, आकला अहीर, रोहित अहीर, समीर प्रसाद, विनोद दास, मनीष गोप, सागर यादव, गोरोंग यादव, भरत उरांव, श्री पति उरांव, शत्रुधन उरांव, राजकिशोर सिंह मुंडा, गदाधर उरांव, राजकुमार अहीर शामिल हुए।

### कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, पांच आरोपी बरी

**रांची।** डकैती के चार साल पुराने मामले में एक भी गवाह के अदालत नहीं पहुंचने पर पांच आरोपियों को बरी कर दिया गया। थानेदार और डीजीपी को कोर्ट द्वारा पत्र भेजने के बाद भी गवाहों को पेश नहीं किया गया। अनुसंधान पदाधिकारी भी नहीं पहुंचा। साक्ष्य के अभाव में अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने आरोपियों को इसका लाभ दिया। अदालत ने असफाक अंसारी, सोनू अंसारी, हफीजुल अंसारी, सैउल्लाह खान और खुर्शीद खान को आरोपों से बरी कर दिया। घटना को लेकर मांडर निवासी बिटू कुमार ने 1 सितंबर 2020 को मांडर थाना में केस दर्ज किया था। पुलिस ने डकैती के आरोप में पांचों को 9 अक्तूबर 2020 को गिरफ्तार किया था। पीड़ित का आरोप था कि 1 सितंबर 2020 को चान्हो महिला समिति से 52,855 रुपए वसूल कर मांडर लौट रहा था। तभी आरोपियों ने पैसे समेत अन्य सामान लूट लिये थे।

### सीसीएल में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में नवनियुक्त कर्मचारियों में कार्य कुशलता एवं क्षमता वृद्धि करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सिस्टम विभाग के सहयोग से पांच दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का समापन शनिवार को हो गया। यह प्रशिक्षण सिस्टम विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया और इससे मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए कर्मचारी लाभांवित हुए। मानव संसाधन विभाग के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित समाप्ति सत्र में सभी कर्मचारियों को रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास द्वारा संबोधित किया गया और उन्हें अपने कार्यस्थल पर निरंतर आगे बढ़ते और प्रगतिशील रहने के लिए प्रेरित किया गया। संभी प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। समाप्ति सत्र का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन चन्द्र शेखर प्रसाद सिंह, प्रबंधक(खनन), मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा किया गया। जिसमे विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व डीसी छवि रंजन सहित सात आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** रांची के चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि कोर्ट ने शनिवार को बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 13 नवंबर निर्धारित की है। यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त है। वहीं एक आरोपित पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

# बीआइटी मेसरा में टेक फेस्ट पैंथियन-24 का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के वार्षिक टेक फेस्ट पैंथियन-24 का आगाज हो गया। कार्यक्रम के पहले दिन सही मिश्रा कैंपस में धूम मस्ती और धमाल देखने को मिला। शनिवार को कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए फिल्मी दुनिया से फिल्म निमार्ता बिरजू टोप्पो रांची आए थे। उन्होंने अपने वक्तव्य से कार्यक्रम में जान डाल दी।

**स्पीकर का सत्र :** प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता बिरजू टोप्पो ने सामाजिक विकास के लिए फिल्म निर्माण में शामिल विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. अली इमाम खान ने वैज्ञानिक विकास के बारे में बात की, जिससे आम लोगों की जीवनशैली में बदलाव आया है।

**डॉ. प्रदीप चटर्जी :** मदर्स ग्रुप के मुख्य डिजिटल और फिल्म निर्माण को बेहतर बनाने वाली नई अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। वहीं ईसीई सोसायटी ने सर्किट इन मिनट्स का आयोजन किया। कार्यक्रम संपन्न कराने में प्रो भास्कर कर्ण, डा योगेंद्र अग्रवाल, डा चंचल मिश्रा, डा आफताब आलम ने भूमिका निभाई।

# पदयात्रा कर व्यापारियों से मिले आदित्य विक्रम जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल ने डेली मार्केट से अंजुमन प्लाजा मेन रोड तक संवाद, संबंध और समृद्ध यात्रा कार्यक्रम चलाया एवं व्यापारियों के साथ साथ आम जनता की समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। इसके साथ ही समाधान का भरोसा भी जताया।

मौके पर व्यापारियों ने आदित्य विक्रम जयसवाल के पूर्वजों से जुड़े रिश्ते एवं पीढ़ियों से संबंध होने की बात कही। उन्होंने कहा कि आदित्य विक्रम जयसवाल नेता नहीं हमारा बेटा है और हमारा भरपूर समर्थन इनके साथ है और विधानसभा चुनाव के लिए आशीर्वाद भी दिया। मौके पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि रांची को स्वस्थ, समृद्ध और सुंदर बनाना मेरा संकल्प है इसके लिए वे प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में वे प्रयास करते रहेंगे।

# अरगोड़ा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बैंक्वेट हॉल का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को अरगोड़ा चौक के समीप एम रेस्टोरेन्ट एवं बैंक्विट हॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बैंक्वेट हॉल में आमजन किसी भी आयोजन में सभागार का लाभ ले सकते हैं। यहां खान-पान की भी उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में माँ दुर्गा लक्ष्मी, पार्वती समेत नौ रूपों में माता का आगमन होता है। इसे देखते हुए उम्मीद करते हैं की माँ दुर्गे भवानी हर किसी की मनोकामनाएं पूरी करें। देशवासी स्वस्थ और दीघार्यु बने। मौके पर बैंक्वेट हॉल के निदेशक महेश महतो ने कहा कि आमजनों की सुविधा को देखते हुए बैंक्वेट हॉल का उद्घाटन किया गया है। जहां कम कीमत में लोगों के लिए खाने-पीने की भी लजीज व्यवस्था है। आम जनों से अपील है कि वे इस बैंक्वेट हॉल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# जन समस्याओं का समाधान जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता होनी चाहिये : सीपी सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्थानीय विधायक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीपी सिंह ने कहा कि एक सच्चे जनप्रतिनिधि के लिए जन समस्याओं का त्वरित समाधान उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री सिंह शनिवार को गौरीदत्त मंडेलिया उच्च विद्यालय परिसर में अपने विधायक कोष की राशि से शौचालय निर्माण कार्य के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार को अपनाने पर बल दिया।

वहीं, विनय कुमार ने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने गणित विषय के शिक्षक की कमी को दूर करने के लिए शीघ्र ही वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की बात कही। कार्यक्रम को ग्राम शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ भीम प्रभाकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नीलाक्षी वाजपेयी और धन्यवाद ज्ञापन जय कृष्ण द्विवेदी ने किया। इससे पहले अतिथियों के विद्यालय परिसर में परंपरागत नृत्य संगीत के साथ स्वागत किया गया। श्री सिंह ने नारियल फोड़ कर शौचालय निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। अतिथियों ने मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण के उपरांत कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आश्रित शामेन्द्र खाखा ने पुष्प- गुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आशुतोष चतुर्वेदी, गीता कुमारी, उषा कुमारी, मधुमालती नन्द, नीतू प्रिया, प्रीति टोप्पो, अनीता टोप्पो और राखी तिर्की ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। डीईओ ने कार्यक्रम के उपरांत बच्चों से सीधा संवाद किया और उनके प्रश्नों का बारीकी से जवाब भी दिया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, भाजपा नेता शाश्वत दुबे, देवेंद्र शर्मा, हरदीप सिंह, इंदिरा कुमारी, शर्मिला देवी, रीता देवी सहित विद्यालय के बाल संसद के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

समय संवाद

**सिय रघुबीर बिबाहु,जो सप्रेम गावहिं सुनहिं।**
**तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन राम जसु।।**

तुलसीदास जी कहते हैं कि जो कोई विजय,विवेक और विभूति (ऐश्वर्य) चाहते हो तो राम के समर (युद्ध) संबंधी कथा को सुनो। उस कथा के श्रवण से राम प्रसन्न होते हैं और मनुष्य को सहज ही विजय,विवेक और विभूति प्रदान करते हैं-

**समर बिजय रघुबीर के चरित जे सुनहिं सुजान।**
**बिजय बिबेक बिभूति नित तिन्हहि देहिं भगवान।।**

राजराजेश्वर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के चरित्र को सुनने से तीनों प्रकार के ताप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

**सुनु खगपति यह कथा पावनी।**
**त्रिबिध ताप भव भय दावनी।।**
**महाराज कर सुभ अभिषेका।**
**सुनत लहहिं नर बिरति बिबेका।।**

# गोस्वामी तुलसीदास की देवी आराधना



डॉ हराधन कोईरी

**शारदीय** नवरात्र में सभी भक्तगण माता की पूजा हेतु तैयारी में तन,मन से जुटे हुए हैं। नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रुपों की पूजा-उपासना की जाती है। देवी का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। दूसरा का नाम ब्रह्मचारिणी है। तीसरा स्वरूप चन्द्रघण्टा के नाम से प्रसिद्ध है। चौथा स्वरूप को कूष्माण्डा कहते हैं। पाँचवा का नाम स्कन्दमाता है। देवी के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। सातवाँ कालरात्रि और आठवाँ स्वरूप महागौरी के नाम से जाना जाता है।भगवती का नौवाँ स्वरूप सिद्धिदात्री के नाम से जगत विख्यात है। भगवती दुर्गा के इन नौ स्वरूपों को इस श्लोक के माध्यम से जाना जा सकता है-

**प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।**
**तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।**
**पञ्चमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।**
**सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्।**
**।**
**नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः।**

भगवती जगदम्बा का पूजन प्रत्येक नर-नारी को करना चाहिए। उनके पूजन से मनुष्य धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। श्रीमद्देवीभागवत पुराण के अनुसार चारों वर्ण के स्त्री- पुरुष एवं चारों आश्रम के लोग उनकी सेवा करने के अधिकारी हैं। साथ ही शाक्त के अतिरिक्त शैव,वैष्णव,सूर्योपासक और गणेशोपासक सभी इनकी आराधना कर



परम शांति को प्राप्त कर सकते हैं। भेद कहीं है तो केवल मनुष्य के मस्तिष्क में।

महाकवि तुलसीदास उदार हृदय सम्पन्न विराट समन्वयवादी कवि थे। उनकी उदारता का सबसे बड़ा प्रमाण उनकी विनय पत्रिका है। विनय पत्रिका में सभी देवी-देवता की स्तुति करते हैं और उनसे राम की निश्चल भक्ति माँगते हैं। इस क्रम में वे भवानी से कहते हैं- **जय जय जगजननि देवि सुर-नर मुनि-असुर-सेवि,**
**भुक्ति-मुक्ति-दायिनी,भय-हरणि कालिका।**
**मंगल-मुद-सिद्धि-सदनि,पर्वशर्वरीश-वदनि,**
**ताप-तिमिर-तरुण-तरणि-किरणमालिका ।।**

तुलसीदास कहते हैं कि हे जगत की माता! हे देवि ! तुम्हारी जय हो,जय हो। देवता,मनुष्य,मुनि और असुर सभी तुम्हारी सेवा करते हैं। तुम भोग और मोक्ष को देने वाली हो। भक्तों के भय को दूर करने के लिए तुम कालिका हो। तुम कल्याण करने वाली हो सुख-समृद्धि का घर हो। तुम ही आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक ताप को दूर करने वाली हो। इसलिए हे शिवे! तुम्हारी जय हो। तुम्हारे अनेक नाम और रुप हैं। तुम समस्त संसार की स्वामिनी हो। हिमाचल की कन्या हो। हे शरणागत की रक्षा करने वाली माता! मेरी रक्षा करो --

**जय महेश भामिनी, अनेक-रुप-नामिनी,**
**समस्त-लोक-स्वामिनी, हिमशैल-बालिका।**
**रघुपति-पद परम प्रेम, तुलसी यह अचल नेम,**
**देहु ह्वै प्रसन्न पाहि प्रणत-पालिका ।।**

तुलसीदास माँ जगदम्बा से विनती करते हुए कहते हैं - तुम रुप,सुख और शील की सीमा हो, दुष्ट के लिए तुम भयानक रुप धारण करने वाली हो। तुम्हीं लक्ष्मी,तुम्हीं पार्वती और तुम्हीं श्रेष्ठ बुद्धि वाली सरस्वती हो। हे जगजननि! तुम कार्तिकेय और गणेश की माता हो और शिव की गृहिणी हो। हे भवानी! **तुम्हारी जय हो,जय हो-- रुप-सुख-शील-सीमाऽसि,भीमाऽसि,**
**रामाऽसि,वामाऽसि बर बुद्धि बानी**
**।छमुख-हेरम्ब-अंबासि,जगदंबिका,**
**शंभु-जायासि जय जय भवानी ।।**

आगे वे कहते हैं तुम्हीं ने चण्ड दानव को और महिषासुर को मारने वाली हो। मुण्ड दानव के घमंड को तोड़ने वाली हैं। शुम्भ-निशुम्भ को मारने वाली हो। तुमने अपने क्रोध रुपी समुद्र में शत्रु के दल-के -दल को डुबो दिये हैं। वेद,शास्त्र एवं शेषजी भी आपकी महिमा का गुणगान करके पार नहीं पाते हैं--

**निगम-आगम-अगम गुर्वि! तव गुन-कथन,**
**उर्विधर करत जेहि सहसजीहा।।**

हे अम्बिके! आप ही इस मोहमय भवसागर से मेरी रक्षा कर सकती हो। आप सर्वार्थ दायिनी हैं,कल्याणी हैं। इस प्रकार तुलसी ने दो ही पदों में मनुष्य के सांसारिक भव-बाधा को उपस्थित किया है। मानव जाति का कल्याण भगवती जगदम्बा की कृपा से ही हो सकती है। इसलिए,आइए! हम सब मिलकर भगवती से वैश्विक कल्याण की कामना करें!

(लेखक गोस्नर कॉलेज रांची हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं निवास चोगा,सोनाहातू , राँची)

# धर्म का हर पहलू तार्किक, व्यवहारिक है



धर्म प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रम्हा विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)**

# चांदी के गुण

निधि सिंह

प्राचीन समय से चांदी के आभूषणों का प्रचलन रहा है जो आज भी महिलाओं-युवतियों को प्रिय है। इसकी वजह एक तो कम कीमत है, ऊपर से चांदी में मौजूद औषधीय गुण भी हैं। इस धातु के गहने रक्त संचार बेहतर करने के साथ ही मानसिक सेहत को संवारने वाले माने जाते हैं।

इन दिनों फैशन के बाजार में सोने, प्लेटिनियम और हीरे से ज्यादा चांदी के आभूषणों की मांग है। नई पीढ़ी दूसरों से अलग और ज्यादा एथनिक दिखने के लिए इन दिनों चांदी के आभूषणों को खूब पहन रही है। लेकिन बाजार में गहनों की मांग के पीछे दो वजहें और भी हैं। एक तो ये हीरे और सोने के मुकाबले काफी सस्ते हैं, वहीं दूसरी वजह तन और मन की सेहत है। शायद चांदी के स्वास्थ्य के साथ इस रिश्ते की ही वजह है कि करीब-करीब सभी आरंभिक सभ्यताओं में लोग चांदी के गहनों को पहनते थे।

**चांदी में औषधीय गुण**

चांदी को प्राचीनकाल से ही उपचारात्मक गुणों से भरपूर माना जाता रहा है। यही वजह है कि मोहनजोदड़ो जैसी प्राचीन सभ्यता में भी चांदी के आभूषणों के निशान पाये गये हैं। दरअसल, चांदी के आभूषण हमें कई तरह की तन और मन की कमजोरियों व परेशानियों से बचाते हैं। इस विषय पर हुए कई अध्ययन बताते हैं कि चांदी के गहने पहनने से तन और मन दोनों को बहुत फायदे होते हैं। शायद यही वजह है कि इन दिनों चांदी के गहनों की बाजार में खूब मांग है। चांदी एक शक्तिशाली और रोगाणुरोधी एजेंट है। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करती है, साथ ही सर्दी और फ्लू की रोकथाम, घाव भरने और बहुत सी दूसरी समस्याओं में भी मददगार है। शोधकताओं ने पाया है कि चांदी के गहने पहनने से हमारा मूड संतुलित रहता है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बेहतर रहता है।

**ब्लड सकुर्लेशन में सहायक**

चांदी के गहने पहनने से हमारे रक्त संचार में सुधार होता है। शरीर का तापमान संतुलित रहता है और चांदी अपने गुणों के कारण स्वच्छता और प्रतिरक्षा को बनाये रखने में मददगार होती है। यही वजह है कि चांदी का हजारों औषधियों में इस्तेमाल होता है। चांदी के विभिन्न चिकित्सा उपकरण भी शरीर के लिए उपयोगी होते हैं। चांदी हमारी रक्तवाहिकाओं को लचीला बनाती है। साथ ही यह हड्डियों के निर्माण और उपचार के साथ त्वचा के रख-रखाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**विषैले पदार्थो की पहचान**

चांदी के गहने कुछ समय तक पहनने के बाद ही हम देखते हैं कि वे नीले पड़ जाते हैं। दरअसल, इनका नीला,पीला या मटमैला पड़ना हमारे शरीर की विभिन्न रासायनिक प्रतिक्रियाओं का नतीजा होता है।

एक तरह से चांदी के गहने हमें यह बताते हैं कि हमारे शरीर में किस तरह से विषैले पदार्थों की मौजूदगी बढ़ गई है और डिटॉक्सीफिकेशन जरूरी है। अगर पहने हुए चांदी के गहने नीले पड़ जाते हैं तो पता चलता है कि शरीर में सोडियम बढ़ गया है। चांदी के गहनों का यह रंग देखकर हमें याद आ जाता है कि हमें नमक और नमकीन स्नैक्स कम खाने हैं।

# शक्ति की मौलिक कल्पना

डॉ ब्रजकिशोर पाण्डेय

शक्ति के आराधना का मंगल -पर्व है नवरात्रि। शक्ति का अर्थ है उर्जा और अनंत उर्जा की प्राप्ति हेतु शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा की जाती है । नवरात्रि प्राणों का उत्सव है जिसके द्वारा जड़ता के प्रतीक महिषासुर, अहंकार और दंभ के प्रतीक शुम्भ-निशुम्भ, राग-द्वेष के प्रतीक मधु-कैटभ को नष्ट किया जा सकता है ।मनोग्रस्तता के प्रतीक रक्तबीज, तर्क-वितर्क के प्रतीक चंड-मुंड और कुदृष्टि के प्रतीक धूम्रलोचन को केवल प्राण -उर्जा के स्तर को ऊपर उठा कर ही दुर किया जा सकता है। इसलिए शक्ति की आराधना आवश्यक है। प्रार्थना, उपवास, ध्यान और मौन के माध्यम से नवरात्रि का पर्व हमें नवजीवन देती है। नवरात्रि हमें अपने आंतरिक शक्ति को पहचानने की ओर उन्मुख करती है।

कल से शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने वाला है और इस अवसर पर निराला की राम की शक्ति पूजा को स्मरण कर लेना बहुत जरूरी है क्योंकि यह मात्र एक पौराणिक आख्यान का वृतांत नहीं है बल्कि आज के युगबोध का सत्य है ।राम की शक्ति पूजा में राम अवतारी पुरुष नहीं है ,संशयग्रस्त मानव हैं। बार-बार युद्ध में रावण से हार जाने के बाद व्याकुल हैं,उनकी सारी सेना पराजित है क्लांत है, निराशा का वातावरण है और रावण के पक्ष में शक्ति को देख कर राम के मन में दुविधा उठती है :-

अन्याय जिधर है उधर शक्ति! कहते



छल- छलहो गए नयन ,कुछ बूंद पुनः ढलके दृग जल

वास्तव में अत्याचार, दुराचार के साथ सदाचार की उपेक्षा युगबोध है ।तामसी प्रवृत्ति के समक्ष सात्विक प्रवृत्ति की पराजय अकल्पनीय लगता है तब जामवंत राम को कहते हैंः-

हे पुरुष सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण
आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर
शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन
छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो रघुनंदन

यहां जामवंत राम को शक्ति की आराधना करने को कहते हैं। यहां शक्ति की मौलिक कल्पना से उनका मतलब क्या है ?वास्तव में शक्ति की मौलिक कल्पना से तात्पर्य है शक्ति का प्रयोग हमेशा जनहित में होना चाहिए ।रावण प्रतीक है शोषण ,उत्पीड़न भ्रष्टाचार का और इससे सदाचारी, सत्यनिष्ठ राम की लड़ाई है जिसमें विजय आम आदमी की सामूहिक जनशक्ति के आह्वान के बिना संभव नहीं है ।पर सवाल है कि आज के युग में क्या आज का राम इतनी शक्ति अर्जित कर पाएगा कि वह वर्तमान मायावी रावण का जो कभी सांप्रदायिक ,कभी जातीय कार्ड खेलकर ,साम दाम दण्ड भेद से जनता को बांट कर उसकी सामूहिक शक्ति को उभरने नहीं देता है समूल नाश कर सके। इसी संदर्भ में शक्ति की समुचित चिंतन, व्याख्या और मौलिक कल्पना करना चाहिए ।इसलिए निराला की राम की शक्ति पूजा का शारदीय नवरात्रि के अवसर पर और सही मायने में व्याख्या कर लेना जरूरी है ।

अंत में श्री राम देवी की पूजा करते हैं और देवी प्रसन्न होती है ।जब राम अपने आंख को अर्पित करने के लिए तत्पर होते हैं तभी उनका हाथ रोक पर देवी शक्ति मां भगवती कहती हैंः-

होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन ।
कह महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन ।

निराशा की अमानिशा हो या अत्याचार, अनाचार ,शोषण के प्रतिक मायावी रावण से युद्ध -शक्ति का संचय कर अपने पुरूषार्थ से ही विजय प्राप्त किया जा सकता है ।आशा का संचार करती हुई राम की शक्ति पूजा के संदेश शक्ति की मौलिक कल्पना करने को आत्मसात करना चाहिए ताकि अन्याय और अत्याचार पर विजय प्राप्त हो।

# नवरात्रि में नारियल पानी

**नवरात्रि** के व्रत में नारियल पानी का सेवन करना खास तौर से लाभकारी है। स्वादिष्ट पेय होने के साथ ही नारियल पानी पाचन प्रणाली सुचारु रखने व शरीर को पोषक तत्व प्रदान करने में मददगार है। इसका सेवन प्राकृतिक ताजगी देता है। निर्जलीकरण में भी उपयोगी है, साथ ही कोलेस्ट्रॉल और वसा रहित भी। सबसे बड़ी और जरूरी बात यह है कि व्रत में नारियल पानी पीने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती।

**प्राकृतिक ताजगी देने वाला पेय**

वैसे नारियल को सिर्फ व्रत के दिनों में ही नहीं बाकी दिनों में भी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह एक प्राकृतिक ताजगी देने वाला फल है। इसमें स्वास्थ्य के लिए सारे जरूरी गुणों का भंडार है। इसके गुणों की बदौलत ही यह आजकल महानगरों से लेकर छोटे शहरों और गांवों तक में जादुई पेय माना जाने लगा है। पहले आमतौर पर किसी खास मौके पर या गर्मी के दिनों में ही लोग इसका सेवन करते थे। डॉक्टर भी उल्टी और अतिसार की स्थिति में इसका पानी पीने की सलाह देते थे। लेकिन अब हर किसी को यह बात मालूम है कि नारियल पानी हर मौसम में सेहत के लिए फायदेमंद है।

**सेहत के लिए लाभकारी**

सेहत के लिए फायदेमंद होने के चलते ही आजकल सभी डायटीशियनों और चिकित्सकों द्वारा इसे सभी को पीने की सलाह दी जाती है। यह सेहत के लिए इसलिए भी लाभकारी है कि यह वजन घटाने में सहायक है। अन्य पेय पदार्थों की तुलना में इसमें सबसे कम कैलोरीज होती हैं। नमकीन नींबू पानी और सादे पानी की तरह यह हल्का और प्यास बुझाने के लिए उपयुक्त होता है। नारियल पानी में पोटैशियम काफी मात्रा में पाया जाता है, जो लोग ज्यादा वजन की समस्या से परेशान होते हैं, उनमें निर्जलीकरण की आशंका रहती है। क्योंकि उनके शरीर में सोडियम पानी के रूप में संगृहीत रहता है। ऐसे में पोटैशियम उनके शरीर के अतिरिक्त पानी को अवशोषित करता है। कुछ चिकित्सकों का मानना है कि नारियल पानी में शरीर के मेटाबोलिज्म के स्तर में वृद्धि करने की क्षमता होती है।

**पाचन क्रिया बेहतर करने में मददगार**

नारियल पानी पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होता है। यह जल्दी पचता है। यही वजह है किसी ऑपरेशन के बाद रोगी को ठोस भोजन देने से पहले नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स, विटामिन, लवण और फ्लोराइड पर्याप्त मात्रा में होते हैं। यह गैस और सीने में जलन के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। उल्टी, दस्त के रोगियों को जब निर्जलीकरण हो जाता है, तब उस स्थिति में चिकित्सक उन्हें नारियल पानी पीने की सलाह देते हैं। इसमें यूरिक एसिड होता है। इसके अलावा यह कोलेस्ट्रॉल और वसा से रहित होता है।

**टॉक्सिन बाहर**

नारियल पानी में शरीर से अवशोषित होने वाले विभिन्न टॉक्सिन को निकालने की क्षमता होती है। नारियल पानी गुर्दे की पथरी को शरीर से निकालने में भी सहायक साबित होता है। इसके अलावा इसे पीने से गुर्दों की कार्यप्रणाली सुचारू होती है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट से शरीर में मौजूद रक्तचाप का स्तर नियंत्रित होता है।

# रूटीन लाइफ से ब्रेक ले पटरी पर लायें जिंदगी



कुसुम पी

खासकर पेशेवर युवा बर्नआउट से ग्रस्त हो रहे हैं। लगातार तनाव में रहना, उमंग व फोकस की कमी तथा उदासीन रवैया बर्नआउट के संकेत हैं। इससे उनका शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है व जिंदगी के दूसरे पहलू भी। ऐसे में कार्य से ब्रेक लेना लाभकारी है वहीं रोज खुद के लिए समय निकालें, कोई हॉबी अपनाएं व दोस्तों से बातचीत बढ़ाएं।

हाल ही एक विख्यात ऑडिट फर्म की 24 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट युवती की मां ने उच्चतम स्तर तक गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की मृत्यु ओवरवर्क और स्ट्रेस के कारण हो गई। उन्होंने अपने पत्र में अपनी वेदना प्रकट करते हुए कहा कि मेरी बेटी काम के बोझ के कारण अपने तन और मन की सेहत का बिलकुल ख्याल नहीं रख पा रही थी। उसे ह्यनाह्ल कहना नहीं आया इसीलिए उसकी यह स्थिति हुई। कई शोधों के नतीजे भी बताते हैं कि बड़ी संख्या में भारतीय युवा ओवरवर्क और वर्क स्ट्रेस का शिकार हैं। इसीलिए युवा बेचैन, परेशान और उदास रहते हैं।

क्या आजकल आपका भी मन अक्सर उदास रहने लगा है? जीवन में उमंग की कमी, काम में कंसंट्रेशन की कमी और खुद को अकेला सा महसूस करने लगी हैं? आपको अपने आसपास होने वाली घटनाओं से कोई खास फर्क नहीं पड़ता? अगर इनमें से एक भी सवाल का जवाब हां में है, तो बहुत संभव है कि आप बर्नआउट की शिकार हो चुकी हैं।

**बर्नआउट के संकेत**

व्यवहार विशेषज्ञ बताते हैं कि जब तन और मन लम्बे समय तक अत्यधिक स्ट्रेस में रहने लगते हैं, तो शारीरिक, भावनात्मक और बौद्धिक रूप से इंसान थक जाता है या चुक जाता है। यही स्थिति बर्नआउट कहलाती है।

**स्ट्रेस और बर्नआउट में अंतर**

स्ट्रेस और बर्नआउट में अंतर है। स्ट्रेस एक सामान्य स्थिति है और हम सब कभी न कभी स्ट्रेस में आ जाते हैं। यह कुछ समय रहता है, फिर खुद-ब-खुद गायब हो जाता है। लेकिन जब हम लम्बे समय तक और अधिक स्तर पर अवसादग्रस्त रहते हैं, जिससे हमारी पारिवारिक, शारीरिक, सामाजिक और व्यावसायिक जिंदगी प्रभावित होने लगती है, तो यह स्थिति बर्नआउट कहलाती है।



बचाव के उपाय

ह्यदी लाइट हाउस आगेर्नाइजेशनह्ल और ह्यदी ह्यूमन डेवलपमेंट एक्सपट्र्सह्ल की मुख्य अधिकारी अपर्णा सैमुअल बालासुंदरम की रिपोर्ट के मुताबिक, बर्नआउट से बचाव और इसका इलाज भी संभव है। बस कुछ आसान से मशविरों पर अमल करना होगा।

**अपनी प्रॉब्लम पहचानें**

बर्नआउट से निपटने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है, समस्या की पहचान। आपको यह मानना होगा कि आप इस समस्या से ग्रस्त हो चुकी हैं। जब आप समझ जाएं कि आप लगातार और ज्यादा प्रेशर में या स्ट्रेस में रहने लगी हैं, तो आपको अगला निवारक कदम उठाना होगा।

**रुटीन वर्क से ब्रेक**

आप कोई ऑनलाइन मोबाइल या विडियो गेम खेलते-खेलते बीच में विश्राम लेने के लिए अकसर पॉज बटन दबाती ही होंगी। ठीक इसी प्रकार अपनी जिन्दगी के व्यस्त रुटीन का भी पॉज बटन दबा दें। अपने रुटीन और जीवनशैली का गंभीरतापूर्वक आकलन करें और गैरजरूरी गतिविधियों को बेरहमी से काट-छांट कर अलग कर दें। अपनी प्राथमिकताओं को पहचानें। कौन से काम सचमुच जरूरी और महत्वपूर्ण हैं और किन कामों में आप बेवजह अपनी ऊर्जा और समय बर्बाद कर रही हैं। अपनी व्यक्तिगत और पेशागत जिम्मेदारियां पहचानें और खुद को यह समझाना भी सीख लें कि सबको खुश रखना आपका काम नहीं है।

अपना सपोर्ट सिस्टम बनाएं

जब आप बर्नआउट की स्थिति से जूझ रही होती हैं, तो आपको भावनात्मक सहारा देने के लिए कुछ अजीज मित्रों की आवश्यकता होती है। इन मित्रों से आप अपने मन की बात कहकर दिल का बोझ हल्का कर सकती हैं। कौंसलर, थेरेपिस्ट आदि से सलाह के साथ-साथ पारिवारिक सदस्यों, मित्रों, जीवन साथी आदि से भी मन की उलझनें खुलकर बयान कर सकती हैं। इससे मन की उलझी ग्रंथी तो खुलेगी ही, आपको सही मार्गदर्शन और उनकी मदद मिलेगी। इस हेल्प ग्रुप को कारगर और उपयोगी बनाने के लिए समय-समय पर आपको भी उनकी मदद करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**रोज कुछ समय सिर्फ खुद के लिए**

आप सुबह से शाम तक कभी बच्चों के लिए, कभी पति के लिए, कभी सास-ससुर के लिए, कभी बॉस के लिए तो कभी पड़ोसियों या रिश्तेदारों के लिए ही कुछ न कुछ करती रहती हैं। लेकिन आपके पास खुद के लिए कभी समय नहीं होता। न अच्छा खाने के लिए, न ठीक से बन-संवर कर रहने के लिए और न अपनी हॉबीज पूरी करने के लिए। समस्या की जड़ तो यही है। तय कर लें कि साल में एक बार कम से कम एक हफ्ते का ब्रेक घर से बाहर लेंगी, महीने में एक बार अपनी पसंद की जगह दो-चार घंटे बिताएंगी और पखवाड़े में एक बार जरूरत पड़ने पर ब्यूटी पार्लर जाएंगी या खुद को पैंपर करेंगी और दिन का कम से कम एक या आधा घंटा अपनी अपनी मर्जी से गाने सुनकर, किताबें पढ़कर या कोई हास्य धारावाहिक देखकर बिताएंगी।

**तीन ईज से लाइफ ईजी**

तीन ई यानी एक्सरसाइज, ईटिंग हेल्दी और एंटरटेनमेंट आपकी लाइफ को ईजी बना देंगे। हर रोज अपनी फिटनेस के लिए मॉर्निंग वॉक, वर्कआउट, योगा आदि पर कम से कम 30 से 45 मिनट दें, पौष्टिक एवं सुपाच्य भोजन लें, और अपने मनोरंजन के लिए कुछ न कुछ जरूर करें। आप चाहें तो बागवानी, रीडिंग, सुडोकू, क्रॉसवर्ड, म्यूजिक, आउटडोर गेम्स (बैडमिंटन, कबड्डी) किसी भी तरीके से अपनी मनोरंजन कर सकती हैं। हां! एक बार बर्नआउट से उबरकर जिन्दगी की गाड़ी पटरी पर आ जाए, तो ऐसा न हो कि आप फिर से पुराने ढर्रे पर आ जाएं। अपनी जिन्दगी को व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से जिएंगी, तो सदा खुश और ऊजार्वान रहेंगी।

(लेखिका टेक्सास अमेरिका )

कॉर्टून वर्ल्ड



# डीएमएएफटी से हो रहा है क्षेत्र का विकास : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट ( डीएमएएफटी) की राशि से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास के कई कार्य हुए हैं और इस योजना से क्षेत्र की जरूरी विकास कार्यों को किया जा रहा है। क्षेत्र के हर इलाके शहर, गांव- कस्बे, गली के विकास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर लोगों को राहत पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी योजनान्तर्गत दो विकासयोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद कही । शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल और विधायक अंबा प्रसाद ने ग्राम सांढ में डीएमएफटी की राशि करीब 2 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि से ग्राम सांढ के दुफेड़वा आम बैजनाथ महतो के घर से धमेंद्र प्रसाद के घर होते हुए श्मशान घाट तक एवं चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए मुख्य पथ जोधी महतो के घर तक पीसीसी पर निर्माण कार्य का शिलान्यास और ग्राम गोसाईं बलिया में डीएमएफटी की राशि एक करोड़ 70 हजार की लागत से उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईं बलिया के उन्नयन हेतु विविध कार्य का विधिवत शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इस दौरान यहां पहुंचने से पूर्व बड़कागांव चौक और सांढ एवं गोसाईबलिया में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने जायसवाल का फूल माला पहनाकर और ढोल ताशे के साथ स्वागत किया। जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सांढ और ग्राम गोसाईं बलिया में नवरात्र के अवसर पर दुर्गा मंडप पहुंचकर यहां माथा टेका और माता रानी से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मुकुल देव नारायण, पारसनाथ प्रसाद,, चौपदार बलिया पंचायत मुखिया पूजा कुमारी, । विशेश्वर नाथ चौबे, भवानी प्रसाद, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, भीखन महतो, पंसस उपेन्द्र कुमारी, सुमन गिरी , सोहनलाल मेहता, पंसस प्रभु राम, टेकलाल कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अजित महतो, चन्दन पुरी, सुरेश महतो, सुखदेव महतो, त्रिलोकी महतो, सतीश राम, गिन्नी वर्मा, पूनम कुमारी, जगत नन्द गुप्ता, गोपाल कुमार दांगी, सजंय कुमार, नेहा कुमारी, राजीव रंजन, किन्नू राम, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

▶▶ बड़कागांव में मनीष जायसवाल और अंबा प्रसाद ने चार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



# बरही विधानसभा कांग्रेस की परंपरागत सीट : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही चौक पर कांग्रेस पार्टी ने जनसंवाद अभियान लक्ष्य 2024 के अंतर्गत एक नुक्कड़ सभा किया। इस सभा का उद्देश्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के संदेश और एजेंडे को जनता तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। इस नुक्कड़ सभा में कई प्रमुख नेताओं ने भाग लिया, जिनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, बरही विधानसभा हमेशा से कांग्रेस पार्टी की सुरक्षित सीटों में से एक रही है। यहां की जनता ने हमेशा कांग्रेस को समर्थन दिया है और हम इसे आगे भी बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि जनता के मुद्दों का समाधान करना है। राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने देश में असमानता और बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और जनता के हित में काम करेगी। श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों की आवाज रही है। हमने हमेशा सामाजिक न्याय और समानता के लिए लड़ाई लड़ी है, और आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगी। श्री पटेल ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस के समर्थन में आगे आएं और 2024 के चुनावों में पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाएं। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने भाषण में स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि बरही के विकास के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह से समर्पित है। उन्होंने कहा, बरही की जनता ने हमें अपना प्रतिनिधि चुना है, और हम यहां की समस्याओं को दूर करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। विकास के मामले में बरही को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का हमारा सपना है और इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम लोगों की पार्टी है, इस बार भी जनता के पूर्ण समर्थन से झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। सभा के अंत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और उन्हें आगामी चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर युवा नेता अरुण साहू, बरही विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

बरही चौक पर जनसंवाद अभियान को लेकर नुक्कड़ सभा आयोजित



## रामगढ़ में कार्यकर्ता चाहते हैं भाजपा लड़े विस चुनाव : रणंजय



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने शनिवार को प्रेस वार्ता किया। उन्होंने मीडिया कि इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता खुद का प्रत्याशी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले उपचुनाव में भी हम सभी ने पूरी तन्यमयता और समर्पण भाव से आजसू को अपने छोटे भाई की भूमिका में रखते हुए समर्थन देकर चुनाव जितवाया पर जीतने के बाद आजसू ने न तो औपचारिक रूप से कभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कोई बैठक नहीं किया। चंदनक्यारी से आजसू के पूर्व विधायक द्वारा भाजपा विधायक सह सदन में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी को बंगाल से आया बोलकर न सिर्फ गंठबंधन धर्म को ठेंगा दिखाया बल्कि उनका ये बयान आजसू की विधानसभा में मिले तीन विधायकों की संख्या शून्य करने का कारण भी बनेगा। उन्होंने कि जरूरत पड़ी तो मोदी और योगी जी का खड़ाऊ रखकर इस बार चुनाव लड़ने को तैयार है।

## प्रेस क्लब रामगढ़ के सचिव के मां का हुआ अंतिम संस्कार

**कुजू।** प्रेस क्लब रामगढ़ के सचिव सह कुजू के पत्रकार धनेश्वर प्रसाद के 83 वर्षीय मां जीरा देवी के आकस्मिक निधन के बाद शनिवार को उनका अंतिम संस्कार हेसागढ़ा स्थित चौथा नदी के तट पर किया गया। इस दौरान मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र विजय साहू ने दिया। साथ ही आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

धनेश्वर प्रसाद की माता पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिनका शुक्रवार को निधन हो गया था। अंतिम संस्कार प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार बीरू, मनोज सिंह, नीरज अमिताभ, राकेश पांडेय, संजय शुक्ला, राजेश्वर प्रसाद, राकेश रोशन उर्फ रिक्की, अजय कुमार, गिरीशचंद्र झा, ओम प्रकाश मुनि, अरविंद वर्मा, सुरेंद्र सिंह भाटिया, सुधीर सिंह, परमेश्वर महतो, सुदर्शन महतो सहित विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, समाज सेवी व प्रतिनिधि शामिल हुए।

# मुखिया ने विधायक आवास में जड़ा ताला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** शुक्रवार को करीब दो बजे मुखिया अर्चना हेमरोम ने ग्रामीणों के साथ विधायक आवास के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। आवास में ताला जड़ने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और लोगों की हुजूम विधायक आवास पहुंचने लगी। जिसके बाद आनन फानन मे पहुंचे डीएसपी और थाना प्रभारी। आवास में ताला जड़ने की सूचना विधायक उमाशंकर अकेला को दिया गया तो हजारीबाग से वे भी एक घंटे में पहुंच गए। इस बाबत जब मुखिया अर्चना हेमरोम से बात किया गया तो बताई कि मेरी शादी रवि रंजन कुमार ऊर्फ रवि यादव से बरही कोर्ट मे 22/12/2022 को कोर्ट में हुई। जिसके कुछ महीने के बाद रवि के घर वालों द्वारा मुझे काफी प्रताड़ित किया जाने लगा और मेरे साथ मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे कान का एक पर्दा भी फट गया जिसका ईलाज अभी भी चल रहा है। इसके बाद मैं फरवरी 2024 को अपने ससुराल वालों के घर के पास धरने पर बैठ गई। तीन दिन बैठने के बाद बुद्धिजीवी लोगों के समझाने के बाद मै और मेरे पति रवि रंजन यादव ऊर्फ रवि यादव रांची रहने चले गए वहां भी मेरे पति के द्वारा मारपीट किया जाने लगा और जान मारने की धमकी देता रहा। फिर अचानक वो रांची मे मुझे छोड़कर अपने घर चोरदाहा आ गया।



# जनता की हर समस्याओं का निदान करेंगे : विक्रम राणा

खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमदाग। हजारीबाग सदर विधानसभा से भावी प्रत्याशी समाजसेवी विक्रम राणा ने शनिवार को प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि जनता मुझे एक बार मौका देती है तो मैं जनता के हरेक समस्याओं का समाधान के लिए समर्पित रहूंगा। मेरा चुनावी मुद्दा है भ्रष्टाचार व अपराध पर अंकुश लगाना, जनता की स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, सरकारी व्यवस्था में सुधार लाना है और बहन बेटियों को सुरक्षा प्रदान करना। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रहती है। भीड़ के कारण अस्पताल में घंटों खड़े रहने के बाद भी मरीजों को दलालों के माध्यम से बाहर में दवाइयां खरीदनी पड़ती है। सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिला पाती है। अमीर लोग अपने बच्चों को निजी विद्यालय में पढ़ा रहे हैं। निजी विद्यालयों की मनमानी फीस के कारण गरीबों के बच्चे अच्छे शिक्षा से वंचित रह रहें हैं। प्रखंड व अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण गरीब, किसान व मजदूरों का समय से कोई काम नहीं होता है। जमीन से संबंधित व सरकार की योजना से संबंधित कार्य के लिए जनता को महिनों दिन कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इन सारी समस्याओं को लेकर मैं एक योजना बनाया हूं। जनता मुझे एक बार विधायक बनने का मौका देती है तो मैं जनता की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। मेरी योजना है कि जनता की हर समस्याओं का समाधान के लिए मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में और शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड में विधायक कार्यालय खोलुंगा। जनता की जो भी समस्याएं होगी वे लिखित या मौखिक विधायक कार्यालय में सूचना देंगे। उनकी छोटी-मोटी समस्याएं हमारे कार्यकर्ता द्वारा व बड़ी समस्याएं मैं स्वयं अपने लेटर पैड पर लिखकर संबंधित कार्यालय में देकर समाधान कराऊंगा। विधायक कार्यालय में सार्वजनिक सूचना नंबर होगा। किसी भी बहन-बेटियों को संकट होगा तो वे तत्काल संपर्क करेंगे। हमारे कार्यकर्ता उन्हें मदद के लिए तत्काल पहुंचेंगे। उन्होंने टिकट मिलने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा का एक सक्रिय कार्यकर्ता रहा हूं फिलहाल पार्टी से टिकट के लिए प्रयासरत हूं। यदि पार्टी से टिकट नहीं मिलती है तो मैं वैकल्पिक व्यवस्था से चुनाव लडूंगा।

▶▶ सदर विधानसभा के भावी प्रत्याशी राणा ने कहा,जनता मौका देगी तो हरेक गांव और वार्ड में होगा विधायक कार्यालय



## स्पीड न्यूज

### डीसी ने रामगढ़ कॉलेज का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर, मतगणना केंद्र तथा बज्रगृह स्थापित करने को लेकर जायजा लिया। उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । वहीं, उन्होंने महाविद्यालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण करने, सभी कार्यों को ससमय करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

### गोला : सड़क दुर्घटना में दो की मौत



**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के भूभई में शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के पीसीआर वैन ने बाइक सवार को धक्का मारा जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है की गोला थाना क्षेत्र के भूभई में रात 8:30 के आसपास गोला पुलिस केपीसीआर वैन ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। पीसीआर वैन की टक्कर से घटनास्थल पर ही 27 वर्षीय अजीत हेंब्रम की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय सागर हेंब्रम को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के क्रम में सागर हेंब्रम की भी मौत हो गई। बाइक सवार दोनों युवक बाइक से अपने घर की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान दुर्घटना हुई। दुर्घटना को लेकर यह भी चर्चा है की गोला पुलिस का पीसीआर वैन बाइक से कोयला ले जाने वाले लोगों का पीछा कर रही थी। इस दौरान यह दोनों बाइक सवार युवक पीसीआर वैन के चपेट में आ गए। बताया जा रहा है दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश का माहौल है।

### परवरिश स्कूल में खो खो प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में ग्रुप बी इंटर हाउस खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के पटेल हाउस, नेहरू हाउस, बिरसा हाउस, गांधी हाउस की टीम शामिल हुए। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह की सहमति से खेल सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए बधाइयां दी। मौके पर निदेशक व प्रबंध निदेशक ने खेल के महत्व और इसके लाभ को बारे में अवगत कराया। खो खो खेल ने गांधी हाउस विजेता। वहीं, फर्स्ट रनर अप बिरसा हाउस रहा। मौके पर समन्वयक रश्मि कुजूर, नाजो खातून, शिक्षक कंचन प्रसाद, अर्चना कुमारी, नंदिनी झा, रजनी कुमारी, सानू साहू, आकांक्षा मिश्रा, काजल कुमारी, चंचल सिंह, अंकित कुमारी शामिल रहे।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



**कुजू।** मोतीराम कंपलेक्स बोंगावार में शनिवार को उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन अनीता देवी ने की। बैठक में कार्यों का समीक्षा सहित लेखा जोखा की प्रस्तुति करते फाउंडेशन को आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने दुगार्पूजा के बाद पंचायत स्तरीय स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन सदस्यों को किसी भी कार्यक्रम शामिल होने की हिदायत दी। बैठक में सुखदेव सोनी, प्रकाश केसरी, आशा कुमारी, वीना देवी, शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, स्वाती देवी, संगीता देवी, मीना, गुड़िया, किरण, सोनी, पारो, लक्ष्मी, लीला, रीना, पद्मिनी, ललिता, देवंती, सुमन, रिंकू, मीरा, पार्वती, सरिता, कंचन, अंजू शामिल थे।

### मुखिया ने किया सड़का का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल सौन्दा पंचायत में डीएमएफटी फंड से से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास किया गया। पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सीसीएल सौन्दा पंचायत के मुखिया अभय कुमार ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर किया। अभय कुमार ने बताया कि यह सड़क चीफ हाउस से लालमोहन साव के घर तक करीब 38 लाख रुपए की लगात से बनेगा। सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। जन समस्याओं का समाधान और पंचायत का चहुंमुखी विकास ही मेरा उद्देश्य भी है। शिलान्यास के मौके पर मुकेंद्र कुमार, अभितेश सिंह, राजकुमार पाठक, सुरेंद्र सिंह, शत्रुधन, विनय, रेणु, छाया देवी, वर्षा बाउरी, दुर्गा साव, गीता देवी, विजय सोनी, ओम सहित दर्जनों ग्रामीण, मजदूर व पंचायतवासी मौजूद थे।

### मां चंद्रघंटा की हुयी पूजा-अर्चना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी, पतरातू सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के तीसरे दिन शनिवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की नव शक्तियों का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटाकी पूजा-अर्चना किए। साथ ही अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना किए। संध्या में माता की आरती की गई।

## एक नजर में

### सांसद ने कटकमसांडी में 3.77 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**कटकमसांडी।** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत के कई गांवों का सघन दौरा किया और करीब 3 करोड़ 77 लाख रुपए की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। जायसवाल का कटकमसांडी क्षेत्र वासियों ने ढोल- ताशे और गाजे- बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते और गाते-झूमते हुए फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। सांसद श्री जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के पबरा और कंडसार पंचायत क्षेत्र में दो प्रमुख पाथो का विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए । जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत पबरा में पंचायत भवन से डुकरा स्कूल तक ग्रामीण कार्य विभाग योजना अंतर्गत लगभग 2.80 किमी पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यस नारियल फोड़कर, पूजा- अर्चना करके और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस पथ का निर्माण कुल 1करोड़ 63 लाख रुपए से होगा। इस पथ के निर्माण से ग्राम पंचायत पबरा, खूटरा, डूकरा , सुलमी, लूपुंग, असधिर, धरहरा,बलियंद, के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिकता रही है और क्षेत्र का विकास एवं जनमानस के उत्थान को लेकर आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर लेखराज यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### आदिवासी टोला में लगा नया ट्रांसफार्मर

**कटकमसांडी।** प्रखंड के रेबर पंचायत स्थित आदिवासी टोला में शनिवार को समाजसेवी व पूर्व भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू व कटकमदाग उप प्रमुख विमल गुप्ता ने 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। स्वीच ऑन करते ही फिर से गांव बिजली की रोशनी से जगमग हो उठी। पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब था। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को दी थी। वहीं प्रदिप प्रसाद ने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया था। वीरेंद्र वीरू ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना व ग्रामीणों के हर शुखः दुख में सहयोग करना भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद की प्राथमिकताओं में से एक है। मौके पर भाजपा जिला पूर्व मंत्री राजेश ठाकुर,संजय पासवान ,पवन गिरी, महेश साव,पिंटू कुमार, विकास कुमार,पत्रष रुंडडा, जेम्स त्रिकी, मनोज कुमार,सोनी देवी,ब्रिजिड लकड़ा,प्यारी मराण्डी,कोसल खां, रशूल खां व दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मधुवन व दारू में लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**बरकट्ठा ।** जेलकेम के नेता गौतम कुमार के पहल से बरकट्ठा प्रखंड के बेडोकला पंचायत के मधुवन में 100 केबीए, दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के गाडिसाड़म में 63 केबी का ट्रांसफर्मर लगाया गया था।गौतम कुमार ने कहा अब तक पुरे बरकट्ठा विधानसभा में 100 से ऊपर ट्रांसफर्मर लगाया जा चुका है।आगे भी विधानसभा क्षेत्र में सेवा जारी रहेगा।उद्घाटन के दौरान सुदामा कुमार,संतोष कुमार,मुकेश रविदास,संतोष पासवान,गणेश प्रजापति,संदीप कुमार, रोबिन कुमार,सुनील आकाश,भोला दास,रंजन शंकर, पप्पु कुमार,मिथुन कुमार,नरेश कुमार,बैजनाथ , पिंटु राजेश ,रमेश राणा इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बेंदगी में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**बरही।** बेंदगी पंचायत के देवी मंडप के नीचे टोला में तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण बिजली विभाग को सूचित किए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी, जिसके बाद तत्परता दिखाते हुवे पूर्व विधायक ने 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिसका उद्घाटन शनिवार को पूर्व विधायक के मौजूदगी में पंसस कलावती देवी, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के हाथों संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ग्रामीणों कि सामस्या को समाधान करना हमारी प्राथमिकता है।। उद्घाटन में प्रतिनिधि झमन यादव, समाजसेवी बासुदेव यादव, बसंत पांडेय, मुन्ना यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बरही थाना में शांति समिति की बैठक



**बरही।** दुर्गा पूजा को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सीआर इंदवार ने की और संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने किया। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने उपस्थित हुए। बैठक में दुर्गा पूजा को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। इनमें सबसे प्रमुख था डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध। इस निर्णय का उद्देश्य शोरगुल और संभावित विवादों को रोकना है। इसके अलावा, सीसीटीवी कैमरों की उचित देखरेख और दुरुस्तीकरण पर विशेष जोर दिया गया ताकि सुरक्षा के किसी भी पहलू से समझौता न हो। साथ ही वोलेंटियरों की पूर्ण तैनाती का भी निर्देश दिया गया ताकि भीड़ नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं में मदद मिल सके। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि ससमय प्रतिमा का विसर्जन सुनिश्चित किया जाएगा और इसे लेकर पूजा समितियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, इसलिए पूजा समिति प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर कार्य करें। बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक इशो सिंह, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, अमित सोनी सहित पूजा समिति के सभी लोग मौजूद थे।

### लाभुकों को विधायक ने सौंपा प्रमाण पत्र



**बरही।** बरही नगर भवन में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में बरही विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य रूप से मौजूद थे। बरही डिवीजन में कुल 48962 उपभोक्ताओं का बिजली बिल कुल 624607804 रुपए माफ हुआ है। शनिवार को दर्जनों लाभुकों के बीच माफी प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर में एसी अशोक कुमार उपाध्याय, कार्यपालक अभियंता के एम हेस्सा, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सहायक अभियंता के डी प्रजापति, कनीय अभियंता अभिषेक आनंद, कनीय अभियंता चौपारण ओमकार जयसवाल उपस्थित थे। अकेला ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीबों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान और गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। मौके पर रघुवीर यादव, मो तैयब, गोविंद यादव, प्रयाग, रिजवान अली, मो गफूर, संजीव घोष, आशीष कुमार, मो रब्बानी, मनोज ठाकुर, छोटू, राजेश पाण्डेय, उमेश, हलीम, सेराज, कृष्णा, सुरेश समेत अन्य लाभुकों को प्रमाण पत्र दिया गया।



# भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मुकाबला आज



- दोनों के बीच खेली जाएगी तीन टी20 मैचों की सीरीज
- पहले टी20 मैचों की शुरूआत शाम को 7 बजे से होगी जबकि टॉस का समय 6 बजकर 30 मिनट पर होगा।

एजेंसी

**ग्वालियर।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमाने के बाद अब टीम इंडिया की नजर टी20 सीरीज पर है। भारतीय टीम आगामी तीन मैचों की सीरीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। दोनों के बीच रविवार को पहला मुकाबला ग्वालियर के श्रीमंत माधवराओ सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें भारतीय टीम जीत के साथ 1-0 की बढ़त हासिल करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी।

### संजू कर सकते हैं ओपनिंग

तीन मैचों की टी20 सीरीज में सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जबकि युवाओं को मौका मिला है। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम बांग्लादेश को पहले मैच में कड़ी टक्कर देने की तैयारियों में जुटी है। बात करें भारत की प्लेइंग 11 की तो अभिषेक शर्मा का बतौर ओपनर उतरना तय है। इस दौरान उनका साथ संजू सैमसन दे सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अब तक टी20 की पांच पारियों में बतौर ओपनर खेला है। इनमें उन्होंने 161.54 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए हैं। आखिरी बार उन्हें श्रीलंका के खिलाफ इसी साल टी20 सीरीज में ओपनिंग करते देखा गया था। इसमें वह शून्य पर आउट हो गए थे।



### चोट के बाद वापसी के लिए हार्दिक तैयार

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव उतरेंगे तो चौथे स्थान पर रियान पराग खेलते हुए नजर आ सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ इसी साल डेब्यू करने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक चार पारियों में 57 रन बनाए हैं। वह श्रीलंका दौरे पर भी भारत की टीम का हिस्सा थे। पांचवें नंबर पर स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या उतरेंगे जो दो महीने से ज्यादा समय के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में क्रिकेट में वापसी करेंगे। छठे स्थान पर रिंकू सिंह को मौका मिलेगा। श्रीलंका दौरे पर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले थे।

### दो खिलाड़ियों को मिल सकता है डेब्यू का मौका

यह सीरीज दो खिलाड़ियों के लिए खास साबित हो सकती है। बीसीसीआइ ने मयंक यादव और हर्षित राणा को आगामी सीरीज के लिए टीम का हिस्सा बनाया है। आइपीएल 2024 में इन दोनों ने अपनी घातक गेंदबाजी से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी में माहिर हैं। चार मैचों में उन्होंने सात विकेट हासिल किए थे। हालांकि, पीठ में चोट की समस्या के कारण उन्हें लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### अर्शदीप करेंगे तेज गेंदबाजी यूनिट का नेतृत्व

वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार गेंदबाज हर्षित राणा इस बार टी20 टीम में जगह हासिल करने में कामयाब हुए हैं। पिछली बार उन्हें श्रीलंका दौरे पर वनडे टीम का हिस्सा बनाया गया था। हालांकि, वह प्लेइंग 11 में जगह नहीं बना पाए थे। इस बार उम्मीद है कि कप्तान उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का मौका दे सकते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई अर्शदीप सिंह करेंगे। वहीं, स्पिनर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर और रवि बिश्नोई टीम का हिस्सा होंगे।

**हेड टू हेड**

| | |
|---|---|
| कुल मैच - | 14 |
| भारत - | 13 जीत |
| बांग्लादेश - | 1 जीत |
| टाई - | शून्य |



## भारत-पाक का महामुकाबला आज



**दोनों टिम इस प्रकार हैं**

**भारत :** शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका ठाकुर सिंह।

**पाकिस्तान :** मुनीबा अली, गुल फिरोजा, सिद्रा अमीन, निदा डार, आलिया रियाज, ओमैमा सोहेल, फातिमा सना (कप्तान), तुबा हसन , नशरा संधू , डायना बेग , सादिया इकबाल।

**मैच का समय : दोपहर 3.30 बजे से।**

एजेंसी

**दुबई।** पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं। भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया। उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा। यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था।

## चोटिल दुबे बांग्लादेश टी-20 श्रृंखला से हुए बाहर

**मुंबई ।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे पीठ में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू हो जा रही तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गये हैं। टीम में उनकी जगह तिलक वर्मा को शामिल किया गया है। तिलक रविवार सुबह भारतीय टीम के साथ जुड़ जाएंगे। बीसीसीआइ ने विज्ञप्ति में कहा, पीठ में चोट के चलते ऑलराउंडर शिवम दुबे टी-20 श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। सीनियर चयन समिति ने दुबे की जगह तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने फैसला किया है।

# मुंबई ने 27 साल बाद जीता ईरानी ट्रॉफी का खिताब

एजेंसी

**लखनऊ।** मुंबई ने शनिवार को लखनऊ में शेष भारत के खिलाफ जीत हासिल कर ईरानी कप का खिताब अपने नाम कर लिया। अजिंक्य रहाणे की टीम ने शेष भारत को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हरा दिया और 27 साल बाद ईरानी कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। मुंबई ने आखिरी बार 1997-98 में यह खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद टीम को आठ बार फाइनल में पहुंचने का मौका मिला लेकिन कभी ट्रॉफी नहीं जीत सकी। तनुष कोटियान के नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने पांचवें दिन मैच ड्रॉ करा दिया। मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की। इस तरह मुंबई की कुल बढ़त 450 रन की हो गई। पहली पारी में 64 रन बनाने वाले कोटियान ने 20 रन से आगे खेलना शुरू किया और 150 गेंद में 114 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल है। एक सत्र से भी कम समय में 451 रन के लक्ष्य का पीछा करना नामुमकिन था जिससे शेष भारत के कप्तान गायकवाड़ ने ड्रॉ के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी अजिंक्य रहाणे से हाथ मिलाया। इस तरह गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई ने मैच जीत लिया।




### 15वीं बार विजेता बनी मुंबई की टीम

मुंबई ने 15वीं बार ईरानी कप का खिताब जीता है। टूनार्मेंट की शुरूआत 1959-60 में हुई थी। ईरानी कप के पहले तीन सीजन को मुंबई ने अपने नाम किया था। चौथे सीजन को रेस्ट ऑफ इंडिया ने जीता। तब मुंबई बॉम्बे के नाम से खेलती थी। अभी तक रेस्ट ऑफ इंडिया सबसे ज्यादा 30 बार खिताब जीत चुकी है। मुंबई ने 30 बार इसमें हिस्सा लिया है। 6 बार कर्नाटक की टीम चैंपियन रही है।

## कोको गॉफ चीन ओपन के फाइनल में पहुंची

**बीजिंग।** अमेरिका की कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को पाउला बडोसा को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर चीन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। यह लगातार तीसरा मैच है जब गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद दमदार वापसी कर मैच को अपने नाम किया। डब्ल्यूटीए-1000 स्तर के इस टूनार्मेंट के फाइनल में छठी रैंकिंग वाली गॉफ के सामने रविवार को फाइनल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन या चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। यह 20 साल की खिलाड़ी 19वी रैंकिंग पर काबिज बडोसा के खिलाफ शुरूआती सेट को गंवाने के बाद दूसरे सेट में 1-3 से पिछड़ रही थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी कर मुकाबले को अपने नाम किया।

# आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**शारजाह।** मेगन शूट (तीन विकेट) और उसके बाद बेथ मूनी (नाबाद 43) रनों की शानदार की बदौलत आस्ट्रेलिया ने शनिवार महिला टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में श्रीलंका को हरा दिया है। मेगन शूट को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। 94 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलिया की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने आस्ट्रेलियाई कप्तान अलिसा हीली (4) को बोल्ड कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद तीसरे ओवर में जॉर्जिया वेयरहम (3) पर रनआउट हुई। इस दौरान बेथ मूनी एक छोर थामे खड़ी रही और तेजी के साथ रन बनाती रही। उन्होंने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिये 43 रन जोड़े। पेरी (17) को सुगंधिका कुमारी ने बोल्ड आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (12) को इनोका रनावीरा ने आउट किया। बेथ मूनी ने 38 गेंदों में चार चौके लगाते हुये (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। फीबी लिचफील्ड (9) रन पर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 14.2 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, इनोका रनावीरा और सुगंधिका कुमारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 25 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। विश्मी गुणारत्ने (शून्य), कप्तान चमारी अटापट्टू (तीन) और कविशा दिलहारी (5) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान हर्षिता समाराविक्रमा एक छोर थामे रहीं। 13वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने हर्षिता को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता ने 35 गेंदों में (23) रन बनाये।

अनुष्का संजीवनी(16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) पर आउट हुई। दोनों को मेगन शूट ने आउट किया। जबकि हसिनी परेरा (2) जॉर्जिया वेयरहम का शिकार बनी। श्रीलंका के लिए नीलाक्षी डिसिल्वा ने (नाबाद 29) रनों की पारी खेली। इनोशी प्रियदर्शिनी (2) रन पर नाबाद रही।श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के आगे खुलकर नहीं खेल सका।



## पाक के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए स्टोक्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कथित तौर पर वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। स्टोक्स की अनुपस्थिति में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे। अगस्त में हंड्रेड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज से बाहर हो गए थे, उनके अब और क्रिसमस के बीच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में छह टेस्ट मैचों में के लिए कप्तानी फिर से शुरू करने की उम्मीद थी। स्टोक्स शुक्रवार को मुल्तान में लगभग 40 डिग्री की गर्मी में प्रशिक्षण के दौरान एक या दो ओवर फेंके। उनकी अनुपस्थिति से इंग्लैंड को एक बार फिर इस पर काम करने की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा, वह अपनी चोट से अच्छी तरह उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक पता नहीं है। टीम के संतुलन के बारे में पूछे जाने पर, क्रॉली ने जवाब दिया, 'हमारे पास गेंद और बल्ले के साथ बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जैसा कि गर्मियों में साबित हुआ।



## उत्तराखंड और मणिपुर ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की

**रांची।** 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के छठे दिन शनिवार को हॉकी उत्तराखंड और मणिपुर हॉकी ने अपने-अपने मैच जीते। झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये दिन के पहले मैच में हॉकी उत्तराखंड ने पूल ए में केरल हॉकी को 3-1 से हराया। हॉकी उत्तराखंड के लिए खेल का पहला गोल प्राची ने 21वें मिनट पहला गोल किया। केरल हॉकी ने शानुशा पी एम ने (29वें मिनट) के गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। आरती ने (50वें मिनट में) गोलकर हॉकी उत्तराखंड की बढ़त दोगुना कर दिया और इसके बाद प्राची ने फिर से 56वें मिनट में गोलकर अपनी टीम की सुनिश्चित की।

## श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप वनडे में कप्तानी करेंगे और ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल टी20 में कप्तान होंगे, क्योंकि क्रिकेट वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए टीम की घोषणा की है। निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर, आंद्रे रसेल और अकील होसेन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज की आगामी सीरीज से बाहर होने का विकल्प चुना है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, अकील होसेन और शिमरोन हेटमायर सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत कारणों से दौरे से बाहर होने का विकल्प चुना है, जिससे नए चेहरों और वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल गया है। टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उन्हें श्रीलंका सीरीज के लिए चुनी गई टीम पर पूरा भरोसा है। सैमी ने कहा, 'श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई को परखने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर तब जब कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से बाहर हैं, जिसमें चोट से उबरने और पुनर्वास की आवश्यकता भी शामिल है। हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम की क्षमता पर भरोसा है।

## इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 21 रनों से हराया

**शारजाह।** डेनियल वायटर (41) और मैया बाउचियर (23) रनों की पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदर प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शनिवार को महिला टी-20 विश्वकप के छठे मैच बांग्लादेश को 21 रनों से हरा दिया है। इंग्लैंड के लिए 41 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाली डेनिएल वायट को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर अपने दो विकेट खो दिये। दिलारा अख्तर (6) और शाति रानी (7) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद शोबना मोस्तारी और कप्तान निगार सुल्ताना ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में निगार सुल्ताना (15) रनआउट हो गई। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की ओर बढ़ रही बांग्लादेश के कदम रोक दिया। शोर्णा अख्तर (2),ताज नेहर (7) और ऋतु मोनी (2) रन बनाकर आउट हुई। शोबना मोस्तारी ने 48 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (44)रन बनाये।

## राणजी ट्रॉफी : गुजरात की 16 सदस्यी टीम का ऐलान

**अहमदाबाद।** रणजी ट्रॉफी टूनार्मेंट 2024-25 के लिए 16 सदस्यीय गुजरात सीनियर पुरुष टीम की घोषणा की गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित टूनार्मेंट में चिंतन गजा की अगुवाई में गुजरात की टीम 11 अक्टूबर को हैदराबाद से हैदराबाद में अपना पहले मैच खेलेगी। इसके बाद 18 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश के साथ अहमदाबाद में दूसरा मुकाबला होगा। तीसरा मैच 26 अक्टूबर को राजस्थान के साथ जयपुर में खेला जायेगा। चौथा मैच छह नवंबर को पुडुचेरी की टीम के साथ अहमदाबाद में होगा। वहीं पांचवें मुकाबले में गुजरात की टीम विदर्भ के साथ नागपुर में भिड़ेगी।

# एचआइएल की वापसी हॉकी के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं : हरमनप्रीत

एजेंसी

**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग के वापसी की घोषणा की। संशोधित एचआइएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों रांची, झारखंड में मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी। महिला लीग का समापन 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते सितारे थे, और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया। उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के स्तर को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है और इसकी घोषणा के बाद बेहद खुशी हैं। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, भारतीय हॉकी के लिए हॉकी इंडिया लीग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। पिछली बार यह सीखने का एक शानदार अनुभव था और मुझे यकीन है कि सभी हॉकी खिलाड़ी लीग में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, उनके खेलने के तरीके में सूक्ष्म अंतरों को देखने और उन अच्छी आदतों को अपनाने का प्रयास करने का एक शानदार अवसर होगा जो वे नोटिस करते हैं। हरमनप्रीत सिंह ने 2017 हॉकी इंडिया लीग के दौरान छह गोल किए और उन्हें टूनार्मेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। तब से उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल करके हॉकी जगत में तहलका मचा दिया है। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे अलग-अलग कोचों के तहत अलग-अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। लीग में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना आपके दिमाग को खोलता है और आपको कई दृष्टिकोण और सोचने के तरीके प्रदान करता है।



यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अभिन्न था और इसने निश्चित रूप से टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया जहां हमने कांस्य पदक जीता। एचआइएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी 24 खिलाड़ियों की एक टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करना) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख के आधार मूल्य के साथ तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग इस बार बहुत बड़ी होगी; एक महिला लीग भी होगी जो दोनों स्थानों पर एक ही समय पर चलेगी। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बनने की यात्रा में अमूल्य साबित होगा।

नीलामी जल्द ही होने वाली है और मैं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जहां तक मेरी बात है, मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मैं किस टीम का प्रतिनिधित्व करूंगा और हॉकी क्रांति कब फिर से शुरू करूंगा।

## शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में पहुंचे अल्काराज

एजेंसी

**शंघाई।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को चीन के शांग जुनचेंग को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने पहले गेम में ब्रेक लिया और 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले महीने चेंगदू ओपन में एटीपी टूर एकल खिताब जीतने वाले केवल दूसरे चीनी खिलाड़ी बने शांग, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ ज्यादा हासिल नहीं कर सके। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं हाल ही में वास्तव में अच्छा टेनिस खेल रहा हूं इसलिए मैं इसे जारी रखना चाहता हूं और इसे महसूस करना चाहता हूं, मैंने सिर्फ एक अभ्यास किया था और फिर सीधे इस मैच में पहुंच गया, इसलिए पहले मैच में यह स्तर दिखाने में सक्षम होने पर मुझे वास्तव में गर्व है। अल्कराज ने नौ मैचों की जीत के साथ टूनार्मेंट में प्रवेश किया, उन्होंने हाल ही में बीजिंग में चाइना ओपन जीता, और फाइनल में शीर्ष क्रम के इतालवी जैनिक सिनर को हराया।



# हेमंत सरकार ने माताओं व बहनों को सम्मान दिया : कल्पना

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के तोड़ांग मैदान पर मईया सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सह गांडेय विधानसभा के विधायक कल्पना सोरेन महिला बाल विकास सह सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री बेबी देवी कृषि पशुपालन सहकारिता सह आपदा विभाग मामले के मंत्री दीपिका पांडे और स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए।

झारखंड शहीदों की भूमि है, शहीदों का आशीर्वाद हमारे साथ है। हमने शहीदों से सीखा है कि परिस्थिति कितनी भी विषम क्यों न हो, आपकों हमेशा लडते रहना है, झूकना नहीं है। झारखंड ने कभी झूकना नहीं सीखा है निरंतर लड़ना सीखा है। यह हमारे पूर्वजों ने हमें सीखाया है। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले के सरकारों ने इस पर क्यों नहीं सोचा? यह अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम है। पर मंईयां सम्मान योजना क्रांतिकारी कदम पर कुछ लोगों को महिलाओं को मिलने वाली खुशियां बरदास्त नहीं होती। हमें तो उनके सोच पर ही तरस आता है। आज वे दीदी गोगो योजना का फॉर्म भर रहे है। इतने दिनो तक कहा थे। सवाल पुछाना चाहुंगी कि जब ऐसे ही कार्यक्रम दूसरे राज्यों में बनते है, तो वह संवैधानिक हो जाते है, लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन कुछ भी करे तो वह असंवैधानिक कैसे हो सकता है? इसे रोक लगाने के लिये पीआईएल किया जाता है। पीआईएल करने वालों से पुछना चाहती हूं कि क्यां उन्हें हमारी आधी आबादी की खुशियां बरदास्त नहीं होती। पूर्व की सरकारों ने महिलाओं के लिये कुछ नहीं किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेबी देवी दीपिका पांडे और विधायक विकास कुमार मुंडा ने हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना की उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर उपयुक्त मंजूनाथ ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल उप विकास आयुक्त सहित हजारों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

### क्या कहा कल्पना ने

कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने अपने पूर्व के पांच साल में क्यों नहीं माता-बहनों के बारे में सोचा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी की अगुवाई में राज्य की तमाम माताओं और बहनों को सम्मान दिया है। मंईयां सम्मान यात्रा के माध्यम से हम महिलाओं की खुशी देखने आये है।

# रामटहल चैधरी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### ओरमांझी में एक भी वीएलडबल्यू नही

### मुख्यालय में कर्मी की कमी जनता परेशान

### कई पंचायत में पंचायत सेवक नही है

- प्रखंड व अंचल कर्मियों की कमी के कारण किसी का कार्य नही हो पा रहे हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड व अंचल कार्यालयों में कर्मचारीयों का घोर अभाव से जनता को हो रही परेषानियों को लेकर पूर्व सांसद रामटहल चैधरी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा गया है। रामटहल चैधरी ने बताया कि दो दिन पूर्व ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय में जनाता को परेशान देखा गया। बताया गया कि प्रखंड व अंचल कर्मियों की कमी के कारण किसी का कार्य नही हो पा रहे हैं। जनता को हो रहे परेषानियों के संबंध में उन्होने मुख्यमंत्री को बताया कि ओरमांझी प्रखंड में वीएलडब्ल्यू एक भी नहीं है। वहीं कई पंचायत में पंचायत सेवक भी नहीं है। प्रत्येक विभाग में सुपरवाइजर की कमी है। रांची जिला ही नही पुरे झारखंड में यही स्थिति बनी हुई है। इसके अलावे विद्यालय व महाविद्यालयों में शिक्षकों की भी कमी है। उन्होने कहा मुख्यमंत्री द्वारा अक्सर पदों को भरने की घोषणा की जाती है। लेकिन अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हुआ। जिस प्राकार से सभी विभागों में बोझ बढ़ा है। उस अनुपात में कर्मचारी व पदाधिकारियों की घोर कमी है। उन्होने मुख्यमंत्री से कहा है सरकार द्वारा जन सुविधा के कई कार्य किए जा रहे हैं। उसी तरह प्रखंड व जिला स्तर में रिक्त पदों को भी भरने का कार्य करें। जिससे आम जनता को लाभ हो और परेशानी नहीं होगी। वहीं सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ आम जनता की परेषानी दूर होगी।

## स्पीड न्यूज

### आठ को रातू आयेंगी विधायक कल्पना सोरेन

**रातू।** विधायक कल्पना सोरेन 8 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे सीएन राज हाई स्कूल मैदान में आयोजित मंइयां सम्मान यात्रा समारोह में भाग लेंगी। वह महिलाओं को संबोधित कर राज्य सरकार के उपलब्धियों की जानकारी देंगी। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। शनिवार को उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, सीओ रवि कुमार व थानेदार रामनरायण सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, मंडल अध्यक्ष अतुल राज, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव आदि मौजूद थे।

### प्रसव पूर्व जांच शिविर लगाया गया

**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन के द्वारा शनिवार को मासू गांव में विशेष प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उषा मार्टिन सी एसआर के सहयोग से लगाया गया। शिविर में डॉक्टर श्रीमती सोसन लकड़ा डॉक्टर श्रीमती मौसमी कुमारी की टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें पौष्टिक आहार व्यायाम और गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं के बीच आवश्यक विटामिन और आयरन की गोलियों का भी वितरण किया गया। शालिनी अस्पताल के मुख्य प्रशासक बिपिन चौहान ने ने बताया कि इस प्रकार के कैंप का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके होने वाले शिशु की सेहत का विशेष ध्यान रखा जा सके। इस कैंप के सफल आयोजन में शालिनी अस्पताल के सहायक प्रबंधक शिशिर भगत रंगलाल महतो संपूर्णानंद महतो दिलीप मुंडा ग्राम की सहिया आंगनवाड़ी सेविका का सराहनीय योगदान रहा।

### दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**माण्डर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूयूशन में शनिवार को को नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बताया गया नवरात्र लोगों में यह संदेश देता है कि सत्य की हमेशा विजय होती है और यह पावन महोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्ता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# राहे में 4 करोड़ 36 लाख से कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने शनिवार को राहे प्रखंड के नावाटोली, चांगो, सिरिडीह, गुसलुटोली, सीसीटांड, महेशपुर और फुलवार गांव 4 करोड़ 36 लाख से पीसीसी सड़क,चबूतरा निर्माण कार्य, शमशान सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किए।

शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी, मध्यान्ह भोजन आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य सकारात्मक सोच के साथ जेनरेशन को विकसित करना है।

मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, सहित सभी पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, ग्राम प्रधान महिला समिति, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, प्रखंड कमिटी का सदस्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव

- हटिया में मेगा आइटी पार्क, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की मांग को लेकर पत्र सौंपा
- सोरेन ने कार्रवाई का दिलाया भरोसा
- इलाके के ग्रामीणों में खुशी की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। श्री शाहदेव ने बताया कि हटिया विधान सभा क्षेत्र में मेगा आइटी पार्क की खोलने, रातु व नगड़ी प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण और सदर अस्पताल की तर्ज पर नगड़ी में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण की मांग की गयी है। उन्होंने जानकारी दी कि मेगा आइटी पार्क के निर्माण से राज्य के 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। रोजगार सृजन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। नगड़ी व रातु प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के बनने से क्षेत्र के बच्चे और युवाओं को खेल गतिविधियों के लिये बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे न केवल उनका शरीर मजबूत होगा, बल्कि उनके बेहतर भविष्य निर्माण में भी मदद मिलेगी। नगड़ी प्रखंड में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के स्थापित होने से रिम्स व सदर अस्पताल में मरीजों का बोझ कम होगा। इससे क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने श्री शाहदेव को इस पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। श्री सोरेन की ओर से प्रस्तावित योजनाओं को धरातल पर उतारने की आश्वासन के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुशी का इजहार करते हुये श्री शाहदेव के पहल की सराहना की है।

# भाजपा की सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना से महिलाओं को मिलेगा 2100 महीना : रामनारायण

- आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में गोगो दीदी योजना को लॉन्च किया गया है

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** मांडर के युवा भाजपा नेता रामनारायण भगत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर झारखंड में महिलाओं और बेटियों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में गोगो दीदी योजना को लॉन्च किया गया है। और इसे चुनाव के बाद सत्ता में आने पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी सभी महिलाओं को अन्य राज्यों के तर्ज पर गोगो दीदी योजना से सभी महिलाओं को 2100रु प्रतिमाह मिलने लगेंगे। उन्होंने कहा इस योजना से गरीब परिवारों से आने वाली महिलाओं और बेटियों को हर महीने 2100 रूपया की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस योजना के तहत वार्षिक रूप से 25 हजार 200 की राशि उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना से राज्य की गरीब और पिछड़ी वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। जहां महिलाएं आर्थिक रूप से निर्भर होती हैं। सरकार चाहती है कि इन महिलाओं को वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाए। जिससे वे अपने जीवन में सुधार कर सकें। साथ ही योजना से वे अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी कर सकती हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना भेद किये प्रत्येक घर को शौचालय एवं पीएम आवास दिया। सभी को राशन दिलवाया। उन्होंने भाजपा का पंचप्रण के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें भाजपा की सरकार बनने पर पांच लाख रोजगार व 2 लाख 87 हजार सरकारी नौकरी, महिलाओं को 21 सौ रुपया महीना, 500 में गैस सिलेंडर व साल में दो मुफ्त, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट को हर महीने 2 हजार तथा हर झारखंडी को पक्का मकान देने का प्रावधान है।

### समाज के लोगों में आज भी जिंदा है ईमानदारी

# बड़काटोली की विधवा को लौटाया गया खोया पर्स

- 11 सौ नकद और कागजात
- सीमा उरांव ने जतायी खुशी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** समाज के लोगों में आज भी ईमानदारी जिंदा है। बड़काटोली की सीमा उरांव पूजा करने जा रही थी। रास्ते में उनका पर्स गिर गया। इसमें 11सौ नकद, आधार, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी समेत कई अन्य जरूरी कागजात थे?। पर्स चितरकोटा बड़काटोली निवासी पुनीत उरांव की मां को मुर्गू चौक में मिला। मां ने अपने बेटे से कागजात देखकर पता करने और सही सलामत उस तक पहुंचा देने की बात कही। समाजसेवी गोयंदा उरांव को भी इसकी जानकारी दी गयी। कागजात के आधार पर श्री उरांव ने बड़काटोली निवासी तुलसी उरांव को सूचना दी। इसके उपरांत, विधवा सीमा उरांव को रुपये और कागजात सुपुर्द कर दिया गया। मौके पर गोयन्दा उरांव, पुनीत उरांव, तुलसी उरांव व सुकरा उरांव मौजूद थे। इधर, खोये हुये पर्स पाकर सीमा बेहद खुश हुयी। उन्होंने श्री गोयंदा उरांव व पुनीत उरांव के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना शिविर का आयोजन



**मांडर।** बिजली बिभाग द्वारा मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना शिविर का आयोजन शनिवार को प्रखंड के मुड़मा जतरा मैदान में किया गया। इस शिविर में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत सौ से अधिक लाभुकों के बीच बिजली बिल माफी को लेकर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। विभाग के जेई आशीष कुमार मुंडा ने बताया कि सरकार की इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। 200 यूनिट प्रतिमाह माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क जैसे कि एनर्जी चार्ज, फिक्स चार्ज 200 यूनिट तक खर्च करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को दी जा रही है जो जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू है। मौके पर कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, समाजसेवी आबिद अंसारी, मुखिया बंधना उरांव, विकास द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

# डकरा खान प्रबंधक बने जीएम यूनिट में हुए स्थानांतरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** डकरा परियोजना के खान प्रबंधक लोकनाथ राणा साहब का स्थानांतरण एन के एरिया के महाप्रबंधक कार्यलय विभाग में हुआ। वे कई वर्षों से डकरा परियोजना खान प्रबंधक के रूप में सेवा दे रहे थे। जिसे प्रमोशन करते हुए एनके एरिया के जीएम यूनिट विभाग में स्थानांतरण किया गया। डकरा परियोजना के खान प्रबंधक के रूप में अशोक कुमार का आगमन हुआ। पूर्व खान प्रबंधक के स्थांतरण पर डकरा परियोजना के सभी अधिकारी गण माइनिंग सरदार कर्मचारी ने परियोजना में सामूहिक रूप से विदाई समारोह एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। वही राणा साहब ने नए खान प्रबंधक को अपनी जिम्मेवारी सौप दिए।



### अवसर पर उपस्थित लोग

इस अवसर पर देवपाल मुंडा, प्रीति दास, तनवीर आलम, अजीत सिंह, कमल गोगवानी बैजनाथ, विक्रांत कुमार, अरुण मीणा, उदय सिंह, नवनीत शिखर, सुरेंद्र चौहान, एसएन प्रसाद, बालमुकुंद पांडे, संजय प्रसाद , सलीम खान, सुखराम सेठ, सुरेंद्र चौहान आनंद राज, मंजर हुसैन, अभिषेक कुमार, मयुर गंझु, मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अज्ञात अपराधियो ने शंकर महतो के घर में फायरिंग कर चेतावनी दी, मामला दर्ज

## अवैध बालू उठाव को लेकर घटना का अंजाम दिया : सूत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के पुरनीराय बम्बई होटल शंकर महतो के घर के बंद दरवाजे पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर घटना का अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार शंकर महतो (34) पिता-स्व सिद्धू महतो, ग्राम-बम्बई होटल (पुरनीराय) थाना-खलारी के निवासी के घर में शुक्रवार की शाम के समय दो अज्ञात व्यक्ति शंकर महतो के पत्नी से शंकर के बारे में पता करने लगे। इस पर अज्ञात लोगों बात दिया गया कि मेरे पति घर में नही है। उसके बाद बंद दरवाजे में ही दो अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग कर बुढ़मू के रास्ते भाग गए। घर मे घटी घटना की जानकारी पत्नी ने शंकर को दिया। घटना के संबध में थाना में आवेदन के अनुसार बताया गया कि सारा खेल अवैध बालू से लिप्त मामला है। बताया जाता है कि कुछ ग्रामीण अपने क्षेत्र से अवैध बालू उठाव करने का भारी विरोध कर रहे है। ग्रामीणों ने बैठक कर फैसला लिया कि एरिया से कोई भी अवैध कार्य नही होगा और न ही बाहरी लोगो को गलत करने देंगे। इस पर शंकर महतो के मोबाइल पर 3 अक्टूबर के दिन वि० के० एस. तिवारी के नाम पर धमकी भरे फोन आया की नेतागिरी कर रहे हो नेतागिरी छोड़ दो नहीं तो गोली मार देंगे। इसके साथ दिलेश्वर महतो व मनोज महतो के के पास में धमकी भरे फोन आया था। घर के दरवाजे पर गोलीबारी की घटना की जानकारी खलारी पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना पाकर दल बल के साथ थाना प्रभारी व डीएसपी घटना स्थल पहुँचे। इसके बाद खलारी थाना में मामला दर्ज कराया गया।

## एक नजर में

### क्वालिस के धक्के से डयूटी जा रहे सेना के लांस नायक गंभीर रूप से घायल

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के कुटियातु मैदान समीप हुई सडक दुघर्टना में सेना का लांस नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर ईलाज हेतू सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में घायल लांच नायक बाला साहेब विठठल लवाटे ने नामकुम थाना में टोयटा क्वालिस संख्या जेएच01जी 9050 के चालक ब्रिज गोसाई पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में लांस नायक ने बताया है कि वह षुक्रवार रात को यूनिट से डयूटी जाने के लिए निकला था उसी दौरान लगभग साढे छह बजे क्वालिस चालक ने तेजी एंव लापरवाही से चलाते हुए उन्हे पीछे से धक्का मार दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गयी। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि घायल लांस नायक बाला साहेब विठठल लवाटे के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कर क्वालिस को जब्त कर लिया गया है और छानबीन षुरू कर दी गयी है।

### मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण



**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा शिविर लगा कर मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत घरेलू विधुत उपभोक्ता के बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर में प्रखंड के 175 उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र दिया गया। बिल माफी प्रमाण पत्र लेते हुए उपभोक्ता काफी खुश थे। मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ हिमांशु कुमार, जेई अशोक प्रिया, ऑपरेटर मतीन अंसारी, शुभम कुमार, नेमतुल्लाह अंसारी, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष अबरार इमाम, अहमद अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### मंत्री इरफान अंसारी ने ओरमांझी में किया ग्रामीण विकास योजना का शिलान्यास



**ओरमांझी।** झारखंड सरकार के ग्राामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी व विधायक राजेश कच्छप द्वारा शनिवार को ओरमांझी प्रखंड में आठ महत्वपूर्ण येजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिसके तहत प्रखंड के होचई साहेदागढ़ा सदमा चैक से बुंडू मायापुर होते हुए पोड़ेयाटांड़ तक का पथ का सुद्दढ़ीकरण होगा। इसके अलावे डहु मड़ई से कुल्ही मड़ई बरवे, उलातु से सियारटोली तक, झिरी से नकवाटोली होते हुए चेतनबारी एनएच-20 तक पथ, एनएच-33 सड़क से कुरूम चेतनबारी तक व पांचा से मतातु तक इन सभी पथ का सुद्दढ़ीकरण होग। जबकि काशीटोला से टंगटंगटोली तक पथ निर्माण व टुंडाहुली मोचन गढ़ा पर पुल का निर्माण किया जाएगा। इरफान अंसारी ने कहा जब तक गांव के लोगों को सुविध व गांव का विकास नही होगा। तबतक गांव से गरीबी दूर नही होगी। वहीं राजेष कच्छप ने कहा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के गांव तक कई योजना पहुंचाई जा चूकी है। ग्रामीण विकास मंत्री की पहल से अब बच्चे हुए योजना व जरूतों को भी पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। षिलान्यास कार्यक्रम में कांगेस के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खवार, स्थानीय जनप्रतिनिणि व कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### पेंशनर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक शिल्पी तिर्की से की मुलाकात



**इटकी।** पेंशनर समाज इटकी का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिला और इटकी पीएचसी में एक महिला डॉक्टर सहित अन्य डॉक्टर के शीघ्र पदस्थापन करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा विधायक को केंद्र में महिला चिकित्सक के अभाव में स्थानीय महिला रोगियों को हो रहे कठिनाईयों से अवगत कराया गया। वहीं बताया गया कि केंद्र में चिकित्सकों की कमी से प्रखंडवासियों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है। साथ ही मुख्य सड़क से पीएचसी तक की सड़क का न होना भी ग्रामीणों को केंद्र तक पहुंचने में कष्टदायक साबित हो रहा है। विधायक द्वारा स्थिति को समझते हुए दूरभाष पर बेड़ो सीएचसी प्रभारी को इटकी केंद्र में सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। पेंशनर समाज के प्रतिनिधिमंडल में मुश्ताक आहमद, मो अलीहसन, मो. सज्जाद, किशोर गोप व नुरूल हक शामिल थे।

### वैक्सपाल इंडस्ट्रीज में यूनियन की पहन पर बीस प्रतिषत बोनस भुगतान हुआ

**नामकुम।** वैक्सपाल इंडस्ट्रीज वर्कर्स यूनियन की पहल पर दुर्गा पूजा के अवसर पर मजदूरों के बीच बीस प्रतिषत बोनस भुगतान कराया गया। मामले में यूनियन के अध्यक्ष अषोक मिश्रा ने बताया कि यूनियन की ओर से बीस प्रतिषत बोनस की मांग रखी गयी थी। जिसपर श्रमायुक्त के समक्ष यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता कर मजदूरों को बोनस दिलवाया गया। यूनियन ने बोनस भुगतान को लेकर प्रबंधन और श्रमायुक्त को धन्यवाद दिया है। साथ ही मजदूरों को दुर्गा पूजा की षुभकामनाएं दी है। मौके पर यूनियन के सहदेव महतो,हेमंत महतो और नंदकिषोर महतो आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा में निर्बाध विद्युत आर्पूर्ति बाहल रहेगी

**ओरमांझी।** दुर्गा पूजा में निर्बाध विद्यूत आपूति कराने को लेकर विभाग द्वारा सब स्टेषन व लाइन कार्य विषेष रूप से कराई जा रही है। शनिवार को विभाग के कनीय अभियंता देवनंदन राम ने 33/11 केबी पीएसएस विकास व क्षेत्र के विद्यूत लाइन की सर्विसिंग कार्य पूरा कराया गया। उन्होने कहा विभाग का प्रयास है कि दुर्गा पूजा में 24 घंटे लोगों को निर्बाध बिजली मिले। बिजली नही मिलने की षिकायत किसी को नही रहें। बताया बिजली लाइन व सब स्टेषन का कार्य कराने के साथ अपनी बिल माफी की जानाकरी लेने के लिए ऑफिस का चक्कर लगाने वालों को परेषानी न हो, इसके लिए भी कैंप लगाकर लोगों को बिजली माफी प्रमाण पत्र वितरण की जा रही है।

# दुमका : 31 गांव आदिवासी आदर्श ग्राम योजना के तहत किये जायेंगे विकसित

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** प्रधानमंत्री आदिवासी आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों के समग्र विकास के उद्देश्य से आईटीडीए, दुमका के परियोजना निदेशक रवि जैन के मार्गदर्शन में सनमत टीम (कमल नयन सिंह, रुपेश कुमार, रेहान खान, बृजेश कुणाल हेम्ब्रम, अनिमा निलम एक्का) ने शिकारीपाड़ा प्रखंड के आसनबनी गांव का दौरा किया। इस अवसर पर बीडीओ एजाज आलम शिकारीपाड़ा, सीओ कपिल देव ठाकुर और गांव के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान गांव के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं और संभावनाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल प्रबंधन और आजीविका के मुद्दे प्रमुख रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और गांव के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।सनमत टीम ने ग्रामीणों को योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और यह भी बताया कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है। दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य योजना तैयार करना था।गांव के विकास के इस प्रयास से आसनबनी के निवासियों में नई उम्मीद जगी है। टीम ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि यह योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के बीडीओ एजाज आलम ने जानकारी दी की शिकारीपाड़ा के 31 गांव को इस योजना के तहत डेवलप किए जाएंगे । आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन होगा। उन्होंने बताया कि प्रति गांव 20 लख रुपए की निधि प्राप्त हुई है।

# बोकारो स्टील के ब्लास्ट फर्नेस-1 का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 की कमीशनिंग 1972 में हुई और हॉट मेटल का उत्पादन शुरू हुआ था। ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 के 52 वर्ष पूरे होने पर ईडी परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन सीआर महापात्रा ईडी एफ एंड ए सुरेश रंगानी ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ईडी एसआरयू पीके रथ बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस एमपी सिंह तथा संयंत्र के वरीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी का वीडियो संदेश को दिखाया गया जिसमें उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस विभाग की पूरी टीम को बधाई दी और भविष्य में सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण के साथ अधिकतम उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान ब्लास्ट फर्नेस संख्या 1 के गौरवशाली इतिहास एवं स्वर्णिम भविष्य पर चर्चा की गयी। इसके अलावा ब्लास्ट फर्नेस के विभिन्न अनुभागों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा यहां कार्यरत संविदा कर्मियों को भी उनके कार्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन तथा अधिकारियों ने ब्लास्ट फर्नेस की टीम को उत्कृष्टता के नित नए बेंचमार्क स्थापित करने का संदेश भी दिया। समारोह का समापन महेंद्र प्रसाद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एक नजर में

### मुखिया संघ ने नये सीओ से की मुलाकात



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने नये अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार से परिचयात्मक मुलाकात की। इस दौरान एक एक कर पंचायत के मुखियाओं से परिचय हुआ। मुखियाओं ने अंचल कार्यालय में आमलोगों की लंबित दाखिल खारिज सहित जाति आवासीय व आय प्रमाण पत्र आदि अंचल से संबंधित कार्यों को ससमय निपटाने का आग्रह किया। अंचलाधिकारी ने इस पर कहा कि आमलोगों के कार्यों को शीघ्रता से निपटाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष हारू रजवार मुखिया सुमित्रा कुमारी राजेन्द्र महतो चंद्रशेखर नायक परिपुषा कुमारी चंद्रशेखर हेम्ब्रम गीता देवी विजय जायसवाल गीता देवी बबिता देवी सरिता देवी आदि शामिल थे।

### गोड्डा : चुनाव को लेकर डीएमएफटी सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



गोड्डा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर के निर्देशानुसार आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर एरिया लेवल मास्टर ट्रेनर पोड़ैयाहाट, महागामा एवं गोड्डा के द्वारा मास्टर ट्रेनरों के लिए डीएमएफटी सभागार में शनिवार को प्रशिक्षण आहूत किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मास्टर ट्रेनरों को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में प्रशिक्षण में मतदान केंद्र पर पहुंचने से पूर्व, मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद और मतदान खत्म होने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा कार्य निष्पादन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं, सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी दी गयी। वहीं सभी मास्टर ट्रेनरों को मॉक पोल के बाद मतदान समाप्ति के बाद विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बिंदुवार व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस क्रम में मतदान के दौरान मतदानकर्मियों के समक्ष आनेवाली विविध समस्याओं से अवगत कराया और उक्त समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वहीं संबंधित अधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के कार्य और दायित्व और प्रदत शक्तियों की चर्चा करते हुए चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट व प्रॉक्सी वोट के संबंध में मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया गया। इस मौके पर एरिया लेवल मास्टर ट्रेनर पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र आलोक कुमार झा, एरिया लेवल मास्टर ट्रेनर, गोड्डा विधानसभा क्षेत्र, मोहम्मद इम्तियाज, एरिया लेवल मास्टर ट्रेनर महागामा विधानसभा क्षेत्र अतुल कुमार वर्मा, निर्वाचन विभाग के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण मौजूद थे।

### न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में क्राफ्ट और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन



बेरमो। फुसरो के शास्त्रीनगर स्थित न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में क्राफ्ट और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की निदेशिका सुषमा सिंह और सचिव सुषमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे बच्चो और अभिभावक शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में अभिवादन और बच्चों एक से बढ़कर एक मनमोहक, सुंदर पतंग, स्माइली, गेंदा फूल से सूर्य–चंद्रमा बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को टॉफी व पुरस्कार देकर उत्साहित किया जा रहा है प्रतियोगिता को सफल बनाने मे शिक्षिका उन्नति महारुद्रा, अनिता झा, पूजा सिंह, नेहा मल्होत्रा, अलका देवी, बिन्दू गुलाटी, बबीता और संगीता सिंह के निर्देशन में बच्चों ने भाग लिया।

### फुसरो मे गुरु गद्दी पूजा संपन्न



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शारदा कालोनी स्थित भोला भारती के अवासीय परिसर मे शुक्रवार को गुरु गद्दी पूजा संपन्न हुई। मध्यप्रदेश के भिलाई से सतनाम प्रचारक संत खूबियां टंडन व संत संजय टंडन और दुर्ग से आए रोहित कुमार टंडन ने गुरु गद्दी पर धाद्मक अनुष्ठानों व कार्यक्रमों का आयोजन किया। भंडारे में सतगुरु गुरु गद्दी के सेवकों की भीड़ उमड़ी। प्रसाद ग्रहण कर गुरु चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर एक सप्ताह से चले आ रहे हैं हुआ। कई दंपति ने हवन में भाग लिया गया और विश्व शांति एवं देश समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की गई। इस अवसर पर हवन कुंड में पूर्ण आहुति डालकर अपनी शांति और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भोला भारती, तारा चंद्र, सूरज जागडे, चन्ददेव, साहू, भूमी भारती, लता बाई, प्रेम भारती, वीणा देवी, रत्ना भारती, सविता देवी,खुशी भारती,यमुना देवी,सरिता देवी अदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### कुरपनिया पंचायत बजरंगबली मंदिर के समीप से पकड़ा गया विशालकाय अजगर



बेरमो। बीते देर शाम कुरपनिया पंचायत के कुरपनिया बजरंगबली मंदिर के समीप के खेत से एक विशालकाय अजगर को पकड़ा गया। जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगो की भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह सांप पिछले लंबे समय से यहां बील बनाकर रह रहा था और मौका पाकर मुर्गियों और बकरे के छोटे बच्चों को अपना निशाना बनाता था। ऐसा स्थानीय लोगों ने बताया। लोगों की माने तो यह विशालकाय सांप को अनेको बार लोगो ने देखा मगर यह हर बार लोगो से बचकर बील छुप जाता है। बताता चलू कि यही पास मे ही बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड है जहां दिन भर बच्चे खेलते कुदते रहते हैं। ऐसे में अभिभावको को हमेशा इस सांप के आंतक का भय सताता रहता था। मगर इससे निजात के लिए स्थानीय लोगो ने वन विभाग को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद बीते देर शाम विभाग के ओर से दो लोगो को भेजा गया जिन्होंने सफलता पुर्वक इस विशालकाय सांप को पकड़ा और बेरे मे डालकर साथ ले गए। इस सांप के पकड़े जाने के बाद लोगो के चेहरे पर भय मुक्ति की खुशी देखने को मिली। कुल मिलाकर वर्षो बाद कुरपनिया के लोगो को यह भयंकर आंतक से निजात मिली।

### गोमिया : पिट्स स्कूल में सृजनात्मकता और प्रतिभा उत्सव का किया गया आयोजन



बेरमो। पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया में 5 अक्टूबर को कक्षा एलकेजी से श्ककक तक के छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए एक गैर–आग खाना पकाने की गतिविधि, कक्षाएं 1 से 5 के छात्रों के लिए पेंसिल चूरा गतिविधि, और कक्षा छह से आठ के छात्रों के लिए एक अंतर–हाउस एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। ये सभी कार्यक्रम सह पाठ्यक्रम गतिविधियों (सीसीए) के अंतर्गत थे। छोटे शेफ की गतिविधि–एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने गैर–आग खाना पकाने की गतिविधि के तहत भेलपुरी, फल सलाद, स्वस्थ सैंडविच और बिस्किट केक जैसी स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन बनाए। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को बिना आग के पकाए गए भोजन के पोषण मूल्य और स्वस्थ खाने की आदतों के बारे में जागरूक करना था। गतिविधि की प्रभारी अमृता ओझा थीं, जिन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। पेंसिल चूरा गतिविधि–कक्षाएं 1 से 5 के छात्रों के लिए पेंसिल चूरा गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पेंसिल के चूरा से सुंदर कलाकृतियां बनाई। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के मोटर कौशल और हाथ–आंख समन्वय को बढ़ावा देना था। बच्चों द्वारा बनाई गई बेहतरीन कलाकृतियों को उनके कक्षा शिक्षकों द्वारा चुना गया और प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। इस गतिविधि को सफलतापूर्वक आयोजित करने में रीता कुमारी और कुमारी प्रियांका का विशेष योगदान रह।

### गोड्डा : दुष्कर्म के आरोपित को सश्रम कारावास

गोड्डा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने नाबालिग को शादी की नीयत से भाग ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपित जमुई (बिहार) के सोनो थाना क्षेत्र के बटिया टोला कोरियासर निवासी मुकेश कुमार दास को दोषी पाकर 25 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। 28 दिसंबर 2023 को सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में उक्त घटना घटी थी।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो विधायक ने कोजी स्वीट्स का किया उद्घाटन



बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह और पुनम जोहार ने संयुक्त रूप से फुसरो में कोजी स्वीट्स का उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह और ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में फुसरो की प्रगति के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने फुसरो में कोजी स्वीट्स शुरू करने के लिए अमीर जोहर और पुनीत जोहर द्वारा की गई उल्लेखनीय पहल की खुले दिल से सराहना की, जिससे स्थानीय लोगों को आनंददायक विकल्प और स्वादिष्ट मिठाइयों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराई गई। उन्होंने रोजगार के अवसर पैदा करने में ऐसे प्रयासों के महत्व पर जोर दिया जो क्षेत्र के विकास और समृद्धि में योगदान करते हैं। मिठाई की दुकान के मालिक अमित जोहर ने अपना बहुमूल्य समय देकर दुकान का उद्घाटन करने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उद्घाटन थाना प्रभारी रोहित सिंह, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, ढोरी सीएसआर शैलेश कुमार, प्रतुल कुमार, मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा व नरेश महतो, युवा व्यवसाई संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश व कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू सिंह, समाजसेवी सुशांत राईका व भोला दिगार सहित मिथिलेश तिवारी, लक्ष्मण सिंह, शरण सिंह राणा, पिंकू गुप्ता आदि शामिल हुए।

### दुमका : प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या

दुमका। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के परमा गांव निवासी गोपाल कुमार हत्याकांड का शनिवार को हंसडीहा पुलिस ने उदभेदन कर मुख्य आरोपी रोहित सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक गोपाल का हत्यारे की बेटी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हत्या वाले दिन गोपाल शराब के नशे में अपनी प्रेमिका से मिलने रात के अंधेरे में उसके घर गया था। इसी दौरान रोहित ने अपनी बेटी और गोपाल को एक कमरे में देखा तो आग बबुला हो गया और उसने गोपाल की हत्या कर उसके शव को कुएँ में फेंक दिया ताकि किसी को पता न चले की उसकी हत्या हुई है। ज्ञात हो की मंगलवार को हंसडीहा पुलिस ने परमा गांव स्थित एक कुएं से गोपाल का शव नग्न अवस्था में बरामद किया था। जिसके बाद मृतक के पिता घुटरू मांझी ने बेटे की हत्या की बात कह प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया की पुलिस जब आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पर गई थी तो आरोपी पुलिस को देख झाड़ी में छिप गया था। गिरफ़्तारी के बाद आरोपी ने हत्या की बात को स्वीकार कर उसकी वजह भी बताया। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अनियंत्रित ट्रेलर होटल में घुसा, महिला होटलकर्मी की मौत

काठीकुंड। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रकाश होटल में एक अनियंत्रित ट्रेलर घुस गया। जिसकी चपेट में आकर एक महिला होटलकर्मी की मौत हो गई। मृतक होटलकर्मी की पहचान प्रखंड की ही दूधिया गांव निवासी मुंशी मुर्मू की पत्नी सुहागनी किस्कू के रूप में हुई। ड्राइवर काफी नशे में धुत होकर ट्रेलर काफी रफ्तार में चला रहा था। केबिन में फंसे ट्रेलर ड्राइवर चंदन राय और खलासी राहुल राय को स्थानीय लोगों एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। जिसके बाद घायल ड्राइवर और खलासी को काठीकुंड पुलिस प्रशासन द्वारा इलाज हेतु भेज दिया गया।

## चाईबासा : कांग्रेस के जन संवाद कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब, नेताओं ने विपक्ष को जमकर कोसा

# भाजपा ने झारखंड को लूटा है : इरफान अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जगन्नाथपुर अनुमंडल क्वार्टर स्थित जामनाड़ी मैदान मे जगन्नाथपुर विधानसभा स्तरीय जन संवाद लक्ष्य 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के मंच से नेताओ के साथ विधायक ने भाजपा पर जम कर हमला बोला। साथ ही विधायक ने भारी भीड़ जुटा कर अपनी शक्ति का भी प्रदर्शन किया। मौके पर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुऐ ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने कहा की झारखंड बने 24 साल हुऐ। इन 24 साल मे 18 साल भाजपा ने राज किया। 18 साल में तो लड़के जवान हो जाते है, लेकिन झारखंड और कमजोर हो गया है। झारखंड बना था यहां के आदिवासी मूलवासी के लिए, आज भी नहीं लगता कि हम झारखंडी है। भाजपा ने झारखंड को लूटा है। झारखंड मे भाजपा की सरकार बन कर बुनियाद ही कमजोर पड़ गई। दिशोम गुरु शिबु सुरेन और मेरे पिता फुरकान अंसारी ने झारखंड की लड़ाई लड़ी। भाजपा सरकार बनते ही घोटाला की शुरूआत हुई। उन्होंने बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को मंच चुनौती देते हुए कहा कि आप आदिवासी हो तो आदिवासियों का मान सम्मान की रक्षा करने से क्यों भागते हो। सीता और गीता को जनता में लोकसभा मे ताला लगा दिया है। उन्होने जनता को धोखा दिया है। भाजपा ने चंपई, मधु, गीता, सीता को खरीद लिया। लेकिन सोनाराम को नहीं खरीद सका। सोनाराम सिंकु पूरा 24 कैरेट का सोना है।




### विपक्ष की नजर कोल्हान के सारंडा जंगल पर है जो पूंजीपतियो को देना चाहते है : केशव महतो

वहीं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि मैं उन सभी योद्धाओं को नमन करता हूं जिन्होंने 1837 में अंग्रेजो से लोहा लेने का काम किया था। पोटो हो आपके सेरेंगसिया घाटी के 1837 से 1855 में अंग्रेजो से लोहा लेने का काम किया था। आज ये विपक्ष आदिवासियों का बात करते है पर आदिवासियों का दर्द नही समझते है। विपक्ष की नजर कोल्हान के सारंडा जंगल पर है। जो पूंजीपतियो को देना चाहते है। बीजेपी वाले देश को बेचने का काम कर रहे है। जिसमे दो बेचने वाले और दो खरीदने वाले है। भाजपा सरकार ने रेल बेच दिया, एयरपोर्ट बेच दिया ये सिर्फ देश को बेचने का काम कर रहे है। ये बीजेपी वाले गरीबों को छोड़ कर अदानी और अंबानी का अरबों का लोन माफ करती है पर गरीबों का कभी नही सोचते है। परंतु ये महागठबंधन की सरकार ने गरीबों के लिए काम किया है।



### कोल्हान को भाजपा मुक्त बनाना है : सोनाराम सिंकु

विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा की बीजेपी सरकार के 18 साल के राज मे भी आदिवासियों का कोई विकास नहीं हुआ है। भाजपा ने आदिवासी हित के लिए कभी नहीं सोचा। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से सिर्फ विधायक संसद खरीद रही है। अपनी अस्तित्व को बचाना है जल जंगल जमीन की रक्षा करना है। भाजपा बाले हिंदू मुस्लिम कर जातिवाद की राजनीतिक कर रही है। हम आपका बेटा भाई बनकर आपका विकास कर रहे है। उड़ीसा छत्तीसगढ़ आसम से नेता बुलाकर झारखंड का कोई विकास नही कर सकता है। छत्तीसगढ़ से हमारे आदिवासीयो को भागने का काम कर रही है भाजपा सरकार। कूछ दिनों बाद दलाल गांव पहुंचेगे केवल फूट डालकर वोट लेने का प्रयास करेंगे। केवल गढबंधन सरकार में ऐसा काम हुआ। मेरे पास कोड़ा दम्पती के जैसा संपत्ति नही है। हम किसान के बेटे है। हमे मिलकर कोल्हान को भाजपा मुक्त बनाना है।

# संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा-प्रथम विषय पर कांट्रेक्टर मीट का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा-प्रथम विषय पर कांट्रेक्टर मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 ठेकेदारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मानव संसाधन के कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेल की जीएम प्रांजलि ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उपस्थित सभी ठेकेदारों को उनके तथा संविदा कर्मियों के हित से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इसके उपरांत जीएम प्रभारी सुरक्षा आनंद रौतेला ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ठेकेदार सुरक्षा प्रबंधन तथा ठेका कर्मियों के सुरक्षा प्रबंधन के बारे में बताया। जीएम प्रभारी रौतेला ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि बीएसएल ठेका कर्मियों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है तथा इससे समझौता नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन एजीएम सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के अनिरुद्ध रामटेके ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम सुरक्षा कुमार रजनीश ने किया।

# चुनाव के पूर्व झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति में सुशासन दल का हुआ विलय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति में सुशासन दल का विलय हो गया। इसकी औपचारिक घोषणा झारखंड बचाओ क्रांति सेवा समिति के अध्यक्ष संजय मेहता तथा सुशासन दल के अध्यक्ष राम किंकर पांडेय ने फुसरो के पटेल चौक स्थित राजशाही बैंकेट हॉल में सभा आयोजित कर की।

सभा की अध्यक्षता राम किंकर पांडेय तथा संचालन सुशासन दल के प्रदेश प्रवक्ता मिथुन चंद्रवंशी ने की। मेहता ने बताया कि झारखंड को एक नई दिशा देने के लिए तथा हम दोनो पार्टी का विचारधारा एक होने के कारण एक साथ आने का फैसला किए है। सुशासन दल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता का झारखंड बचाओ क्रांति सेवा समिति में आज विलय हो गया है। करीब 7 बैठकों के बाद यह फैसला लिया गया है। अब हम दोनों दल एक बैनर के द्वारा झारखंड के लिए संघर्ष करेंगे। कहा कि पूर्व में मैं जयराम महतो के साथ था। जयराम महतो ने मुझे चुनाव लड़ाने का भी मौका दिया। इसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं।

स्थिति ऐसी बनी कि मुझे उनसे अलग होना पड़ा। जयराम महतो का पार्टी का नाम झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा है। कहां की हम दोनों झारखंड में रोजगार, विस्थापन, पुनर्वास, नियोजन, स्थानीयता आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर एक साथ आगे बढ़ेंगे। रामकिंकर पांडेय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में कई स्थानों पर हम अपनी उम्मीदवार को उतरेंगे। जिसमें हजारीबाग और गिरिडीह लोकसभा के तमाम विधानसभा सीट पर हमारी उम्मीदवार होंगे। कहा कि उतरी छोटा नागपुर और दक्षिणी छोटा नागपुर के लगभग सभी सीटों पर चुनाव लडेंगे। पलामू प्रमंडल में भी उम्मीदवार उतारने का हमारा प्रेम जारी है।

मौके पर सुशासन दल के उपाध्यक्ष नारायण प्रजापति, महामंत्री कुलदीप प्रजापति, डॉ उमाशंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष गुलाब किशोर, प्रवक्ता मिथून चंद्रवंशी, जेबीकेएसएस के अध्यक्ष संजय मेहता, उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय, डॉ रोहित, महामंत्री भुनेश्वर यादव, सचिव अमित यादव, प्रवक्ता अभिषेक कुमार, खतियानी परिवार कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष नागेश्वर मेहता आदि लोग मौजूद थे।

# वेदांता ईएसएल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया सफाई व पौधरोपण अभियान





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने सियालजोरी स्थित प्लांट परिसर में एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न पहल की है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण जैसे जिम्मेदार पर्यावरणीय आयामों को प्रोत्साहित करना। ईएसएल के कर्मचारियों ने प्राथमिक विद्यालय अलकुशा में स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान में स्वेच्छा से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों शिक्षकों और प्रतिष्ठान के सदस्यों को स्कूल के वातावरण की सफाई और हरियाली में भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फिलमून बिलुंग जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड तथा रोहित रजक, मुखिया अलकुसा पंचायत बबलू चौबे तथा ईएसएल के श्यामली मिंज सीएचआरओ अमल घोष निदेशक-विस्तार विकास परियोजना एवं कुणाल दरिपा प्रमुख सीएसआर शामिल थे। इस आयोजन में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण व आसपास 100 से अधिक पौधे लगाए गए। सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि स्वच्छता अब वेदांता ईएसएल संस्कृति का हिस्सा है और हमें इस पर गर्व है।

# एडीओसीएम परियोजना में इनमोसा की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में इनमोसा की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष कमलेश कुमार तथा संचालन शाखा सचिव सचिव जयराम सिंह ने किया। आयोजित बैठक में माइनिंग स्टाफ ने मुख्य रूप से माइंस में सुरक्षित प्रणाली को अपना कर बेहतर उत्पादन कर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही एक मत से कहा कि प्रबंधन को भी माइनिंग स्टाफ की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव पवन सिंह ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा माइनिंग स्टाफ के प्रमोशन नीति में किए जा रहे बदलाव से माइनिंग स्टाफ में रोष उत्पन्न हो रहा है। इसके लिए जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेने की आवश्यकता है। मौके पर काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# कटिहार में रोजगार मेला : 989 युवाओं को डायरेक्ट प्लेसमेंट, 326 को कौशल प्रशिक्षण

एजेंसी

**कटिहार।** जिले के आदर्श मध्य विद्यालय बरारी में शनिवार को रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य था।

इस कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक इंद्रशेखर इंदु, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला स्तरीय जीविका प्रबंधक अमित सागर, अनुराधा चंद्रा, ओमप्रकाश, रूपेश कुमार, राकेश पांडे, और प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार सिंह सहित कई अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जीविका दीदियों ने अतिथियों का



अभिवादन अंग वस्त्र और पौधा प्रदान करके किया, जो जल जीवन हरियाली कार्यक्रम को भी बढ़ावा देने का प्रयास था। जीविका दीदियों ने स्वागत गीत और चेतना गीत गाकर सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक इंद्रशेखर इंदु ने कहा कि जीविका का प्रयास हमेशा से विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर गरीबी से निजात दिलाने के लिए रहा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के बदलाव में जीविका का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है और आज जीविका दीदी सशक्त होकर अपने परिवार और समाज का मान बढ़ा रही हैं। रोजगार प्रबंधक अमित सागर ने रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि जीविका का प्रयास हमेशा से विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर गरीबी से निजात दिलाने के लिए रहा है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें आमदनी, ईएफओएस, नव भारत फर्टिलाइजर, एलएनजे स्किल्स, टीडीएस प्लेसमेंट, गार्डियन ट्रेनिंग, बजबर्क फाउंडेशन, शिव शक्ति एग्रीटेक, अरविंद टेक्सटाइल, टेनीशियस सर्विस, अमिगो प्लेसमेंट, एससीएम गारमेंट्स, इन्फो वेली, होप केयर सर्विस शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा 989 युवाओं का डायरेक्ट प्लेसमेंट और 326 युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी युवाओं से पंजीकरण केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

## प्रमोद कुमार बने मझिआंव अंचल के नये सीओ

**मझिआंव।** अंचल के नये अंचल पदाधिकारी के रूप में चतरा जिला के कान्हा चट्टी के अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने शनिवार को प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान अंचल पदाधिकारी शम्भू राम ने उन्हें प्रभार सौंपा।

## नए सीओ प्रशांत ने किया पदभार ग्रहण

**केतार।** शनिवार को केतार प्रखंड मुख्यालय में नए सीओ के रूप में प्रशांत कुमार ने वर्तमान बीडीओ सावित्री कुमारी से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नये सीओ ने कहा कि अब अंचल से संबंधित जो भी कार्य पेंडिंग होगा, उसे तत्काल निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा।

# बिहार के अररिया में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक कागजातों की जांच में धराया

एजेंसी

**अररिया।** बिहार के अररिया में बीते तीन साल से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को मुखिया ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। तीन साल पहले भारतीय सीमा को लांघकर बिहार के अररिया में प्रवेश करने वाले नवाब ने भारत के सरकारी सिस्टम के साथ जमकर खिलवाड़ किया। न केवल वह भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर अवैध तरीके से रहते हुए भारत में निकाह की।बल्कि आधार कार्ड से लेकर वोटर आई कार्ड भी बना डाला। सबसे ज्यादा ताज्जुब की बात यह है कि उसने चार माह पहले बनवाए आधार कार्ड में अपने पिता के नाम के स्थान पर अपने चचिया ससुर का नाम अंकित करवाया। मतदाता पहचान पत्र में बांग्लादेशी नागरिक ने अपने पिता के नाम पर अपनी पत्नी का नाम रंगीला खातून अंकित करवाया,जो खुद में एक सवाल है कि आखिर कैसे मतदाता पहचान पत्र में पिता या पति के नाम के बदले पत्नी का नाम अंकित किया गया। भारत में तीन साल से अवैध रूप से रह रहे नवाब आखिरकार कागजात



वेरिफिकेशन के दौरान पकड़ा ही गया। दरअसल बांग्लादेश के चापा नवाबगंज जिला के रहने वाले नवाब भारतीय होने के अपने और अधिक मजबूत आधार को तैयार करने के लिए पासपोर्ट अप्लाई किया था और पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए उनका डॉक्यूमेंट नगर थाना आया था। जहां नगर थाना पुलिस द्वारा स्थानीय मुखिया से पहले वेरिफिकेशन करवाकर लिखवाने की नसीहत देते हुए कागजात देकर भेज दिया। नवाब अपने कागजात वेरिफिकेशन के लिए रामपुर कोदरकट्टी की मुखिया पम्मी देवी के पास पहुंचा। कागजात अवलोकन के दौरान मुखिया को शक हुआ तो उन्होंने अपने पति राजेश सिंह से सारा वाक्या शेयर की।

## आवास निर्माण में गड़बड़ी की मामला आया सामने

रमना। प्रधानमंत्री आवास योजना का सोशल ऑडिट वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक का कार्य पूर्ण कर शुक्रवार को प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में प्रखंड द्वारा प्रतिनियुक्त एक कर्मी, पंचायत समिति सदस्य और ग्रामीण की न्यायिक पैनल में जनसुनवाई की गई।

## पेज एक का शेष

### नारीशक्ति झामुमो के ...

भाजपा को महिलाओं की चिंता नहीं : कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद कई मुख्यमंत्री बने, लेकिन किसी ने भी आधी आबादी के बारे नहीं सोचा। तब की भाजपा सरकार को महिलाओं की कभी चिंता ही नहीं रहा। पहली बार हेमंत ने महिलाओं के सम्मान के लिए योजना बनायी। अब इसे रोकने को ले कर भाजपावाले साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा की भाजपा सिर्फ जुमले बाजी करती आ रही है। उसका कार्य सिर्फ कागजों पर ही होता है, धरातल पर नहीं। उन्होंने कहा की आने वाले विस चुनाव में झामुमो और इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और सरकार हमारी बनेगी।

### भाजपा के झांसे...

झूठा फार्म भरवा रही भाजपा : हेमंत सोरेन ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा वाले 2100 रुपये देने के लिए झूठा फॉर्म भरवा रहे हैं। उनसे पूछिये कि ओड़िशा में कितना दे रहे हैं। ये लोग झूआ आश्वासन, झूठा राशन देने में आगे रहते हैं। इन लोगों ने कहा था कि विदेश से काला धन लेकर आयेंगे और सबके खाते में 15-15 लाख रुपये डालेंग। उनकी ये घोषणा जुमला साबित हुई।

**महिलाओं को 3-3 लाख देंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनियों पर झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार हमें दे देती है तो राज्य सरकार हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण हमने माफ किया है। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया साथ ही 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गयी। झारखंड ऐसा पहला राज्य है, जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू है। यह योजना इतनी प्रभावकारी रही कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### युवाओं को हर...

**घर साकार योजना :** भाजपा राज्य में घर साकार शुरू करेगी, जिसके तहत झामुमो सरकार के कुशासन को सुधारने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध करायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण करायेगी। इसके अतिरिक्त, 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

भाजपा और पीएम मोदी सरकार में मां बहनों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। इससे महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में सीटें आरक्षित हुईं। सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की। महिलाओं को मुफ्त में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया। भाजपा ने स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत अभियान चलाया। गरीबों को पीएम आवास का घर दिलाया। पीएम मातृ गरीब योजना, लखपति दीदी योजना और जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाता खोला गया। बीजेपी ने छात्रों को साइकिल देना प्रारंभ किया। ऐसी कई योजनाओं से भाजपा ने देश और राज्य का विकास किया है। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इन योजनाओं का उदाहरण सिर्फ इसलिए रखा गया ताकि लोगों को न लगे कि हेमंत सोरेन जो अभी योजनाएं ला रहे हैं उसको देखकर भाजपा ये योजनाएं लागू कर रही है। मौके पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा,प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे।

## राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है बाबा खोंहर नाथ महोत्सव : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के गिजना गांव स्थित प्राचीन बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आगामी 8 अक्टूबर को खोंहर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में पूजा अर्चना, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर की गायिका कल्पना पटवारी सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मानभूम छऊ नृत्य कला केंद्र सिल्ली रांची के कलाकार मानभूम छऊ नृत्य, सुबोध प्रमाणिक एवं टीम रांची द्वारा पाईका नृत्य, सुखराम पाहन एवं टीम खूंटी द्वारा मुंडारी लोकगीत, नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर पर्यटन, कला संसति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की सूची में शामिल है। खोंहर महोत्सव राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है। यह कार्य प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही मान्यता प्रदान कर दी जाएगी।

## नौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**भवनाथपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार को पंडरिया एवं अरसली दक्षिणी पंचायत में करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से दो पथ निर्माण योजनाओं की आधारशिला रखी। पंडरिया के धनीमंडरा मुख्य पथ से लेकर कामेश्वर पासवान के घर होते हुए विश्वनाथ बियार के घर तक पौने दो किमी सड़क तथा अरसली दक्षिणी मुख्य पथ से चेरवाडीह, हेसलदाग, अकेलवा होते हुए बैगाडीह देवी मंडप तक पांच किमी बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक भानु की उपस्थिति में दोनो पंचायतों के रामचंद्र व रामनाथ साव के हाथों नारियल फोड़कर कर शिलापट्ट का अनावरण कर कराया।

## मंत्री मिथिलेश पहुंचे अन्नराज डैम, एनडीआरएफ की टीम को अभियान तेज करने का दिया निर्देश

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शनिवार को अन्नराज डैम पहुंचे। अन्नराज डैम पर



पहुंचकर मंत्री ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मौजूद एनडीआरएफ की टीम से तलाशी अभियान की जानकारी ली। साथ ही मंत्री ने तलाशी अभियान को और तेज करने के निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। साथ ही बोट संचालकों को सावधानी बरतने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने डैम में बोटिंग के लिए पहुंचने वाले सभी लोगों से सावधानी बरतने, बगैर लाइफ जैकेट के बोटिंग नहीं करने की अपील की। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी पिंटू कुमार अपने दोस्तों के साथ अन्नराज डैम में बोटिंग करने गया था। बोटिंग के दौरान वह अन्नराज डैम में डूब गया। दो दिन बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ़ की टीम डैम में लगातार पिंटू की तलाश कर रही है।

## बीडी प्रसाद के सौजन्य से सड़क निर्माण कार्य शुरू

**कांडी।** प्रखंड के लमारी पंचायत अंतर्गत नवडीहा टोला में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के सौजन्य से मोरम मिट्टी से सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत की गई।


### शपथ पत्र

मैं पूनम कुमारी पति- प्रेमशंकर, पता- फ्लैट नंबर- 2डी, श्री साईं अपार्टमेंट ब्लॉक चौक, डेविस बागान के सामने कांके रांची, झारखंड की रहनेवाली हूं। शपथ पूर्वक कहती हूं कि काजल शंकर मेरी बेटी है। जो अब वह दिव्यंका गुप्ता के नाम से जानी जायेगी।
शपथ पत्र संख्या- 656
दिनांक- 04.10.2024.

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा

**सूचना**

निदेशालय पत्रांक 1605, दिनांक–04.10.2024 के आलोक में दिनांक 14.10.2024 को समय सुबह 10:00 से संध्या 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

आठवी उत्तीर्ण से लेकर Graduate, और तकनीकी योग्यताधारी– ITI, डिप्लोमा, B Tech एवं कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने Aadhar Linked Mobile Number, Pan Card/ Aadhar/ Driving Licence, एक पासपोर्ट साइज फोटो, Email id एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक पत्रो के साथ भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
–सह–
सहायक शिक्षुता सलाहकार चतरा।

PR 338119 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना :-**

राज्यादेश सं0 04 रा(वि0) दिनांक 30/05/2024 के आलोक में एतद् द्वारा खूँटी जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु अधोहस्ताक्षरी को तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजनान्तर्गत जलाशयों एवं आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल) तथा ग्रास कार्प के औसतन तीन इंच आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण दिनांक 14/10/2024 तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता हैं।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750/– रूपये प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500/– रूपये प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

**मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति से संबंधित शर्ते निम्नवत् होंगे :-**

1. आपूर्तिकर्ता को (मत्स्य बीज उत्पादक) जलाशयों/आर0एफ0एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ्य अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिका तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण यथा खाता सं0, खेसरा सं0 जलक्षेत्र/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता के साथ कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके। विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज (मत्स्य स्पॉन) आपूर्ति की गई, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
4. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकाओं को रदद् अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किये जाएँगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 338099 Fish(24-25)#D

### कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

**अतिअल्पकालिन निविदा आंमत्रण सूचना सं0 09/2024–25 (2nd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत सफाई कार्य एवं कुड़ा उठाव कार्य को ध्यान में रखते हुए **Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle** का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा की जानी है। उपरोक्त आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता/उत्पादक/निर्माणकर्ता से दिनांक 15.10.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना निविदा नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदादाता से प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदादाता को आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 15.10.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही संयत्रों की आपूर्ति ली जायेगी। विवरण निम्नवत है:-

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle with Registration and all Complete Charging System (For Garbage Collection)** SPECIFICATION:- Speed Max. -50 km/h, Category of Vehicle- L5N Max Engine Power- 16hp@2920 RPM, Max Engine Torque- 50, Battery Type, Volt- Li Ion, 48V lilon P 48V Wheel Base(mm)-2200, Vehicle Dimensions (LXBXH) mm- 3425X1460X1755,Cargo Dimensions(LXBXH)mm - 1828X1397X278,Gross Vehicle Weight- 998 kg, Kerb Weight-492 kg, Battery Capacity- 10.24 kwh(200AH), Charging Time- 4 Hrs, Size of Front and Rear Tyre-4.5-10.8 PR, Pay Load- 506, Type of Steering- Handle Bar,Chassis Certification- ARAI, Type of Tipper-Garbage Tipper, Type of Chassis Frame- Ladder Type frame with Independent Suspension, Type of Chassis- Ladder Type, Type of Fuel- Electric Power Pack, Motor/ Engine- 3phase induction Ground Clearance-180 mm, Type of BIS MARKED vehicle tyre- Tube Radial, Chassis Transmissions System- Direct Driveability, Suspension Rear- Rubber spring & Hydraulic, Tipper Container Capacity-1.5 cum, Warranty Time- 3 year/80000 kms | 10 Pcs | 5000.00 | 296000.00 | |

**नियम एवं शर्त**

1. निविदादाता को निविदा के साथ अध्यतन आयकर प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्श का आयकर एकनॉलेजमेन्ट एवं पैन कार्ड), फर्म का ऑडीट रिर्पोट (विगत तीन वर्श का UDIN No के साथ), Turnover प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्श का UDIN No के साथ) अध्यतन GST से संबंधित रजिस्ट्रेशन (3B Return) का प्रमाण पत्र वर्त्तमान में सरकार द्वारा जो लागु हो जमा करना अनिवार्य होगा, विगत 02 वर्शों का कार्यादेश की प्रति, ISO-9001 का प्रमाण पत्र, प्रतिश्ठित प्रतिठान का प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले संयत्रों के दो वर्श तक रख–रखाव (Warranty and Service Support) का प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग, फर्म का OEM Annual Turnover (300 Crore से अधीक होना अनिवार्य है) का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को फर्म के काली सूची में नहीं होने का शपथ पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निविदा के साथ निविदा शुल्क की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन की राशि का Bank Draft/Bank Guarantee जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सभी कर (Tax) की कटौती की जायेगी। निविदादाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर उपरोक्त संयत्रों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. निविदादाता को उपरोक्त निर्धारित मापदण्डों के अनुसार संयत्रों की आपूर्ति नही किये जाने पर आपूर्तिकर्ता को काली सूची में डालते हुए नियमानुसार कारवाई की जायेगी।
7. बिना कारण बताये उपरोक्त निविदा को पूर्णरूपेण या आंशिक रूप से रद्द करने या स्थगित करने का अधिकार प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार को सुरक्षित रहेगा। जिन्हे कही भी चुनौती नहीं दी जायेगी।
8. निविदादाता द्वारा उपरोक्त आपूर्ति किये जाने वाले सयत्रों में " **जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट**" का LOGO लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी भी प्रकार की न्यायिक प्रक्रिया लातेहार न्यायालय में विचारणीय होगा एवं सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 338106 Urban Development(24-25)#D

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 | Regd. No. D.L.-33004/99

### भारत का राजपत्र
### The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ–04102024–257690
CG-DL-E-04102024-257690
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड 3- उप–खण्ड (ii)
PART II- Section 3- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3953] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 1, 2024/आश्विन 9, 1946
No. 3953] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 1, 2024/ASVINA 9, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 1 अक्टूबर, 2024

**का.आ. 4312(अ)**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **1214 तारीख 11 March 2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के दुमका जिले के गाँव– दुधानी, नारगंज, सरडीहा, बाघमारा न0 30, जाराकुरवा ,तालुक–जरमुन्डी में **NH-114A के कि.मी. 85+081 से कि.मी. 130+240** तक के भूखण्ड के चार लेन के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"06.07.2024"** को **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** और **"खबर मन्त्र"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्टे प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

झारखंड राज्य के दुमका जिले के गाँव–दुधानी, नारगंज, सरडीहा, बाघमारा न0 30, जाराकुरवा, तालुक–जरमुन्डी में **NH-114A के कि.मी. 85+081 से कि.मी.130+240** के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

**जिला : दुमका**
**https://egazette.gov.in**
**प्रकाशन तिथि : 01/10/2024**
**https://egazette.gov.in**
**https://bhoomirashi.gov.in**

फाइल नंबर: NHAI/PD/PIU/DEOGHAR/NH-114A/3D
अभय जैन, उप. सचिव

**नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।**

## डिमना में बने 500 बेड वाले एमजीएम अस्पताल का सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन, बोले

# जमशेदपुर में भी बनेगा नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** आज कोल्हान, पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस क्षेत्र के आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 बेड का एक भव्य अस्पताल हमारी सरकार समर्पित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से टाटा शहर में अवस्थित अस्पताल जनता की सेवा में था, वर्षों पुराना होने की वजह से उसकी स्थिति जर्जर होती जा रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज से कोल्हान की जनता की सेवा में रहेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को बाबा तिलका मांझी मैदान, मानगो, जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल डिमना, मानगो के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में अपने संबोधन में कही।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि जब राज्य में मेरे नेतृत्व में यहां के आदिवासी-मूलवासियों की अपनी सरकार का गठन 2019 में हुआ था उस समय सरकार के गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। अचानक केंद्र सरकार का आदेश के अनुसार लॉकडाउन का आदेश हुआ और वह ऐसा आदेश था, जिससे पूरा भारत देश जहां का तहां खड़ा रह गया। पूरा देश रुक सा गया। सभी लोग अपने-अपने घरों में बंद रहने को मजबूर हो गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी को यह गर्व होना चाहिए कि देश के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने का काम झारखण्ड ने किया। पूरे देश में मेडिकल ऑक्सीजन सप्लाई करने में झारखण्ड नंबर 1 रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट परिस्थिति के समय हमारी सरकार ने ऑक्सीजन सप्लाई कर पूरे देश के लोगों की जान बचाने का काम करती रही।

- ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- साकची के डीएमएम लाइब्रेरी तथा कदमा में कान्वेंशन सेंटर का भी किया ऑनलाइन उद्घाटन
- कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश को उपलब्ध कराया मेडिकल ऑक्सीजन





एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डिमना में बने भव्य अस्पताल भवन का दृश्य और एमजीएम अस्पताल डिमना के भवन सह ओपीडी सेवा का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व मंत्री रामदास सोरेन।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर कुमार मोहंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष, गौ -सेवा आयोग राजू गिरी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, मोहन कर्मकार के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।






### मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा यथोचित समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। मैं आप सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि यह बात हमारे कानों तक आज पहुंची है। आप आश्वस्त रहें, एक माह के अंदर आपकी समस्या का समाधान होना प्रारंभ हो जायेगा। बेफिक्र होकर अपने कार्य को अंजाम देते रहें। आप जनता की सेवा में लगे, अच्छे चिकित्सक बनें। आपकी समस्या का समाधान राज्य सरकार करेगी।

### एमजीएम मेडिकल अस्पताल के नवनिर्मित भवन का विवरण

- 30 एकड़ भूमि क्षेत्र में फैले इस अभिनव निर्माण का शुभारंभ अक्टूबर 2020 में लार्सन एंड टूब्रो इलेक्ट्रिक कंपनी ने किया था।
- 376 करोड़ की लागत से तैयार इस महत्वाकांक्षी परियोजना में जहां चिकित्सा सुविधाओं के लिए 7 तल्लों का एक मुख्य भवन बनाया गया है, जिसमें कुल तीन ब्लॉक हैं।
- प्रशासनिक कर्मियों के लिए भवनों का समूह परिसर में ही बना है। 30 एकड़ में से कुल दस लाख वर्गफीट में निर्माण कार्य हुआ है, जिसमें सात लाख वर्गफीट में चिकित्सा सेवा संबंधी भवन बनाये गये हैं।
- लगभग 140 नर्सिंग स्टाफ के रहने को एक अलग भवन बनाया गया है। पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं सभी अन्य सुविधाओं से परिसर को भलि-भांति सजाया गया है।
- मुख्य चिकित्सा भवन के ब्लॉक-1 में श्वसन समस्याओं, चर्म रोग, गहन चिकित्सा इकाई, डायलिसिस, शल्य चिकित्सा, औषधीय चिकित्सा, बच्चे तथा बच्चियों के लिए अलग शिशु वार्ड तथा बाह्य चिकित्सा सेवाओं की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- वहीं इस ब्लॉक में पार्किंग, अग्निशमन नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा सेवाएं तथा सीसीटीवी कक्ष बना है।
- ब्लॉक 1-2 में ऑपरेशन थिएटर, निचला तल्ले में व्याख्यान कक्ष एवं हर प्रकार की जांच सुविधाएं, ब्लड बैंक, लेकर रूम तथा ऑपरेशन के पश्चात की सेवाओं को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है।
- ब्लॉक-3 में मानसिक स्वास्थ्य, नाक-कान-गला, नेत्र, बर्न वार्ड, गायनो, ऑर्थोपेडिक्स आदि के साथ-साथ रेडियोलॉजी, वाह्य हड्डी रोग सेवा, दन्त चिकित्सा सेवा, एक्स रे आदि की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश संरचनाएं तैयार की गयी है।

---

## स्पीड न्यूज




### एसडीएसएम स्कूल में मना ग्रैंडपैरेंट्स डे

**जमशेदपुर।** वयोवृद्ध दादा-दादी, नाना-नानी का हमारे जीवन में महव को दर्शाते हुए उनके सम्मान में एसडीएसएम स्कूल फर एक्सीलेंस विद्यालय के प्रेक्षागृह में ग्रैंड-पैरेंटस् डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्या मौसमी दास, उप-प्राचार्या तथा सभी विषय संयोजकों तथा बच्चों के वरीय अभिभावक ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम बच्चों ने स्वागत में आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात संगीत, कविता, रैम्प वॉक एवं दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति ने सभी को आंनद विभोर कर दिया। शिक्षिकाओं ने भी उनके मनोरंजन हेतु कई रोचकपूर्ण खेलों का आयोजन किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी को प्रेम स्वरूप भेट भी प्रदान किया गया। प्राचार्या ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि हम दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति सदैव सम्मान बनाए रखे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहें। इस कार्यक्रम में विशेष आर्कषण लगभग 200 वयोवृद्ध अभिभावकों की उपस्थिति रही। इस प्रकार सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भाजमो के पश्चिम विस क्षेत्र प्रभारी मुकुल मिश्रा ने दिया इस्तीफा

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पश्चिम विधानसभा के संयोजक एवं प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य मुकुल मिश्रा ने अपने पद एवं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी को भेजे पत्र में मुकुल ने कहा है कि भाजमो का विलय जदयू में हो रहा है। इसकी सारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है। मैं फिलहाल जदयू में शामिल होना नहीं चाहता। इसलिए मैं व्हाट्सएप के माध्यम से आपको अपना इस्तीफा भेज रहा हूं। आग्रह है कृपया इसे स्वीकार करने की कृपा करेंगे। मुकुल ने **खबर मन्त्र** को बताया कि वे आगे के राजनीतिक कदम के संबंध में अपने शुभचिंतकों के साथ विमर्श कर फैसला लेंगे। पहले भी मैं एक कार्यकर्ता के तौर पर जनता के बीच रहा हूं और जनता की समस्याओं को उठाता रहा हूं। आगे भी एक जन सेवक के रूप में जनता की समस्याओं को उठाता रहूंगा।

### मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के अवार्ड मिलने पर जताया हर्ष

**जमशेदपुर।** अनिल सुर पथ उलियान स्थित बंगाली कालोनी में बंगाली महिला सर्वदलीय जन एकता मंच की बैठक हुई जिसमें बॉलीवुड और टॉलीवुड के नामचीन अभिनेता मिठुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के अवार्ड देने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया गया। बैठक में कहा गया कि मिठुन चक्रवर्ती ने भारतीय सिनेमा को एक नयी पहचान दी है और दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। वे इस प्रतिष्ठित अवार्ड के हकदार हैं। बैठक में कविता महतो, आरती प्रसाद,रुपा, पपाई चक्रवर्ती, साधना चक्रवर्ती समेत कई लोग उपस्थित थे।

### ऑटो प्रोफाइल कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो प्रोफाइल कंपनी के यूनिट -1 में बोनस की मांग को लेकर शनिवार को ठेका मजदूरों ने कंपनी गेट जाम कर प्रदर्शन किया। गेट जाम के बाद प्रबंधन और मजदूरों के बीच इस मुद्दे को लेकर करीब तीन घंटे तक वार्ता हुई। किन्तु, उंक्त वार्ता में सहमति नहीं बन पाई। उसके बाद प्रबंधन ने पुलिस का सहारा लिया और धरने पर बैठे मजदूरों को जबरन खाली कराया गया। इस दौरान मजदूरों ने बताया कि वे लगभग दस वर्षों से यहां कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ना तो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दी जाती है और ना ही न्यूनतम बोनस की राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि बोनस के नाम पर मजदूरों को एक हजार से ढाई हजार रुपए तक ही दी जाती है, जबकि वे सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम 8.33 प्रतिशत की मांग कर रहे हैं, जिसे प्रबंधन मानने से इंकार कर रहा है।

---

# 10 वर्षों में दुनिया की जरूरतों का एक तिहाई दूध का उत्पादन करेगा भारत : जयेन मेहता

- एक्सएलआरआइ में 11 वें डॉ वर्गिज कुरियर ऑरेशन आयोजित
- अमूल के एमडी जयेन मेहता मुख्य वक्ता के रूप में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो






एक्सएलआरआई में व्याख्यान देते जयेन मेहता और व्याख्यानमाला में मंच पर उपस्थित बायें से निर्मला कुरियन, एक्सएलआरआई के निदेशक, मुख्य वक्ता जयेन मेहता व अन्य।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार 5 अक्तूबर 2024 को एक्सएलआरआइ में 11 वें डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान दुग्ध क्रांति के जनक डॉ वर्गिस कुरियन को जहां याद किया गया, वहीं भारत में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से सबल बनाने की दिशा में डॉ कुरियन द्वारा किये गये कार्यों से सभी को अवगत भी कराया गया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में अमूल के एमडी सह गुजरात को ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के प्रमुख जयेन मेहता उपस्थित थे। उन्होंने एक्सलर्स को संबोधित करते हुए सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि भारत अभी अपने सबसे अच्छे दौर से गुजर रहा है क्योंकि देश की 70 प्रतिशत आबादी की उम्र 30 वर्ष से कम है। इस यंग वर्कफोर्स के साथ भारत अगर चाहे तो हर क्षेत्र में अव्वल हो सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ वर्गिज कुरियन के बारे में कुछ भी बोलना उनके लिए सूरज को दीया दिखाने की तरह होगा, क्योंकि उन्होंने उनके सानिध्य में ही सारा कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, भारत में 107 डेयरी प्लांट और 50 से अधिक उत्पादों के साथ, अमूल प्रतिदिन 310 लाख लीटर से अधिक दूध एकत्र करता है। सालाना 22 बिलियन पैक बेचने के साथ, अमूल का कारोबार 80,000 करोड़ रुपया है और अब इसे 36 लाख किसानों के स्वामित्व वाले विश्व स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी और खाद्य ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है।

## विधायक सरयू राय ने किया 6 करोड़ 13 लाख की 32 योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को नगर विकास विभाग के मद से 6 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक की लागत की 32 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया। सामूहिक शिलान्यास का कार्यक्रम सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप में आयोजित हुई जिसमें जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। शिलान्यास की गयी योजनाओं में चौरसिया समाज, पानतांती समाज और आदिवासी गौंड समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण, भुइयांडीह धोबीघाट में रजक समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण, टुईलाडुंगरी स्थित बुढ़िया माई मंदिर परिसर में एक हॉल का निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन, गोलमुरी देशाउली में चहारदीवारी का निर्माण के साथ ही पूर्वी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और नाली आदि शामिल हैं। इसके उपरांत श्री राय ने अपनी विधायक निधि से 3.80 लाख की लागत से बिरसानगर के शिशु मंदिर परिसर में साइकिल स्टैंड का भी उद्घाटन किया।

## टाटा स्टील फाउंडेशन को मिला ब्रिज स्टोन मोबिलिटी सोशल इंपैक्ट अवार्ड्स

- टाटा स्टील फाउंडेशन को उनके प्रोजेक्ट 'मस्ती की पाठशाला' के लिए जूरी की विशेष सिफारिश मिली

खबर मन्त्र ब्यूरो



अवार्ड लेते फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**पुणे/ जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स 2024 में जूरी की प्रशंसा प्राप्त की। ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स (एमएसआईए)ब्रिजस्टोन इंडिया की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और सतत मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। ये पुरस्कार उन नवाचारों की पहचान, मान्यता और प्रोन्नति करने के लिए हैं जो सामाजिक मुद्दों को संबोधित करते हैं और गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से सामाजिक विकास को आगे बढ़ाते हैं। इन पुरस्कारों के चौथे संस्करण में 100 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं और सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के लिए मोबिलिटी और ह्यसंसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच श्रेणियों के अंतर्गत विजेताओं का चयन किया गया। ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक हिरोशी योशिजाने ने कहा, 'ब्रिजस्टोन का मिशन 'सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ समाज की सेवा करना' इस बात पर आधारित है कि हम अपने आस-पास के लोगों और समुदायों के लिए किस तरह योगदान करते हैं।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 29.36 करोड़ राशि की कुल 154 योजनाओं का किया शिलान्यास

- कहा, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा विकास के मामले में राज्य में बेंचमार्क

खबर मन्त्र ब्यूरो



योजनाओं का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** नगर विकास एवं 15 वें वित्त आयोग के मद से क्रियान्यवित जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम के द्वारा 29.36 करोड़ रुपये राशि की कुल 154 योजनाओं का शिलान्यास कदमा में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया, जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से चयनित योजनाओं में सड़क, नाली, कलवर्ट, पेवर्स ब्लॉक पथ, शौचालय निर्माण इत्यादि योजनाएं शामिल हैं। मौके पर मंत्री ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरा संकल्प हैं, बिजली पानी के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी नागरिकों को मिले इसके लिए नए योजनाओं को बनाकर क्षेत्र का विकास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों के मामले में पूरे राज्य में एक बेंचमार्क बन कर उभरा है।

## डॉ अजय ने किया ऑटो चालकों के बीच ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने शनिवार को साकची ऑटो स्टैण्ड में ऑटो चालकों के बीच ड्राइविंग लाइसेंस के लिए किए गए ऑनलाईन आवेदन की कॉपी का वितरण किया। मौके पर डॉ अजय कुमार ने कहा कि जमशेदपुर शहर में ऑटो यातायात व्यवस्था का प्रमुख साधन है। ज्यादातर ऑटो चालक गरीब है। उनके पास इतना समय और पैसा भी नहीं होता है कि वो अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकें। इसलिए जनकल्याण रथ के माध्यम से जरुरतमंद ऑटो चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन भरने से लेकर बनवाने तक का सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत भी हो चुकी है।

# जमशेदपुर एफसी ने 2-0 से इस्ट बंगाल एफसी को रौंदा

खबर मन्त्र ब्यूरो








जीत का जश्न मनाते जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ी और मैच के दौरान रोमांचक भिड़ंत का दृश्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने भारतीय कोचों की जंग जीतकर ईस्ट बंगाल एफसी की मुश्किलें बढ़ाई, जब मेजबान टीम ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी 2-0 से हरा दिया। रेड माइनर्स की जीत में जापानी मिडफील्डर रे ताचिकावा के 21वें मिनट में और 70वें मिनट में ईस्ट बंगाल के राइट-बैक लाल चुंगनुंगा के आत्मघाती गोल की भूमिका रही। जमशेदपुर के गोलकीपर एल्विरो गोम्स को पेनल्टी किक समेत कई शानदार बचाव करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आज रेड माइनर्स की शानदार जीत से हेड कोच खालिद जमील निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। जमशेदपुर एफसी चार मैचों में तीन जीत और एक हार से नौ अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ईस्ट बंगाल के लिए मुसीबतें समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट की विदाई के बाद अंतरिम कार्यभार संभाल रहे बिनो जॉर्ज रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड को प्रेरित नहीं कर पाए। उसकी लगातार हार का सिलसिला चार मैचों तक पहुंच गया है और वो तालिका में सबसे निचले 13वें स्थान पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 21वें मिनट में आया, जब जापानी मिडफील्डर रे ताचिकावा ने जमशेदपुर एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। लेफ्ट- विंगर मोहम्मद सनन का शॉट ईस्ट बंगाल के स्पेनिश सेंटर-बैक हेक्टर यूस्टे से ब्लॉक हो गया और गेंद रिबाउंड पर पीछे बायीं ओर मौजूद ताचिकावा के पास पहुंची।

---

## एक नजर में

### समारोह के चौथे दिन हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव सप्ताह 2024 के चौथे दिन स्कूली बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। इसमें त्रिशा शर्मा ने मकाऊ के रूप में सजकर कैटेगरी क (नर्सरी और लोअर केजी) में विजेता बनी, जबकि दिव्या महतो ने कैटरपिलर के रूप में कैटेगरी क(अपर केजी और कक्षा 1) में जीत हासिल की। ये बच्चे क्रमशः मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल और केरला पब्लिक स्कूल, गम्हरिया से थे। कार्यक्रम का मूल्यांकन सोनिया भाटिया, मीता घोष, सत्यजीत सिंह और डॉ सीमा रानी ने किया।

### वरिष्ठ कांग्रेसी अखिलेश बने कांके विस प्रभारी



**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 33 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा प्रभारी का मनोनयन किया है जो जनसंवाद लक्ष्य-2024 को सफल बनाने तथा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बूथ कमेटियों को मजबूत करने का काम करेंगे। जमशेदपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अखिलेश सिंह यादव को कांके विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। अपने मनोनयन पर अखिलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आभार जताया।

### यशोदा नगर में विधायक मंगल का हुआ स्वागत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के गोविंदपुर क्षेत्र के यशोदा नगर में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर और गोविंदपुर रेलवे फाटक के पास काली मंदिर के सामने से साई मंदिर होते हुए दयाल सिटी, मीठू कर्मकार के घर से प्राथमिक विद्यालय छोटा गोविंदपुर बस्ती होते हुए तारिणी गोप के घर तक, सुभाष दास के घर से बड़ा गोविंदपुर बस्ती बिरसिंह हेंब्रम के घर तक, जीतेन गोप के घर से लम्पाघुटू केनाल तक, बजरंग नगर से पटेल पथ, लक्की स्टूडियो होते हुए यशोदा नगर मुख्य गेट तक लगभग 3 करोड़ से पथ निर्माण कार्य। (लं-4.500 कि०मी०) की स्वीकृति मिलने पर और टेंडर प्रक्रिया में आने पर आज क्षेत्र के लोगों ने जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी का स्वागत किया और उनका आभार प्रकट किया।

### मतदाताओं से घर-घर संपर्क करेगी भाजपा : जटाशंकर



**जमशेदपुर।** शनिवार को खरसावां विधानसभा के खरसावां नगर तथा खरसावां पूर्व मण्डल की संयुक्त बैठक विधानसभा प्रभारी डॉ जटा शंकर पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें भाजपा द्वारा संचालित गोगो योजना का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया। सभी बूथ अध्यक्ष से आग्रह किया गया कि जितना जल्दी हो सके सभी मतदाता से संपर्क कर जो भी त्रुटि हो उसे जल्द से जल्द ठीक कराये। जटा शंकर ने कहा कि झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए खरसावां विधानसभा को जीतना अतिआवश्यक है। खरसावां विधानसभा भाजपा के स्थापना काल से ही भाजपा का गढ़ रहा है। इस विधानसभा का प्रत्यानिधित्व देवी लाल मटिसोई, मंगल सोइ के साथ साथ प्रदेश के यशस्वी पूर्व मुखमंत्री तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कर चुके हैं। बैठक में पूर्व विधायक मंगल सोय, पूर्व विधायक जवाहर बनरा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजय महतो भाजपा नगर अध्यक्ष नयन नायक, खरसवां पूर्व के अध्यक्ष होपना सोरेन, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल सिंह सोय नगर प्रभारी दुलाल स्वासी, पांडव प्रधान आदि भी उपस्थित थे।

### गणिनाथ सेवा संस्थान में महिलाओं ने खेला डांडिया



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के शुभ अवसर पर गणिनाथ सेवा संस्थान गोलमुरी के महिला सदस्यों द्वारा डांडिया कार्यक्रम का सुंदर आयोजन किया गया। जिसमें समाज के महिलाओं एवं बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं माता रानी के भक्तिमय गीतों पर सुन्दर नृत्य किया। कार्यक्रम को महिला सदस्यों ने मिल-जुल कर सफल बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुजाता गुप्ता, बबली देवी, रीता गुप्ता, दुर्गा शाह, अनीता प्रसाद, अनीता देवी, सुषमा गुप्ता, सारिका गुप्ता एवं अन्य महिला सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कटिहार में रोजगार मेला : 989 युवाओं को डायरेक्ट प्लेसमेंट, 326 को कौशल प्रशिक्षण

एजेंसी

**कटिहार।** जिले के आदर्श मध्य विद्यालय बरारी में शनिवार को रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य था।

इस कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक इंद्रशेखर इंदु, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला स्तरीय जीविका प्रबंधक अमित सागर, अनुराधा चंद्रा, ओमप्रकाश, रूपेश कुमार, राकेश पांडे, और प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार सिंह सहित कई अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जीविका दीदियों ने अतिथियों का अभिवादन अंग वस्त्र और पौधा प्रदान करके किया, जो जल जीवन हरियाली कार्यक्रम को भी बढ़ावा देने का प्रयास था। जीविका दीदियों ने स्वागत गीत और चेतना गीत गाकर सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक इंद्रशेखर इंदु ने कहा कि जीविका का प्रयास हमेशा से विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर गरीबी से निजात दिलाने के लिए रहा है।



उन्होंने कहा कि बिहार के बदलाव में जीविका का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है और आज जीविका दीदी सशक्त होकर अपने परिवार और समाज का मान बढ़ा रही हैं। रोजगार प्रबंधक अमित सागर ने रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि जीविका का प्रयास हमेशा से विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर गरीबी से निजात दिलाने के लिए रहा है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें आमदनी, ईएफओएस, नव भारत फर्टिलाइजर, एलएनजे स्किल्स, टीडीएस प्लेसमेंट, गार्डियन ट्रेनिंग, बजबर्क फाउंडेशन, शिव शक्ति एग्रीटेक, अरविंद टेक्सटाइल, टेनीशियस सर्विस, अमिगो प्लेसमेंट, एससीएम गारमेंट्स, इन्फो वेली, होप केयर सर्विस शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा 989 युवाओं का डायरेक्ट प्लेसमेंट और 326 युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी युवाओं से पंजीकरण केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

## प्रमोद कुमार बने मझिआंव अंचल के नये सीओ

**मझिआंव।** अंचल के नये अंचल पदाधिकारी के रूप में चतरा जिला के कान्हा चट्टी के अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने शनिवार को प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान अंचल पदाधिकारी शम्भू राम ने उन्हें प्रभार सौंपा।

## नए सीओ प्रशांत ने किया पदभार ग्रहण

**केतार।** शनिवार को केतार प्रखंड मुख्यालय में नए सीओ के रूप में प्रशांत कुमार ने वर्तमान बीडीओ सावित्री कुमारी से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नये सीओ ने कहा कि अब अंचल से संबंधित जो भी कार्य पेंडिंग होगा, उसे तत्काल निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा।

# बिहार के अररिया में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक कागजातों की जांच में धराया

एजेंसी

**अररिया।** बिहार के अररिया में बीते तीन साल से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को मुखिया ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। तीन साल पहले भारतीय सीमा को लांघकर बिहार के अररिया में प्रवेश करने वाले नवाब ने भारत के सरकारी सिस्टम के साथ जमकर खिलवाड़ किया। न केवल वह भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर अवैध तरीके से रहते हुए भारत में निकाह की।बल्कि आधार कार्ड से लेकर वोटर आई कार्ड भी बना डाला। सबसे ज्यादा ताज्जुब की बात यह है कि उसने चार माह पहले बनवाए आधार कार्ड में अपने पिता के नाम के स्थान पर अपने चचिया ससुर का नाम अंकित करवाया। मतदाता पहचान पत्र में बांग्लादेशी नागरिक ने अपने पिता के नाम पर अपनी पत्नी का नाम रंगीला खातून अंकित करवाया,जो खुद में एक सवाल है कि आखिर कैसे मतदाता पहचान पत्र में पिता या पति के नाम के बदले पत्नी का नाम अंकित किया गया। भारत में तीन साल से अवैध रूप से रह रहे नवाब आखिरकार कागजात



वेरिफिकेशन के दौरान पकड़ा ही गया। दरअसल बांग्लादेश के चापा नवाबगंज जिला के रहने वाले नवाब भारतीय होने के अपने और अधिक मजबूत आधार को तैयार करने के लिए पासपोर्ट अप्लाई किया था और पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए उनका डॉक्यूमेंट नगर थाना आया था। जहां नगर थाना पुलिस द्वारा स्थानीय मुखिया से पहले वेरिफिकेशन करवाकर लिखवाने की नसीहत देते हुए कागजात देकर भेज दिया। नवाब अपने कागजात वेरिफिकेशन के लिए रामपुर कोदरकट्टी की मुखिया पम्मी देवी के पास पहुंचा। कागजात अवलोकन के दौरान मुखिया को शक हुआ तो उन्होंने अपने पति राजेश सिंह से सारा वाक्या शेयर की।

## आवास निर्माण में गड़बड़ी की मामला आया सामने

रमना। प्रधानमंत्री आवास योजना का सोशल ऑडिट वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक का कार्य पूर्ण कर शुक्रवार को प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में प्रखंड द्वारा प्रतिनियुक्त एक कर्मी, पंचायत समिति सदस्य और ग्रामीण की न्यायिक पैनल में जनसुनवाई की गई।

## पेज एक का शेष

### नारीशक्ति झामुमो के ...

भाजपा को महिलाओं की चिंता नहीं : कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद कई मुख्यमंत्री बने, लेकिन किसी ने भी आधी आबादी के बारे नहीं सोचा। तब की भाजपा सरकार को महिलाओं की कभी चिंता ही नहीं रहा। पहली बार हेमंत ने महिलाओं के सम्मान के लिए योजना बनायी। अब इसे रोकने को ले कर भाजपावाले साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा की भाजपा सिर्फ जुमले बाजी करती आ रही है। उसका कार्य सिर्फ कागजों पर ही होता है, धरातल पर नहीं। उन्होंने कहा की आने वाले विस चुनाव में झामुमो और इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और सरकार हमारी बनेगी।

### भाजपा के झांसे...

झूठा फार्म भरवा रही भाजपा : हेमंत सोरेन ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा वाले 2100 रुपये देने के लिए झूठा फॉर्म भरवा रहे हैं। उनसे पूछिये कि ओड़िशा में कितना दे रहे हैं। ये लोग झूठा आश्वासन, झूठा राशन देने में आगे रहते हैं। इन लोगों ने कहा था कि विदेश से काला धन लेकर आयेंगे और सबके खाते में 15-15 लाख रुपये डालेंग। उनकी ये घोषणा जुमला साबित हुई।

**महिलाओं को 3-3 लाख देंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनियों पर झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार हमें दे देती है तो राज्य सरकार हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण हमने माफ किया है। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया साथ ही 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गयी। झारखंड ऐसा पहला राज्य है, जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू है। यह योजना इतनी प्रभावकारी रही कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### युवाओं को हर...

**घर साकार योजना :** भाजपा राज्य में घर साकार शुरू करेगी, जिसके तहत झामुमो सरकार के कुशासन को सुधारने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध करायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण करायेगी। इसके अतिरिक्त, 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

भाजपा और पीएम मोदी सरकार में मां बहनों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। इससे महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में सीटें आरक्षित हुईं। सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की। महिलाओं को मुफ्त में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया। भाजपा ने स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत अभियान चलाया। गरीबों को पीएम आवास का घर दिलाया। पीएम मातृ गरीब योजना, लखपति दीदी योजना और जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाता खोला गया। बीजेपी ने छात्रों को साइकिल देना प्रारंभ किया। ऐसी कई योजनाओं से भाजपा ने देश और राज्य का विकास किया है। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इन योजनाओं का उदाहरण सिर्फ इसलिए रखा गया ताकि लोगों को न लगे कि हेमंत सोरेन जो अभी योजनाएं ला रहे हैं उसको देखकर भाजपा ये योजनाएं लागू कर रही है। मौके पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा,प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे।

## राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है बाबा खोंहर नाथ महोत्सव : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के गिजना गांव स्थित प्राचीन बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आगामी 8 अक्टूबर को खोंहर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में पूजा अर्चना, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर की गायिका कल्पना पटवारी सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मानभूम छऊ नृत्य कला केंद्र सिल्ली रांची के कलाकार मानभूम छऊ नृत्य, सुबोध प्रमाणिक एवं टीम रांची द्वारा पाईका नृत्य, सुखराम पाहन एवं टीम खूंटी द्वारा मुंडारी लोकगीत, नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर पर्यटन, कला संसति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की सूची में शामिल है। खोंहर महोत्सव राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है। यह कार्य प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही मान्यता प्रदान कर दी जाएगी।

## मंत्री मिथिलेश पहुंचे अन्नराज डैम, एनडीआरएफ की टीम को अभियान तेज करने का दिया निर्देश



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शनिवार को अन्नराज डैम पहुंचे। अन्नराज डैम पर पहुंचकर मंत्री ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मौजूद एनडीआरएफ की टीम से तलाशी अभियान की जानकारी ली। साथ ही मंत्री ने तलाशी अभियान को और तेज करने के निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। साथ ही बोट संचालकों को सावधानी बरतने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने डैम में बोटिंग के लिए पहुंचने वाले सभी लोगों से सावधानी बरतने, बगैर लाइफ जैकेट के बोटिंग नहीं करने की अपील की। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी पिंटू कुमार अपने दोस्तों के साथ अन्नराज डैम में बोटिंग करने गया था। बोटिंग के दौरान वह अन्नराज डैम में डूब गया। दो दिन बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ़ की टीम डैम में लगातार पिंटू की तलाश कर रही है।

## नौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**भवनाथपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार को पंडरिया एवं अरसली दक्षिणी पंचायत में करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से दो पथ निर्माण योजनाओं की आधारशिला रखी। पंडरिया के धनीमंडरा मुख्य पथ से लेकर कामेश्वर पासवान के घर होते हुए विश्वनाथ बियार के घर तक पौने दो किमी सड़क तथा अरसली दक्षिणी मुख्य पथ से चेरवाडीह, हेसलदाग, अकेलवा होते हुए बैगाडीह देवी मंडप तक पांच किमी बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक भानु की उपस्थिति में दोनो पंचायतों के रामचंद्र व रामनाथ साव के हाथों नारियल फोड़कर कर शिलापट्ट का अनावरण कर कराया।

## बीडी प्रसाद के सौजन्य से सड़क निर्माण कार्य शुरू

**कांडी।** प्रखंड के लमारी पंचायत अंतर्गत नवडीहा टोला में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के सौजन्य से मोरम मिट्टी से सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत की गई।

### शपथ पत्र

मैं पूनम कुमारी पति- प्रेमशंकर, पता- फ्लैट नंबर- 2डी, श्री साईं अपार्टमेंट ब्लॉक चौक, डेविस बागान के सामने कांके रांची, झारखंड की रहनेवाली हूं। शपथ पूर्वक कहती हूं कि काजल शंकर मेरी बेटी है। जो अब वह दिव्यंका गुप्ता के नाम से जानी जायेगी।
शपथ पत्र संख्या- 656
दिनांक- 04.10.2024.

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा

**सूचना**

निदेशालय पत्रांक 1605, दिनांक–04.10.2024 के आलोक में दिनांक 14.10.2024 को समय सुबह 10:00 से संध्या 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

आठवी उत्तीर्ण से लेकर Graduate, और तकनीकी योग्यताधारी– ITI, डिप्लोमा, B Tech एवं कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने Aadhar Linked Mobile Number, Pan Card/ Aadhar/ Driving Licence, एक पासपोर्ट साइज फोटो, Email id एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक पत्रो के साथ भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
–सह–
सहायक शिक्षुता सलाहकार चतरा।

PR 338119 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना :–**

राज्यादेश सं0 04 रा(वि0) दिनांक 30/05/2024 के आलोक में एतद् द्वारा खूँटी जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु अद्योहस्ताक्षरी को तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजनान्तर्गत जलाशयों एवं आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल) तथा ग्रास कार्प के औसतन तीन इंच आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण दिनांक 14/10/2024 तक कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750/– रूपये प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500/– रूपये प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

**मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्ता को (मत्स्य बीज उत्पादक) जलाशयों/आर0एफ0एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ्य अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिका तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण यथा खाता सं0, खेसरा सं0 जलक्षेत्र/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता के साथ कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके। विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अद्योहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज (मत्स्य स्पॉन) आपूर्ति की गई, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
4. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकाओं को रदद् अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किये जाएँगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 338099 Fish(24-25)#D

### कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

**अतिअल्पकालिन निविदा आंमत्रण सूचना सं0 09/2024–25 (2nd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत सफाई कार्य एवं कुड़ा उठाव कार्य को ध्यान में रखते हुए **Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle** का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा की जानी है। उपरोक्त आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता/उत्पादक/निर्माणकर्ता से दिनांक 15.10.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना निविदा नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदादाता से प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदादाता को आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 15.10.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही संयत्रों की आपूर्ति ली जायेगी। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle with Registration and all Complete Charging System (For Garbage Collection)** SPECIFICATION:- Speed Max. -50 km/h, Category of Vehicle- L5N Max Engine Power- 16hp@2920 RPM, Max Engine Torque- 50, Battery Type, Volt - Li Ion, 48V lilon P 48V Wheel Base(mm)-2200, Vehicle Dimensions (LXBXH) mm- 3425X1460X1755,Cargo Dimensions(LXBXH)mm - 1828X1397X278,Gross Vehicle Weight - 998 kg, Kerb Weight-492 kg, Battery Capacity- 10.24 kwh(200AH), Charging Time- 4 Hrs, Size of Front and Rear Tyre-4.5-10.8 PR, Pay Load- 506, Type of Steering- Handle Bar,Chassis Certification - ARAI, Type of Tipper-Garbage Tipper, Type of Chassis Frame- Ladder Type frame with Independent Suspension, Type of Chassis- Ladder Type, Type of Fuel- Electric Power Pack, Motor/ Engine- 3phase induction Ground Clearance-180 mm, Type of BIS MARKED vehicle tyre- Tube Radial, Chassis Transmissions System - Direct Driveability, Suspension Rear- Rubber spring & Hydraulic, Tipper Container Capacity-1.5 cum, Warranty Time- 3 year/80000 kms | 10 Pcs | 5000.00 | 296000.00 | |

**नियम एवं शर्त**

1. निविदादाता को निविदा के साथ अध्यतन आयकर प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्श का आयकर एकनॉलेजमेन्ट एवं पैन कार्ड), फर्म का ऑडीट रिर्पोट (विगत तीन वर्श का UDIN No के साथ), Turnover प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्श का UDIN No के साथ) अध्यतन GST से संबंधित रजिस्ट्रेशन (3B Return) का प्रमाण पत्र वर्त्तमान में सरकार द्वारा जो लागु हो जमा करना अनिवार्य होगा, विगत 02 वर्शों का कार्यादेश की प्रति, ISO-9001 का प्रमाण पत्र, प्रतिश्ठित प्रतिठान का प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले संयत्रों के दो वर्श तक रख–रखाव (Warranty and Service Support) का प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग, फर्म का OEM Annual Turnover (300 Crore से अधीक होना अनिवार्य है) का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को फर्म के काली सूची में नहीं होने का शपथ पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निविदा के साथ निविदा शुल्क की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन की राशि का Bank Draft/Bank Guarantee जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सभी कर (Tax) की कटौती की जायेगी। निविदादाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर उपरोक्त संयत्रों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. निविदादाता को उपरोक्त निर्धारित मापदण्डों के अनुसार संयत्रों की आपूर्ति नही किये जाने पर आपूर्तिकर्ता को काली सूची में डालते हुए नियमानुसार कारवाई की जायेगी।
7. बिना कारण बताये उपरोक्त निविदा को पूर्णरूपेण या आंशिक रूप से रद्द करने या स्थगित करने का अधिकार प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार को सुरक्षित रहेगा। जिन्हे कही भी चुनौती नहीं दी जायेगी।
8. निविदादाता द्वारा उपरोक्त आपूर्ति किये जाने वाले सयत्रों में " **जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट**" का **LOGO** लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी भी प्रकार की न्यायिक प्रक्रिया लातेहार न्यायालय में विचारणीय होगा एवं सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 338106 Urban Development(24-25)#D

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 | Regd. No. D.L.-33004/99

### भारत का राजपत्र
### The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ–04102024–257690
CG-DL-E-04102024-257690
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड 3- उप–खण्ड (ii)
PART II- Section 3- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3953] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 1, 2024/आश्विन 9, 1946
No. 3953] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 1, 2024/ASVINA 9, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 1 अक्टूबर, 2024

**का.आ. 4312(अ)**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **1214 तारीख 11 March 2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के दुमका जिले के गाँव– दुधानी, नारगंज, सरडीहा, बाघमारा न0 30, जाराकुरवा ,तालुक–जरमुन्डी में **NH-114A** के **कि.मी. 85+081 से कि.मी. 130+240** तक के भूखण्ड के चार लेन के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"06.07.2024"** को **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** और **"खबर मन्त्र"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

झारखंड राज्य के दुमका जिले के गाँव–दुधानी, नारगंज, सरडीहा, बाघमारा न0 30, जाराकुरवा, तालुक–जरमुन्डी में **NH-114A के कि.मी. 85+081 से कि.मी.130+240** के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

**जिला : दुमका**
**https://egazette.gov.in**
**प्रकाशन तिथि: 01/10/2024**
**https://egazette.gov.in**
**https://bhoomirashi.gov.in**

फाइल नंबर: NHAI/PD/PIU/DEOGHAR/NH-114A/3D
अभय जैन, उप. सचिव

**नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।**

स्पीड न्यूज

### कांग्रेस से 10 लाख महिलाएं जुड़ेंगी : लांबा

**नयी दिल्ली।** महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा है कि आधी आबादी को हक देना कांग्रेस की प्राथमिकता है जिसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं कांग्रेस से जुड़ रही है और उनका लक्ष्य दिसंबर तक 10 लाख महिला सदस्य बनाना है। लांबा ने शनिवार कोपार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर एक पखवाड़ा पहले उनके संगठन ने महिला सदस्यता बनाने के अभियान की शुरूआत की थी और अब तक दो लाख से ज्यादा महिलाएं कांग्रेस से जुड़ गई है। इससे उत्साहित होकर उन्होंने दिसंबर तक 10 लाख महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### फिल्म तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल करेंगी कंगना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल निभाती नजर आ सकती हैं। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म तनु वेड्स मनु वर्ष 2011 में रिलीज हुई थी। इसकी दूसरी किस्त तनु वेड्स मनु रिटर्न्स वर्ष 2015 में प्रदर्शित हुयी।दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया। दोनों फिल्म में कंगना रनौत और आर. माधन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।अब दर्शकों को इसकी तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार है। तनु वेड्स मनु 3 की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू होने की संभावना है।

### अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। योगी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। दोषियों को जल्द से जल्द सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि गुरुवार शाम को शिवरतनगंज इलाके में बेखौफ बदमाशों ने एक शिक्षक, उसकी पत्नी व दो बेटियों की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात के पीछे किसी मुकदमे की रंजिश बताई जा रही है।

### मेघालय में भूस्खलन से 10 लोगों की मौत

**शिलांग ।** मेघालय के गारो हिल्स में दो अलग-अलग भूस्खलनों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार आधी रात से भारी बारिश हो रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि भारी बारिश और भूस्खलन ने क्षेत्र के सभी पांच जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। दक्षिण गारो हिल्स जिले के हातियासिया सोंगमा गांव में सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गांव में तीन महिलाओं समेत सभी सात लोग भूस्खलन के कारण दब गए थे। पश्चिमी गारो हिल्स के दालू में तीन और ग्रामीणों की जान चली गई है। कुल 10 लोगों की मौत हुई है।

### इंडिगो का बुकिंग हुआ फेल, कई उड़ानें बाधित

**नयी दिल्ली।** एयरलाइंस इंडिगो का सिस्टम शनिवार को तकनीकी कारणों से बेहद धीमी गति से काम कर रहा है। इंडिगो के पूरे नेटवर्क में यह समस्या आई है। कंपनी के बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ी के चलते उड़ान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस वजह से एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन की बुकिंग प्रणाली दोपहर 12 बजे से प्रभावित होनी शुरू हुई, लेकिन करीब एक घंटे बाद 1.05 बजे परिचालन फिर शुरू हो पाया।

# हरियाणा में कांग्रेस की वापसी, जम्मू-कश्मीर में किसी को बहुमत नहीं

## एग्जिट पोल

एजेंसी

हरियाणा / जम्मू और कश्मीर

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | जजपा+ | इनेलो+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| आज तक सी वोटर | 20-28 | 50-58 | 0-2 | - | 10-14 |
| पीपल्स पल्स | 20-32 | 49-61 | 0-1 | 2-3 | 3-5 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 21 | 59 | 02 | 04 | 04 |
| रिपब्लिक पी- मार्क | 27-35 | 51-61 | - | 3-6 | - |
| पोल स्ट्रैटजी | 23-33 | 53-63 | - | - | 3-5 |
| जिस्ट TIF रिसर्च | 29-37 | 45-53 | - | 0-2 | 4-6 |
| ध्रुव रिसर्च | 27 | 57 | - | - | 06 |
| एक्सिस माय इंडिया | 23 | 59 | - | 2 | 6 |

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है। दूसरी तरफ, अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है। हरियाणा में शनिवार को सभी 90 सीट के लिए मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में सभी 90 सीट के लिए मतदान हुआ था। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 55-62 सीट तथा भाजपा को 18-24 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। इस सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) को तीन से छह तथा जननायक जनता पार्टी (जजपा) को शून्य से तीन सीट मिल सकती हैं तथा अन्य के खाते में दो से पांच सीट जा सकती हैं। एक मीडिया संस्थान के सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा में कांग्रेस को 44-54 सीट तथा भाजपा को 19-29 सीट मिल सकती है। इनेलो को एक से पांच तथा अन्य को चार से छह सीट मिलने का अनुमान है।

इंडिया टुडे-सी वोटर के एग्जिट पोल में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में बहुमत के करीब पहुंच सकता है। इस गठबंधन को 40-48 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है तथा भाजपा के खाते में 27-32 सीट जाने की संभावना जताई गई है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को छह से आठ सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा को 28-30 सीट मिल सकती हैं तथा नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के खाते में 31-36 सीट जा सकती हैं। इस सर्वे में पीडीपी को पांच से सात तथा अन्य को आठ से 16 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। एक मीडिया संस्थान के सर्वेक्षण में संभावना जताई गई है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को 35 से 40 और भाजपा को 20-25 सीट मिल सकती हैं। इसमें पीडीपी को चार से सात और अन्य को 12-16 सीट मिलने का अनुमान है।

### हरियाणा में सीएम चेहरा बदलने का दांव बेअसर

हरियाणा में बीजेपी का चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने का दांव पूरी तरह से फेल नजर आया। पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। पार्टी के इस कदम को एंटी इन्कंबेसी को खत्म करने के रूप में देखा गया। हालांकि, पार्टी का यह दांव कामयाब होता नहीं दिख रहा है। प्रदेश सरकार को लेकर हरियाणा में लोगों की नाराजगी की खबरें लगातार आ रही थीं। एग्जिट पोल के नतीजों ने इस बात को पुख्ता कर दिया है। बीजेपी यहां पिछले 10 साल से सत्ता में थी। ऐसे में पार्टी की हार के पीछे सत्ता विरोधी लहर को अहम फैक्टर माना जा रहा है। प्रदेश की जनता बीजेपी शासन के कामकाज से नाखुश दिख रही थी। ऐसे में पार्टी में बीजेपी को तीसरी बार मौका नहीं दिया। इसके अलावा पार्टी को जाटों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में इसकी झलक

### सत्ता विरोधी लहर के साथ जाटों की नाराजगी

दिख गई थी। इसके बावजूद पार्टी की तरफ से इससे निपटने के प्रयास नाकाफी साबित हुए। राज्य के पहलवानों के साथ जिस तरह से जंतर-मंतर पर सलूक हुआ उसका असर भी चुनाव में देखने को मिला। राज्य में पहलवानों के अनदेखी बीजेपी को भारी पड़ी। इसके साथ ही ओलंपिक में विनेश फोगाट को लेकर जिस तरह की बयानबाजी देखने को मिली उससे बीजेपी के खिलाफ हवा बनाने में मदद की। किसान आंदोलन को लेकर बीजेपी का रुख और केंद्र सरकार का रवैया बीजेपी की हार की अहम वजह में से एक है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार किसानों के मुद्दे पर सरकार बुरी तरह से असफल रही। जानकारों के अनुसार बीजेपी ने किसानों के आंदोलन को बिल्कुल असंवेदनशील तरीके से दबाने की कोशिश की।

# पोखरण में कम दूरी की स्वदेशी मिसाइल का परीक्षण सफल

## एडवांस शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस की तीन उड़ानों का किया गया परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने तकनीकी रूप से एडवांस शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस की तीन उड़ानों का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा गुरुवार और शुक्रवार को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में उड़ानों के टेस्ट किए गए।

टेस्टिंग तेज गति से आ रहे लक्ष्यों के विरुद्ध किए गए, जिसमें अधिकतम सीमा और अधिकतम ऊंचाई पर इंटरसेप्शन के बेहद महत्वपूर्ण मापदंडों को हासिल किया गया।

इन परीक्षणों में विभिन्न परिस्थितियों में लक्ष्य को भेदने और मार गिराने की हथियार प्रणाली की क्षमता प्रदर्शित की गई। इसमें अपनी ओर आ रहे लक्ष्य, दूर जा रहे लक्ष्य



और ऊपर से क्रॉस कर रहे लक्ष्य को भेदना शामिल था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस प्रणाली के मिसाइलों का विकास पूरा हो चुका है और दो उत्पादन एजेंसियों के साथ विकास सह उत्पादन भागीदारी (डीसीपीपी) का करार किया गया है।

**स्वदेशी है सिस्टम का डिजाइन :** इन टेस्टिंग में, डीसीपीपी के माध्यम से बनाई गई मिसाइलों का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप कम समय में प्रारंभिक यूजर परीक्षणों और उत्पादन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस वायु रक्षा प्रणाली को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इसे रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और डीसीपीपी के सहयोग से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

तीनों सेनाएं शुरू से ही इस परियोजना से जुड़ी हुई हैं और विकासात्मक परीक्षणों में शामिल रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल विकास परीक्षणों में शामिल डीआरडीओ, सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों से लैस यह नई मिसाइल हवाई खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को और अधिक तकनीकी बढ़ावा देगी।



चंडीगढ़। हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद नवीन जिंदल घोड़े पर बैठकर मतदान करने पहुंचे । सफेद कुर्ते पाजामे पर नीली जैकेट पहने श्री जिंदल ने मतदान की अपनी तस्वीरें साझा करते हुये सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुये मतदान किया ताकि हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को समन

**मुंबई।** स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर मानहानि मामले में पुणे की एक कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 23 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह समन सावरकर के भतीजे सात्यकि सावरकर की ओर से दायर मानहानि मामले में भेजा गया है। राहुल ने मार्च, 2023 में लंदन में दिए गए एक भाषण में दावा किया था कि सावरकर ने एक पुस्तक में लिखा था कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और सावरकर को इससे खुशी हुई थी।

# पीएम किसान की 18वीं किस्त जारी

**▶▶ 9.4 करोड़ किसानों को 20000 करोड़ रुपये मिला**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कृषि और पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की शुरूआत करते हुए करीब 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक समारोह में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। इसके अलावा लगभग 1,300 करोड़ रुपये के संयुक्त कारोबार वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की शुरूआत की। मोदी ने महाराष्ट्र सरकार की नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना की पांचवीं किस्त वितरित की। पूरे महाराष्ट्र में 19 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ पांच सौर पार्क और मवेशियों के लिए यूनिफाइड जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड वीर्य प्रौद्योगिकी का शुभारंभ भी किया गया। मोदी ने कहा कि राज्य सरकार अपने किसानों को दोहरा लाभ प्रदान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना का भी जिक्र किया। इसमें महाराष्ट्र के लगभग 90 लाख किसानों को लगभग 1900 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। कई दशकों से भारी कठिनाइयों का सामना करने वाले महाराष्ट्र और विदर्भ के किसानों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों को दुखी और गरीब बना दिया था।

### ईरान ने की गाजा और लेबनान में युद्धविराम की पहल

**तेहरान।** ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इजराइल के लगातार हमलों के बीच लेबनान और गाजा में युद्धविराम की पहल की है। उम्मीद है कि इसका सुखद परिणाम होगा। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने शनिवार को अपने क्षेत्रीय दौरे के दूसरे चरण में दमिश्क (सीरिया) पहुंचने पर यह टिप्पणी की। ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी के अनुसार, अराघची कल लेबनान की राजधानी बेरूत पहुंचे। उन्होंने वहां के सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की। उनकी दमिश्क यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में विकास पर बातचीत जारी रखना है। अराघची ने कहा कि वह सीरियाई सरकारी अधिकारियों के साथ पश्चिम एशिया के विकास पर बातचीत जारी रखेंगे।

# डब्ल्यूएचओ ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन को दी मंजूरी

**एचपीवी टीकों की स्थायी आपूर्ति में सुधार करने में योगदान देगा**

एजेंसी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) चौथे प्रीक्वालिफाइड ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन उत्पाद, सेकोलिन को सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए एकल-खुराक अनुसूची में उपयोग के लिए मंजूरी दी है। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी है। डब्ल्यूएचओ के शुक्रवार को कहा कि यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर एचपीवी टीकों की स्थायी आपूर्ति में सुधार करने में योगदान देगा जिससे अधिक लड़कियों तक कैंसर को रोकने वाले टीके पहुंच सकेंगे। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा कि अधिकांश अन्य कैंसरों के विपरीत हमारे पास सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ इसकी दर्दनाक असमानताओं को दूर करने की क्षमता है। हर साल वैश्विक स्तर पर होने वाले 660,000 सर्वाइकल कैंसर के मामलों में से 95 प्रतिशत से अधिक एचपीवी के कारण होते हैं। विश्व स्तर पर हर दो मिनट में इस रोकथाम योग्य बीमारी से एक महिला की मृत्यु हो जाती है और इनमें से 90 प्रतिशत मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं।सर्वाइकल कैंसर से सबसे ज्यादा प्रभावित 20 देशों में से 19 देश अफ्रीका में हैं।

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी जारी

## इजरायल ने आतंकियों के कमांड सेंटर को बनाया निशाना

एजेंसी

**बेरूत।** इजराइल के लड़ाकू विमानों ने शनिवार सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत के अलावा चौइफात और बोरज अल ब्रजनेह में बमबारी की। हिजबुल्लाह आतंकवादियों के कमांड सेंटर को भी निशाना बनाया । इस बीच लेबनान से भी इजराइल के हाइफा पर दो रॉकेट दागे गए। इजराइल की सेना लेबनान के कई हिस्सों पर बम बरसा रही है। वह लगातार ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के बंकरों को ध्वस्त कर रही है। इजराइल ने जमीनी लड़ाई भी छेड़ दी है। ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) के अनुसार, इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह से चौइफात और बोरज अल ब्रजनेह सहित लेबनान की राजधानी के कई इलाकों पर बमबारी की है। इसके अलावा बेदावी शरणार्थी शिविर पर



इजराइली ड्रोन हमले में सईद अताउल्लाह अली और उनकी पत्नी और दो बच्चों की जान चली गई। ड्रोन से एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। हमास ने कहा है कि इजराइल को इन अपराधों का अंजाम भुगतना होगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान में सलाह घंडौर अस्पताल के पास स्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया। यह सेंटर एक मस्जिद के अंदर स्थापित किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि वायुसेना की कार्रवाई से पहले स्थानीय नागरिकों को आगाह किया गया। पिछले चार दिन में आईडीएफ ने लेबनान में 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर 250 हिजबुल्लाह आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें पांच बटालियन कमांडर, ?10 कंपनी कमांडर और छह प्लाटून कमांडर शामिल हैं। इजराइली वायुसेना दक्षिणी लेबनान में खुफिया आधारित अभियानों के दौरान एहतियाती हमले भी कर रही है। कल बेरूत में एक सटीक और खुफिया-आधारित हमले के दौरान हिजबुल्लाह की संचार इकाई का कमांडर मोहम्मद राशिद सकाफी मारा गया। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, आज लेबनान से हाइफा पर दो रॉकेट दागे गए। इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इस बीच इजराइल ने फिलिस्तीनियों से मध्य गाजा के नुसीरत और ब्यूरिज के कुछ क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान किया है। यह आह्वान संभावित सात अक्टूबर की सालगिरह के हमलों की तैयारी के बीच आया है। आईडीएफ का कहना है कि उसके कमांडो ने इजराइली सीमा के करीब हिजबुल्लाह की सुरंगों को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा हिजबुल्लाह के लिए हथियार ले जा रहे ईरानी विमान को वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया गया।

प्रकाशित
